राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 362
लखनऊ, शुक्रवार 4 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नगर पालिका चेयरमैन ने कौशल सुधार प्रशिक्षण का किया शुभारंभ 10
विधानसभाएं केवल कानून बनाने का मंच नहीं 03

## बधाई व अवकाश सूचना

सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरकों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। 04 सितम्बर 2026, शुक्रवार को कार्यालय/संस्थान में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 06 सितम्बर 2026 को प्रकाशित होगा।
-प्रधान सम्पादक

## -: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,55,500/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,42,550/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,16,660/10 ग्राम
चांदी = 2,50,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल त्रासदी में मृतकों की संख्या 1252 पहुंची

**काठमांडू।** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से मृतकों की संख्या बढ़कर 1252 हो गई है, जबकि 4216 लोग अब भी लापता हैं। तिब्बत में 21 लोगों की मौत और 541 के लापता होने की सूचना है। कैरुंग में करीब 1500 नेपाली नागरिक फंसे हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रियों की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। भारत राहत और बचाव अभियान में सहयोग कर रहा है।

### यूपी में 52 रुपये किलो मिल रही चीनी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आम लोगों को 52 रुपये प्रति किलो की दर से चीनी उपलब्ध कराई जा रही है। लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान परिसर स्थित बिक्री केंद्र पर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक खरीदारी की जा सकती है। पांच किलो पैकेट 250 और 50 किलो 2500 रुपये में मिलेगा।

### ईडी ने की 14 जगह छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 100 टोल प्लाजा पर कथित फर्जी टोल वसूली का खुलासा किया है। अनधिकृत मोबाइल अनुप्रयोगों से नकली रसीदें बनाकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आधिकारिक तंत्र से वसूली का विवरण छिपाया जाता था। छह राज्यों और दिल्ली-एनसीआर में 14 स्थानों पर तलाशी ली गई।

### चित्रकूट अमावस्या मेले के लिए विशेष ट्रेनें

**महोबा।** भाद्रपद अमावस्या मेले को देखते हुए रेलवे 10 से 13 सितंबर तक झांसी और चित्रकूट धाम कर्वी के बीच विशेष ट्रेन चलाएगा। ट्रेन झांसी से सुबह 10:10 बजे रवाना होकर दोपहर 1:30 बजे महोबा और शाम 5:45 बजे चित्रकूट पहुंचेगी। वापसी शाम 7:25 बजे होगी।

### 11 सितंबर को बंद रहेंगे केंद्रीय कार्यालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 11 से 13 सितंबर तक होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को देखते हुए दिल्ली और नई दिल्ली स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालय 11 सितंबर को बंद रहेंगे। 12 सितंबर शनिवार और 13 सितंबर रविवार होने के कारण कर्मचारियों को लगातार तीन दिन कार्यालय नहीं जाना होगा। सम्मेलन भारत मंडपम में आयोजित होगा।

## फर्रूखाबाद में बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

# गंगा को करेंगे चैनलाइज

■ हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ प्रभावित इलाकों का लिया जायजा ■ ड्रेजिंग में किसानों की जमीन आई तो मिलेगा मुआवजा

समृद्धि न्यूज, फर्रूखाबाद।

गंगा के उफान से फर्रूखाबाद में पैदा हुई बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब नदी की ड्रेजिंग और चैनलाइजेशन की तैयारी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद कहा कि गंगा की धारा को व्यवस्थित करने की यह परियोजना क्षेत्र की जरूरत है। इससे बाढ़ का फैलाव कम होगा और किसानों की फसल को बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ड्रेजिंग से निकली सिल्ट का इस्तेमाल तटबंध बनाने में किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने सदर, कायमगंज और अमृतपुर तहसीलों में बाढ़ के हालात का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की।

उन्होंने आश्रयहीन परिवारों को भूमि आवंटन के प्रमाण पत्र और आपदा मोचक निधि से राहत राशि के चेक भी सौंपे। पीड़ित परिवारों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार संकट की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है और जरूरत के अनुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

योगी ने कहा कि फर्रूखाबाद को बाढ़ से मुक्त कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने प्रशासन को गंगा की ड्रेजिंग की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि परियोजना में किसी किसान की जमीन आती है तो उसे उचित मुआवजा दिया जाएगा। बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलते ही किसानों के खातों में सीधे सहायता राशि भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ का पानी उतरते ही क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत और स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। 24 घंटे नियंत्रण कक्ष, बाढ़ चौकियां और राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन और रहने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि घरों में सुरक्षित रह रहे प्रभावित परिवारों तक 50 किलो की राहत सामग्री किट पहुंचाई जा रही है। बाढ़ के दौरान जहरीले सांप-बिच्छुओं के खतरे को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्रूखाबाद अब विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ा लिंक एक्सप्रेसवे यहां आ रहा है, जो बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। सड़कों के चौड़ीकरण, ओवरब्रिज और गांवों की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए भी प्रस्ताव मांगे गए हैं।

किसानों और युवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्रूखाबाद कृषि प्रधान क्षेत्र है और आलू किसानों की बड़ी संख्या है। कोल्ड स्टोरेज में रखे आलू पर किसानों के लिए सहायता की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को फसल बीमा, किसान सम्मान निधि और फसलों के लिए खरीद केंद्रों का लाभ दे रही है।



गुरुवार को फर्रूखाबाद में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हेलीकॉप्टर से जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 102 गांव बाढ़ से प्रभावित

मुख्यमंत्री ने फर्रूखाबाद के 102 बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को प्रभावित परिवारों तक लगातार पहुंच बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसी भी स्तर पर चूक होगी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आश्रयहीनों को दी गई जमीन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में आश्रयहीन परिवारों को भूमि आवंटन के स्वीकृति प्रमाण पत्र और आपदा मोचक निधि से 1.20 लाख रुपये की राहत राशि के चेक दिए। सदर तहसील के प्रेमचंद, कुसुम देवी, गिरीश, ज्ञान देवी, मुकेश, रामबरन, रवीश, बृजमोहन, सुआलाल और अरुणेश को मुख्यमंत्री के हाथों यह सहायता मिली।

# 26 डॉक्टर बर्खास्त

## नौ पर विभागीय कार्रवाई का आदेश : ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

एक्शन



■ इलाज में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

प्रदेश सरकार एक ओर डाक्टरों के मानदेय में बढ़ोत्तरी कर रही है और दूसरी ओर लापरवाही बरतने वाले सरकारी डाक्टरों पर कठोर कार्रवाई भी कर रही है। कुछ महीनों से अस्पतालों से गैर हाजिर रहने और मरीजों की चिकित्सा में लापरवाही बरतने पर 26 डाक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

इनमें से आधा दर्जन सर्जन हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ और नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डाक्टर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नौ डाक्टरों को विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के भी आदेश दिये गये हैं। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में तैनात डाक्टरों के लंबे समय से वाह्य रोग विभाग से गैर हाजिर रहने, इलाज में लापरवाही करने जैसी शिकायतों पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अनुपस्थित चल रहे और लापरवाही के आरोपों से जुड़े मामलों की समीक्षा की और दोषी पाये गये डाक्टरों को सेवा मुक्त करने की विभागीय प्रक्रिया पूरी करायी गयी। इसके बाद 26 डाक्टरों को सेवामुक्त कर दिया गया।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन डाक्टरों को सेवामुक्त किया गया, वह फिरोजाबाद, अलीगढ़, गाजीपुर, हरदोई, महोबा, बुलंदशहर, लखनऊ, बलरामपुर, मथुरा, मीरजापुर, झांसी, बरेली, गोरखपुर, सहारनपुर, मुरादाबाद, चंदौली, मैनपुरी, मऊ, सुल्तानपुर और मुजफ्फरनगर के अस्पतालों में तैनात थे। इसके अतिरिक्त इटावा, रामपुर, मेरठ, बदायूं, भदोही, बलरामपुर और गौतमबुद्ध नगर में तैनात नौ डाक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। फिरोजाबाद के कायमगंज सीएचसी के डॉ. स्वदेश कुमार, अलीगढ़ डॉ. वीरेंद्र सिंह, गाजीपुर में स्त्री रोग विभाग डॉ. स्वाती विश्वकर्मा, हरदोई में रेडियोलाजिस्ट डॉ. बृजेश यादव, महोबा में ईएनटी सर्जन डॉ. ईशान दीक्षित, बुलंदशहर की डॉ. स्वाती आनंद, लखनऊ सिविल हास्पिटल के डॉ. मनोज कुमार चौरसिया, हरदोई बावन पीएचसी के डॉ. मो. उज़ाउर रहमान, भटपुर को बर्खास्त किया गया।

## मायावती ने आकाश को फिर लगाया ठिकाने

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



- बसपा में फिर हाशिए पर पहुंचे मायावती के भतीजे
- कहा, अभी परिपक्वता की है कमी
- पहले भी विवादित बयान पर हुई थी कार्रवाई

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले बहुजन समाज पार्टी में एक बार फिर बड़ा उलटफेर हुआ है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से हटा दिया है। मायावती ने आकाश को अभी राजनीतिक रूप से पूरी तरह परिपक्व नहीं मानते हुए, यह फैसला लिया है। चुनावी तैयारियों के बीच हुई इस कार्रवाई ने बसपा के भीतर ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सियासत में भी हलचल बढ़ा दी है।

खास बात यह है कि आकाश आनंद पर मायावती का यह पहला बड़ा चाबुक नहीं है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी उन्हें राष्ट्रीय समन्वयक और मायावती के घोषित उत्तराधिकारी के पद से हटा दिया गया था। मायावती ने 2024 में आकाश को हटाते समय कहा था कि पार्टी और आंदोलन के व्यापक हित में पूर्ण राजनीतिक परिपक्वता आने तक उन्हें दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है।

यह फैसला लोकसभा चुनाव के बीच उस समय आया था, जब आकाश आनंद लगातार चुनावी सभाओं में आक्रामक तेवर के साथ भाजपा पर हमलावर थे। सीतापुर की एक जनसभा में उनके बयान को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि उनके खिलाफ शिकायत भी हुई। इसके बाद मायावती ने उन्हें दिया था। आकाश आनंद की राजनीति की शैली मायावती से काफी अलग मानी जाती है।

## एफ-16 गिराने वाले अभिनंदन ने छोड़ी वायुसेना

एजेंसी, नई दिल्ली।



पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान ने वायुसेना की नौकरी छोड़ दी है। सूत्रों के अनुसार, वह अब निजी विमानन कंपनी एलाइ91 में पायलट के तौर पर नई पारी शुरू कर चुके हैं। बताया गया है कि उन्होंने अगस्त में कंपनी के साथ काम शुरू किया। अभिनंदन के एलाइ91 से जुड़ने की जानकारी समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि, विमानन कंपनी ने उनकी नियुक्ति की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। कंपनी के प्रवक्ता ने कर्मचारियों से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी को निजी मामला बताते हुए इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## स्कूलों में घुसने से पहले लेनी होगी इजाजत

एजेंसी, नई दिल्ली।

सरकारी स्कूलों में बिना अनुमति प्रवेश, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर लगी पाबंदी फिलहाल जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लागू इन प्रतिबंधों को चुनौती देने वाली याचिका पर सीधे सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि मामले को संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे शीर्ष अदालत में नहीं उठाया जा सकता।

याचिकाकर्ता प्रिया मिश्रा ने कहा था कि दोनों राज्यों के शिक्षा विभागों के आदेश से पत्रकारों, यूट्यूब सामग्री बनाने वालों और अन्य बाहरी लोगों के स्कूलों में प्रवेश के साथ फोटो-वीडियोग्राफी, साक्षात्कार और सीधे प्रसारण पर रोक लगाई गई है। इससे स्कूलों की वास्तविक स्थिति सामने लाने और सार्वजनिक निगरानी में बाधा आती है। याचिका में दलील दी गई कि बच्चों की निजता और सुरक्षा जरूरी है, लेकिन इसकी आड़ में स्कूलों की जमीनी हकीकत छिपाना उचित नहीं है। पानी, बिजली, शौचालय और चारदीवारी जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति सामने आना सरकारी जवाबदेही के लिए जरूरी है।

राजस्थान में स्कूल परिसर में प्रवेश और किसी भी तरह की रिकॉर्डिंग के लिए प्रधानाचार्य की लिखित अनुमति अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी जिला शिक्षा अधिकारियों ने बिना पूर्व अनुमति बाहरी लोगों और यूट्यूब सामग्री बनाने वालों के प्रवेश पर रोक लगाई है।



■ प्रवेश पर पाबंदी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

## राम मंदिर में डिप्टी सीईओ की भी होगी नियुक्ति

- ट्रस्ट में प्रवक्ता भी होगा नियुक्त

समृद्धि न्यूज, अयोध्या।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की व्यवस्थाओं को और व्यवस्थित करने के लिए ट्रस्ट प्रशासनिक ढांचे का विस्तार करने जा रहा है। ट्रस्ट में अब संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (डिप्टी सीईओ) की भी नियुक्ति होगी।

नवनियुक्त महासचिव महंत गोविंद देव गिरि ने बताया कि डिप्टी सीईओ के चयन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और उपलब्ध कराए गए पैनल में से आवश्यकता के अनुसार नाम का चयन किया जाएगा। नियुक्ति निकट भविष्य में किए जाने की संभावना है।

राम मंदिर ट्रस्ट ने बुधवार को सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र को मंदिर का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया था। उनके जिम्मे मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने और विभिन्न स्तरों पर समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी होगी।

ट्रस्ट के प्रवक्ता की नियुक्ति फिलहाल टाल दी गई है। लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है।

## दिल्ली जल बोर्ड टेंडर घोटाले में सत्येंद्र जैन को जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) टेंडर से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को गुरुवार को दिल्ली की अदालत से जमानत मिल गई। एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने उन्हें 18 अगस्त को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जैन की जमानत के बाद आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर जैन की गिरफ्तारी को लेकर सवाल खड़े किए। केजरीवाल ने कहा कि आमतौर पर किसी आरोपी को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किए जाने पर पुलिस हिरासत में लिया जाता है।

## जयशंकर से मिले जेलेंस्की, की भारत की तारीफ

- यूक्रेनी राष्ट्रपति बोले- यह युद्ध का नहीं, शांति का समय
- काला सागर में नागरिक जहाजों की सुरक्षा व खाद्य आपूर्ति पर हुई चर्चा

एजेंसी, कीव।



यूक्रेन दौरे पर पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। जेलेंस्की ने भारत के शांति प्रयासों और युद्ध समाप्त कराने की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उसके समर्थन के लिए आभार जताया।

मुलाकात के बाद जेलेंस्की ने सामाजिक मंच एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि उन्होंने जयशंकर के साथ अहम मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ चल रहे युद्ध को खत्म करने की भारत की प्रतिबद्धता के लिए आभारी है। यह युद्ध का नहीं, बल्कि शांति का समय है। उन्होंने कहा कि भारत का रुख बिल्कुल स्पष्ट है और जयशंकर ने कहा है कि दुनिया की अन्य बड़ी शक्तियों भी युद्ध समाप्त करने के लिए स्पष्ट रुख अपनाएंगी। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि एक ऐसी विश्वसनीय शांति स्थापित करने की जरूरत है, जो लंबे समय तक कायम रह सके। उन्होंने दावा किया कि जयशंकर की कीव यात्रा के दौरान रूस ने फिर ड्रोन हमले किए। हालांकि यूक्रेनी लड़ाकू विमानों ने ज्यादातर ड्रोन को मार गिराया और भारतीय प्रतिनिधिमंडल सुरक्षित रहा।

दोनों नेताओं ने काला सागर की स्थिति पर भी चर्चा की।

## जन्माष्टमी की सुबह प्रक्षेपित होगा ईओएस-5

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बार फिर अंतरिक्ष में अपनी ताकत दिखाने के लिए तैयार है। इसरो शुक्रवार तड़के 2:55 बजे पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-05 को अंतरिक्ष में भेजेगा। इसका प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट के जरिये किया जाएगा। यह मिशन भारत की पृथ्वी निगरानी और अंतरिक्ष आधारित सेवाओं के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ईओएस-05 को जियोसिंक्रोनस यानी भू-समकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा। करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद उपग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से पर लगातार नजर रखने में सक्षम होगा।

## भाजपा ने किया प्रदेश में क्षेत्रीय कार्यसमितियों का गठन

- काशी, अवध, ब्रज, कानपुर व गोरखपुर क्षेत्रों में नई टीम घोषित
- चुनाव के मद्देनजर कई क्षेत्रीय नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में संगठन को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए गुरुवार शाम विभिन्न क्षेत्रों की नई क्षेत्रीय कार्यसमितियों की घोषणा कर दी। पार्टी ने काशी, अवध, ब्रज, कानपुर और गोरखपुर समेत प्रदेश के प्रमुख संगठनात्मक क्षेत्रों के लिए नई टीम गठित की है। इसमें कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई क्षेत्रीय कार्यसमितियों में संगठन के अनुभवी नेताओं के साथ ही कई नए चेहरों को भी जगह दी गई है। माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने संगठनात्मक ढांचे को सक्रिय और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। नई जिम्मेदारियां मिलने से क्षेत्रीय स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है। ब्रज क्षेत्र की नई कार्यसमिति का गठन करीब पांच साल बाद किया गया है।

नई टीम में 10 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, चार महामंत्री, 10 मंत्री और 13 सदस्य शामिल किए गए हैं। बरेली की आठ कार्यकर्ताओं को भी नई टीम में स्थान मिला है। इससे क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पॉजिटिव न्यूज

### अर्थव्यवस्था में सुधार का दिखने लगा असर, अगस्त में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 54.1 पर पहुंचा

# सेवा क्षेत्र ने पकड़ी रफ्तार, 15 महीने में सबसे ज्यादा नौकरियां

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सेवा क्षेत्र से अगस्त में राहत भरी खबर आई है। मजबूत मांग और नए कारोबार में तेजी के चलते देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अगस्त में बढ़ीं। इसका असर रोजगार पर भी दिखाई दिया और सेवा क्षेत्र में नौकरी देने की रफ्तार 15 महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। एचएसबीसी इंडिया सेवा क्षेत्र खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के अनुसार, अगस्त में कारोबारी गतिविधि सूचकांक बढ़कर 54.1 हो गया, जबकि जुलाई में यह 53.3 था।

पीएमआई में 50 से ऊपर का आंकड़ा क्षेत्र में विस्तार और 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। अगस्त का 54.1 का आंकड़ा सेवा क्षेत्र में विस्तार जारी रहने का संकेत देता है। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक यह मार्च 2022 के बाद दूसरा सबसे कमजोर विस्तार भी रहा और दीर्घकालिक औसत 54.5 से थोड़ा नीचे रहा।

अगस्त में सेवा कंपनियों को ग्राहकों की मजबूत मांग और विपणन प्रयासों का फायदा मिला। नए कारोबार में जुलाई की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, वृद्धि की रफ्तार पिछले साढ़े चार वर्षों में दूसरी सबसे धीमी रही। कुछ कंपनियों ने कठिन बाजार परिस्थितियों और चुनिंदा सेवाओं में ग्राहकों की कम दिलचस्पी को कारोबार की रफ्तार प्रभावित करने वाला कारण बताया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार से भी सेवा क्षेत्र को सहारा मिला। नए निर्यात कारोबार में अच्छी वृद्धि हुई और यह जुलाई के लगभग समान स्तर पर रहा। ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, जापान, मलेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से मांग बढ़ने की जानकारी सर्वे में शामिल कंपनियों ने दी। हालांकि, निर्यात बिक्री की वृद्धि पिछले वर्ष के औसत से कम रही। सेवा क्षेत्र की सबसे बड़ी सकारात्मक खबर रोजगार को लेकर रही। अगस्त में कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना जारी रखा और नौकरी सृजन की रफ्तार 15 महीने में सबसे तेज रही। सर्वे में शामिल करीब 11 प्रतिशत कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ने की जानकारी दी। कंपनियों ने ग्राहक सेवा, बिक्री और डिजिटल कामकाज को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की जरूरत को इसकी प्रमुख वजह बताया। वहीं, लंबित काम लगातार दूसरे महीने घटा, हालांकि गिरावट मामूली रही।

**11 प्रतिशत कंपनियों ने बढ़ाई भर्तियां :** अगस्त के सर्वे में करीब 11 प्रतिशत सेवा कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ने की जानकारी दी।

**15 महीने का सबसे ऊंचा स्तर :** सेवा क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की रफ्तार अगस्त में 15 महीने में सबसे तेज रही।

**8 देशों से बढ़ी मांग :** ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, जापान, मलेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात से सेवा क्षेत्र को बेहतर निर्यात मांग मिली।

**54.1 पर पहुंचा सेवा पीएमआई :** जुलाई के 53.3 के मुकाबले अगस्त में सेवा क्षेत्र का पीएमआई बढ़कर 54.1 हुआ।

**54.3 रहा संयुक्त पीएमआई :** सेवा और विनिर्माण को मिलाकर संयुक्त पीएमआई अगस्त में 54.3 पर स्थिर रहा।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय बड़ेल का निरीक्षण

- बीएसए व सिडको अभियंता से स्पष्टीकरण तलब
- शेष कार्य समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश



समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कम्पोजिट विद्यालय बड़ेल परिसर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय बड़ेल का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं परिसर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी यू0पी0 सिडको के संबंधित अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शेष निर्माण कार्यों को आवश्यक गति प्रदान करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए तथा विद्यालय का संचालन शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए। संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को नियमित अनुश्रवण एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान परिसर में स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी बंकी के कार्यालय में गंदगी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी बंकी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने तत्काल साफ-सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग के कार्यालयों एवं विद्यालय परिसरों में स्वच्छता एवं मूलभूत व्यवस्थाएं व्यवस्थित रहें तथा संबंधित अधिकारी नियमित निरीक्षण कर इन व्यवस्थाओं का अनुश्रवण सुनिश्चित करें।

# दिव्यांग स्पेशल स्कूल के छात्रों ने मनायी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।



ग्रामोदय दिव्यांग स्पेशल स्कूल में विशेष बच्चों के साथ हर्षोल्लास के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। ग्रामोदय दिव्यांग स्कूल (फतेहगंज, हैदरगढ़) में आज विशेष दिव्यांग बच्चों के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही उत्साह, उमंग और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी अनूठी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर विशेष दिव्यांग बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा, गोप-गोपियों एवं अन्य पौराणिक पात्रों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे इन बच्चों की अनूठी छटा ने वहां मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सुमधुर कृष्ण भजनों और जन्माष्टमी के गीतों पर शानदार सामूहिक व एकल नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों की मासूमियत और उनके अद्भुत उत्साह से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं आनंदमय हो गया।

## खबरें एक नजर में

### बीडीओ ने कम्पोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कम्पोजिट विद्यालय बरौलिया में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होने विद्यालय की समग्र व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।सबसे पहले उन्होने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। परिसर में साफ–सफाई, बाउंड्रीवाल, मुख्य गेट, शौचालय और किचन शेड की स्थिति देखी। शौचालय और किचन में टाइल न होने और बाउंड्रीवाल टूटी होने पर शिक्षको ने इसको दुरुस्त कराने की मांग की,जिस पर बीडीओ ने जल्द ही मरम्मत कार्य और टाइल लगवाए जाने का आश्वासन दिया।इसके बाद खंड विकास अधिकारी सीधे कक्षाओं में पहुंचे।उन्होने बच्चों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय बातचीत की।श्यामपट पर खुद लिखकर बच्चो को पढ़ाया और उनकी शैक्षिक गुणवत्ता को परखा।उन्होने बच्चो से उनके माता–पिता का नाम,गिनती,पहाड़े और जनरल नॉलेज से जुड़े सवाल पूछे।कई बच्चो ने सवालो के सही जवाब दिए, जिस पर बीडीओ ने उनका उत्साहवर्धन किया और शाबाशी देते हुए चॉकलेट भी दी।उन्होने शिक्षको को निर्देशित किया कि बच्चो की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित रूप से अभिभावको से संपर्क किया जाए और विद्यालय मे अनुशासन व साफ–सफाई बनाए रखी जाए।निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक आनंद सिंह,सहायक शिक्षक सौरभ जायसवाल,अरविंद,वेद प्रकाश,नीलम श्रीवास्तव, राजेश,संजय मिश्रा सहित सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

### आवारा कुत्तों से दहशत में ग्रामीण, आधा दर्जन लोगों को किया घायल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** रामपुर भवानीपुर गांव मे आवारा कुत्तो का आतंक है।पिछले 24 घंटे मे एक पागल कुत्ते ने छह से ज्यादा ग्रामीणो पर हमला कर उन्हे घायल कर दिया है।इस घटना के बाद से पूरे गांव में डर का माहौल है।ग्रामीण अपने बच्चो को घरो से बाहर नही निकलने दे रहे है।जो भी बाहर निकल रहा है,वह हाथ में लाठी–डंडा लेकर निकल रहा है।गुरुवार सुबह एक घटना हुई।भवानीपुर गांव के 12 साल के मोहम्मद शुएब पुत्र इलियास पर घर के बाहर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया।कुत्ते ने बच्चे के पैर और शरीर के कई हिस्सों में गहरे जख्म कर दिए।परिजन उसे तुरंत बड़ागांव के अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उसे बाराबंकी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए।फतेहपुर–सूरतगंज मार्ग पर मोहम्मदपुर खाला से पहले एक तेज रफ्तार ट्रक से बचने की कोशिश में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।इस हादसे में पंकज कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी है,जबकि दो अन्य घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है।जानकारी के मुताबिक देवा थाना क्षेत्र के सिपहिया गांव के रहने वाले पंकज कुमार 38 अपने रिश्तेदार की दवा लेने सूरतगंज जा रहे थे। उनकी बाइक पर सिद्धौर थाना क्षेत्र के मोनू 20 और उनकी बहन कुसुम 16 भी साथ थी।बताया गया कि बाइक फतेहपुर–सूरतगंज मार्ग पर मोहम्मदपुर खाला से पहले पहुंची थी।तभी सामने से एक तेज रफ्तार ट्रक आता दिखा। ट्रक से बचने की कोशिश मे बाइक चला रहे मोनू का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई।टक्कर लगने के बाद बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए और घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।वहां मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला और 108 एंबुलेंस को खबर दी। कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर आ गई और तीनों को फतेहपुर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टर अवधेश कुमार कौशल ने घायलों का शुरुआती इलाज किया। डॉक्टर के मुताबिक पंकज कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी है जिस कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि मोनू और कुसुम को हल्की चोटें आई हैं।तीनों का इलाज चल रहा है। अभी मोनू और कुसुम की हालत ठीक बताई जा रही है। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर भीड़ लगी रही।

### विधायक सुभाष त्रिपाठी के जन्मदिन पर रक्तदान

**बहराइच।** जिले की पयागपुर विधानसभा से भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी के जन्मदिन पर गुरुवार को कई कार्यक्रम हुए। इस मौके पर ग्राम प्रधान गांगूदेवर विकास सिंह की अगुवाई में एक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें लोगों ने करीब 20 यूनिट खून दान किया। आयोजकों ने बताया कि जन्मदिन को सामाजिक सेवा से जोड़कर यह शिविर लगाया गया। इसका मकसद जरूरतमंद मरीजों को खून दिलाना है। इस दौरान लोगों को फल भी बांटे गए। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रण विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, सुषमा चौधरी, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह और राजकुमार शुक्ला मौजूद थे। जरवल ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह, निशंक त्रिपाठी, प्रमुख संजय जायसवाल और पूर्व प्रमुख सच्चिदानंद पाठक भी शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सिंह रैकवार, प्रमोद पांडे, रामनिवास निषाद, संतोष गौतम और विष्णु दयाल चौहान भी वहां मौजूद थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसके वर्मा समेत कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी इस मौके पर पहुंचे। आयोजकों ने रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। कई कार्यकर्ताओं ने विधायक सुभाष त्रिपाठी को जन्मदिन की बधाई भी दी।

### तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत

**बहराइच।** गुरुवार शाम करीब 3 बजे सिरकुंडा तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक तालाब में तलाश की। शाम करीब 5 बजे दोनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। गोताखोरों की टीम के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को तालाब से बाहर निकाल लिया। रुपईडीहा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मकनपुर के नारा नजोत मजरे के पास यह हादसा हुआ। सलारपुर, मल्हीपुर निवासी संदीप वर्मा (14) अपने ननिहाल शिव बढ़िया गांव में रामनाथ वर्मा के घर आया था। वह गांव के ही दीपेंद्र सोनकर (12) के साथ गांव के उत्तर दिशा में स्थित सिरकुंडा तालाब में नहाने गया था। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण तालाब पर जुट गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही अपने स्तर से बच्चों की तलाश शुरू कर दी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाला गया। इसी दौरान गोताखोरों की टीम भी मौके के लिए रवाना हुई थी। मृतक के चाचा रामकुमार सोनकर ने बताया कि दोनों बच्चे गांव के बाहर आए हुए थे। इसी दौरान वे तालाब में नहाने चले गए। नहाते समय दोनों पानी में डूब गए।

# अधिवक्ताओं के सम्मान से बढ़ता है मनोबल व आपसी सौहार्द : अब्दुल्ला शेर खान

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।



कांग्रेस पार्टी में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों का सम्मान सुरक्षित है। कांग्रेस बदले की राजनीति के बजाय विकास की राजनीति में विश्वास करती है और देश को आगे ले जाने के लिए काम करती है। आगामी चुनाव में जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर पार्टी को मजबूत बनाएगी। यह बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं बहराइच जनपद प्रभारी अब्दुल्ला शेर खान ने गुरुवार को रामसनेहीघाट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के खिलाफ फर्जी तरीके से 38 से अधिक मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रजातंत्र की आवाज को दबाने के लिए आवाज उठाने वालों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कर बदले की कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की रक्षा केवल कांग्रेस ही कर सकती है। ऐसे में आगामी चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उसे मजबूत करना जरूरी है। अब्दुल्ला शेर खान ने रामसनेहीघाट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष परशुराम मिश्रा, महामंत्री सतीश सिंह समेत सभी निर्वाचित पदाधिकारियों तथा एल्डर कमेटी के अध्यक्ष केसी वर्मा और उनके सदस्यों को सम्मानित किया।

सम्मान की नई परंपरा शुरू करना सराहनीय पहल : परशुराम मिश्रा

बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष परशुराम मिश्रा ने कहा कि नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं के सम्मान की नई परंपरा शुरू करना सराहनीय पहल है। इससे अधिवक्ताओं में उत्साह और मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सम्मान और संवाद की ऐसी पहल से अधिवक्ताओं के बीच आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने अब्दुल्ला शेर खान का सम्मान करने और शुभकामनाएं देने के लिए आभार जताया।

अधिवक्ताओं के सम्मान से बढ़ता है उत्साह : सतीश सिंह

बार एसोसिएशन के महामंत्री सतीश सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज के बीच सम्मान की भावना को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम सकारात्मक संदेश देते हैं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किए जाने से अधिवक्ताओं का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से बार और समाज के बीच आपसी संबंध भी बेहतर होते हैं। महामंत्री ने अब्दुल्ला शेर खान का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और उनके प्रयास की सराहना की।

इस मौके पर एल्डर कमेटी के अधिवक्ताओं सहित पूरी नव निर्वाचित बार एसोसिएशन कार्यकारणी के साथ ही कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. भस्मानंद मिश्रा, मनीष कुमार, बनीकोडर ब्लॉक अध्यक्ष भानु वर्मा, दरियाबाद ब्लॉक अध्यक्ष राजू मियां, नगर पंचायत अध्यक्ष राम फेर रावत, राम सहारे एवं अकील इदरीसी सहित सभी अधिवक्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भैया-बहनों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और बाल लीलाओं को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पेश किया।

कार्यक्रम के लिए विद्यालय के मंच को रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों और आकर्षक चित्रों से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को दिखाते सुंदर दृश्य खास आकर्षण का केंद्र रहे। श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सजे छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। सजाए गए मटके और पारंपरिक माहौल ने जन्माष्टमी की रौनक और बढ़ा दी।

विद्यालय की छात्राओं ने भक्ति गीत गाकर पूरे माहौल को कृष्णमय बना दिया। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता ऋषि शंकर शर्मा ने किया। राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणाएं बताईं। प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कर्तव्य, सत्य, प्रेम, कर्म और धर्म के रास्ते पर चलने की सीख देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने को कहा।

इस मौके पर अनूप कुमार गुप्ता, मंजू निगम, आलोक श्रीवास्तव, जितेंद्र बाजपेई, राजेंद्र कुमार मिश्र, लक्ष्मी पाण्डेय समेत सभी शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्ति, संगीत और बच्चों के उत्साह से भरा रहा।

सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जन्माष्टमी समारोह को यादगार बना दिया।

# पुलिस की अभिनव पहल, अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी गवाही



समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में पुलिस कार्यालय में अत्याधुनिक संसाधनों से लैस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेल (वीसी सेल) स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से जनपद में तैनात पुलिसकर्मी एवं बलरामपुर में रह रहे सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अब गैरजनपद के न्यायालयों में जाने के बजाय पुलिस कार्यालय स्थित वीसी कक्ष से ऑनलाइन उपस्थित होकर अपना साक्ष्य दर्ज करा सकेंगे। इस पहल से पुलिसकर्मियों के समय और संसाधनों की बचत होगी तथा न्यायालयीन साक्ष्य की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

व्यवस्था का संचालन निरीक्षक चन्दन कुमार के प्रभारीत्व में कांस्टेबल मोहित निर्मल और कृष्ण कान्त त्रिपाठी की टीम करेगी। साक्ष्य रिकॉर्डिंग के दौरान न्यायालयीन अनुशासन, गोपनीयता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# डीएम ने सीएचसी सादुल्लानगर का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और कक्षों का निरीक्षण करने के साथ मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। डीएम ने वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई (एनबीएसयू) और लेबर रूम का निरीक्षण किया। मरीजों से चिकित्सकीय परामर्श, दवाओं की उपलब्धता और उपचार के संबंध में फीडबैक लिया।

प्रसव सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लेबर रूम को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके लिए क्रिटिकल गैप से 10 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कार्य जल्द शुरू कराने और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने इसे नियमित रूप से संचालित करने को कहा।

सीएचसी में आवश्यक ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रोटेशन के आधार पर एनेस्थीसिया की व्यवस्था की जाएगी। इससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल सकेगा और अनावश्यक रेफरल में कमी आएगी। अस्पताल परिसर में निष्प्रयोज्य भवनों का भी निरीक्षण किया गया। डीएम ने भवनों का नियमानुसार मूल्यांकन कराने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# तपेसिपाह गांव में कथित धर्मांतरण का मामला गरमाया

- राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद की सक्रियता से कार्रवाई का दावा

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।



जरवल क्षेत्र के ग्राम तपेसिपाह में कथित रूप से छल, लालच और धोखे के माध्यम से हिंदू परिवारों का धर्मांतरण कराए जाने के आरोपों को लेकर मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हलचल तेज हो गई। मामले को राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर अपनी टीम भेजकर पूरे प्रकरण की जानकारी जुटाई और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद के अनुसार, संगठन को तपेसिपाह गांव में कथित धर्मांतरण गतिविधियों की जानकारी मिली थी। इसके बाद परिषद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला उपाध्यक्ष संतोष उपाध्याय एवं प्रखंड गो रक्षा प्रमुख के नेतृत्व में प्रखंड टोली को घटनास्थल पर भेजा। संगठन का दावा है कि मौके पर पहुंची टीम ने स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया। परिषद की ओर से प्रशासन से मांग की गई कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा कानून का उल्लंघन करते हुए दबाव, प्रलोभन अथवा धोखे से धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। परिषद के पदाधिकारियों के अनुसार, संगठन की सक्रियता और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामले में कार्रवाई आगे बढ़ी तथा कथित धर्मांतरण गतिविधियों में शामिल बताए जा रहे लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में गिरफ्तारी की कार्रवाई सुनिश्चित होने का दावा किया गया है।

# महिला आईटीआई व कस्तूरबा गांधी विद्यालय के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

विकास खंड रेहरा बाजार के ग्राम देवरी खेरा में निर्माणाधीन राजकीय महिला आईटीआई और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों परियोजनाओं की प्रगति और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। महिला आईटीआई के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया और अब तक हुए निर्माण तथा शेष कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने से क्षेत्र की बालिकाओं और महिलाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने आवश्यक निर्माण कार्य और अन्य सुविधाएं शीघ्र पूरी कराकर कक्षाओं का संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए। परिसर में लैंड डेवलपमेंट का कार्य भी व्यवस्थित ढंग से कराने को कहा। महिला आईटीआई परियोजना की स्वीकृत लागत करीब 12.60 करोड़ रुपये है।

इसकी भौतिक प्रगति लगभग 75.25 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने और नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

कस्तूरबा विद्यालय में फिनिशिंग कार्य तेज करने के निर्देश

इसके बाद जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक और छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति देखते हुए रंगाई-पुताई, इलेक्ट्रिकल, प्लंबिंग और अन्य फिनिशिंग कार्यों को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए।

परियोजना की स्वीकृत लागत करीब 4.53 करोड़ रुपये है, जिसमें से लगभग 4.24 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं।

परियोजना की भौतिक प्रगति करीब 90 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करना प्राथमिकता है, ताकि छात्राओं को इनका लाभ जल्द मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम अश्वनी कुमार श्रीवास्तव दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम अश्वनी कुमार है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः मुझे मेरे सही नाम अश्वनी कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचनाकर्ता**
**अश्वनी कुमार पुत्र स्व0 मुकुट बिहारी लाल, निवासी निकट बुद्ध पार्क श्रावस्ती नगर लखपेड़ाबाग, बड़ेल, बाराबंकी।**

# वास्तविक सत्यापन ही संगठन की ताकत : कमलेश मिश्रा

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।




भारतीय जनता पार्टी के संगठनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ व सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जनपद में चल रहे बूथ व शक्ति केंद्र सत्यापन कार्य के निमित्त प्रवास पर आए भाजपा अवध क्षेत्र के निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष व मंडल कार्यसमिति एवं शक्ति केंद्र सत्यापन अधिकारी कमलेश मिश्रा ने विभिन्न मंडलों में संगठनिक बैठकें कर समीक्षा की।अपने प्रवास के दौरान मंडल कार्यसमिति एवं शक्ति केंद्र सत्यापन अधिकारी कमलेश मिश्रा जी ने बलहा विधानसभा क्षेत्र के मंडल उर्रा में पहुंचकर मंडल कार्यसमिति एवं शक्ति केंद्र सत्यापन की महत्वपूर्ण बैठक ली। इसके पश्चात उन्होंने बहराइच विधानसभा क्षेत्र के नगर प्रथम और नगर द्वितीय की मंडल कार्यसमिति एवं शक्ति केंद्र सत्यापन की बैठकों को संबोधित किया।

सांगठनिक प्रवास के इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कमलेश मिश्रा मटेरा विधानसभा क्षेत्र के मंडल मटेरा पहुंचे। यहाँ उन्होंने शक्ति केंद्र पडरीतारा पर संगठनात्मक बैठक में उन्होंने बूथ समिति सदस्यों के सत्यापन संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की। और एक-एक बिंदु पर बारीकी से चर्चा करते हुए सत्यापन कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। इन सभी बैठकों में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल कार्यसमिति के सदस्य एवं शक्ति केंद्र संयोजक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सपा यूथ ब्रिगेड ने जलभराव पर डीएम को लिखा पत्र

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

लगातार बारिश से शहर के कई मोहल्लों में पानी भर गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर मुलायम यूथ ब्रिगेड ने जिला प्रशासन का ध्यान खींचा है। यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मयंक मिश्रा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें जलभराव वाले इलाकों में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की गई है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के कारण बख्शीपुरा, नौव्वागढ़ी, डपालीपुरवा और घसियारीपुरा जैसे कई इलाकों में पानी जमा हो गया है। नालियों की ठीक से सफाई न होने और पानी निकलने का रास्ता बंद होने से हालात लगातार खराब हो रहे हैं। मुख्य सड़कों और गलियों में पानी भरने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सपा नेताओं ने मांग की है कि नगर पालिका अधिकारियों को तुरंत जलभराव वाले इलाकों में पंप लगाकर पानी निकलवाने के लिए कहा जाए।

**मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय**

**D.EI.ED कोर्स (एक युनिट) हेतु आवश्यता है**

1. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष 2. प्रवक्ता आधारिक 3. प्रवक्ता विज्ञान 4. प्रवक्ता सा0विज्ञान 5. प्रवक्ता गणित 6. प्रवक्ता भाषा 7. प्रवक्ता कला 8. प्रवक्ता व्यायाम शैक्षिक योग्यता, वेतनमान, आरक्षण (SC/ST/OBC) एवं अन्य शर्तें राज्य सरकार एवं NCTE के नियमानुसार) इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति तथा दो नवीनतम फोटो के साथ दिनांक 13.09.2026 को महाविद्यालय में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।

**सचिव/प्रबंधक**

पताः-पूरे गोसाई चरूहार, जियायक (महामाया नगर), डलमऊ, रायबरेली
पिन कोडः 229404 मो0नं0 9651467072, 8765745190

# 81 शिक्षक होंगे सम्मानित, सीएम योगी देंगे सम्मान

- बेसिक के 61, माध्यमिक के 20 शिक्षकों का चयन
- शिक्षकों का होगा उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रोत्साहन
- पुरस्कार राशि के रूप में मिलेंगे 25 हजार रुपये



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

शिक्षक दिवस पर पांच सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विद्यालयों का उचित प्रबंधन, नवाचार और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने वाले प्रदेश के कुल 81 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार 2025 और मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार 2025 से सम्मानित करेंगे।

समारोह गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में होगा। पुरस्कार के लिए चयनित प्रदेशभर के शिक्षकों को विशिष्ट अतिथि की तरह ससम्मान ठहराने की व्यवस्था होटलों में की गई है।

इसमें राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के 61 और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 20 शिक्षकों का चयन किया गया है। इनमें कुल मिलाकर 33 शिक्षिकाएं (31 बेसिक और 2 माध्यमिक विद्यालयों की) शामिल हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के जिन शिक्षकों को चयनित किया गया है उनमें से 5 को 'मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों को अच्छे शिक्षण कार्य के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही बेहतर ढंग से समाज में शिक्षा की अलख जगाने के उनके प्रयासों को और प्रभावी बनाना है।

योगी सरकार, राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ ही पुरस्कार राशि के रूप में 25 हजार रुपये भी भेंट करेगी। इसके अलावा सम्मानित शिक्षकों को आजीवन उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में प्रतिवर्ष 4000 किलोमीटर की निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। राज्य स्तरीय पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की सीमा भी दो वर्ष बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि सरकार की नई पहल व्यवस्था में साकारात्मक बदलाव लायेगी।

### मुख्यमंत्री ने दी कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मथुरा ब्रजभूमि आगमन के साथ ही सभी प्रदेशवासियों एवं श्रीकृष्ण भक्तों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मथुरा में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने से पहले उन्होंने वीडियो संदेश जारी किया है। जारी वीडियो में अपने संदेश में ब्रज की पवित्र भूमि पर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और संदेशों को याद किया। उन्होंने कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और लोक कल्याण के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने मथुरा सहित पूरे प्रदेश और देश-विदेश में बसे श्रीकृष्ण भक्तों को जन्माष्टमी पर्व की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# विधानसभाएं केवल कानून बनाने का मंच नहीं

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**ओडिशा स्टैंडिंग कमेटी ने महाना से की भेंट**

ओडिशा विधानसभा की वर्ष 2026-27 की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष बाबू सिंह के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना से भेंट की। इस दौरान दोनों राज्यों की विधानसभाओं की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं और विधायी समितियों की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

ओडिशा विधानसभा की समिति में विधायक डॉ. ब्योमकेश राय, मानस कुमार दत्ता, सुनील कुमार महंती, नीलमाधव हिकाका सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। समिति के साथ ओडिशा विधानसभा के डेस्क ऑफिसर ईश्वर चंद्र नायक तथा ओएसडी-कम-ज्वाइंट सेक्रेटरी (रिपोर्टिंग) निरंजन कर भी मौजूद रहे। भेंट के दौरान श्री महाना ने ओडिशा विधानसभा की समिति के सदस्यों का स्वागत किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में विधानमंडलीय समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधानसभाएं केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनहित से जुड़े विषयों पर गंभीर मंथन और सरकार के कार्यों की समीक्षा का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

ओडिशा विधानसभा की समिति उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति के सदस्य भुवनेश्वर से वाराणसी होते हुए लखनऊ पहुंचे और इसके बाद वाराणसी होते हुए भुवनेश्वर लौटेंगे।

समिति के इस अध्ययन भ्रमण को दोनों राज्यों की विधायी व्यवस्थाओं और संसदीय कार्यप्रणाली को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### योगी सेना भारत ने निकाली सनातन रैली

**लखनऊ।** योगी सेना (भारत) ने आज यहां गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और सनातन बोर्ड के गठन की मांग को लेकर सनातन पदयात्रा रैली निकाली। रैली के शुभारम्भ पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय प्रमुख गौरव वर्मा योगी सेना भारत पूरे उत्तर प्रदेश हिंदू जोड़ो अभियान चलाकर हिंदुओं को जागरूक करेगी और योगी सेना 2026 दिसम्बर तक 51 लाख सदस्य बनाएगी। वहीं एडवोकेट मोहित मिश्रा ने बताया कि योगी सेना हर हिंदु के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है सनातनी बहन बेटियों के लव जिहाद करने वाले मुसलमानों को छोड़ा नहीं जाएगा। पहले तय रूट पर पुलिस प्रशासन की रोक के बाद नये रूट सनातन रैली समतामूलक चौराहा से ग्रीन कॉरीडोर से हनुमान सेतु, परिवर्तन चौक होते हुये केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन तक निकाली गयी।

### मुकदमा वापस लेने की मांग

**लखनऊ।** राजधानी के इको गार्डन में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस ने राहुल गांधी के खिलाफदर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शन से पहले सांसद तनुज पुनिया लखनऊ स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा परिसर पहुंचे। उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बाबा साहब के अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। तनुज पुनिया ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में संविधान के मूल्यों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है, ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफभी मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस सांसद ने प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर प्रशासन का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी और राहुल गांधी के खिलाफदर्ज केस वापस लेने की मांग करती रहेगी। तनुज पुनिया ने अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट में नए सीईओ के चयन को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नए सीईओ का कामकाज आगे देखने वाली बात होगी। साथ ही उन्होंने राम मंदिर में चंदे की चोरी होने का आरोप भी लगाया।

### तालाब में डूबे युवक का शव बरामद

**लखनऊ।** बुधवार शाम तालाब पार करते समय गहरे पानी में डूबे 35 वर्षीय बल्लू यादव का शव गुरुवार सुबह मिल गया। बुधवार देर रात तक पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने उनकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। गुरुवार सुबह गांव के मछुआरे राजू कश्यप की मदद से शव तालाब से बाहर निकाला गया। शव मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया। पूरा मामला काकोरी में रेवरी गांव का है। रेवरी गांव निवासी बल्लू यादव (प्यारेलाल यादव के बेटे) बुधवार शाम करीब 6रू15 बजे तालाब तैरकर पार कर रहे थे। इसी दौरान वह तालाब के गहरे हिस्से में पहुंच गए और अचानक डूब गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी ज्यादा गहरा होने के कारण सफल नहीं हो पाए। हादसे की सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। पुलिस की निगरानी में बुधवार देर रात तक तालाब में बचाव अभियान चलाया गया। फायर सर्विस और एसडीआरएफको भी सूचना दी गई थी। अंधेरा और तालाब में ज्यादा गहरा पानी होने के कारण तलाश में काफी दिक्कत आई। गुरुवार सुबह दोबारा तलाश शुरू की गई। इस दौरान गांव के मछुआरे राजू कश्यप तालाब में उतरे और बल्लू का शव ढूंढ निकाला। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। बल्लू चार भाइयों में तीसरे नंबर के थे। उनके बड़े भाई सुरेंद्र यादव, दूसरे नंबर पर बीरेंद्र यादव और सबसे छोटे भाई अभय यादव हैं। बल्लू की मौत की खबर मिलते ही परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी में गुरुवार सुबह राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह रेलवे ट्रैक पर लेटा हुआ था। हादसा पोल संख्या 1086/11-13 के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 6.45 बजे रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति के ट्रेन से कटने की सूचना मिली। उपनिरीक्षक राजकुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां युवक का शव ट्रैक के बीच पड़ा था। जीआरपी और ट्रैकमैन की मदद से शव को ट्रैक के किनारे कराया गया। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो जेब से आधार कार्ड मिला। इससे उसकी पहचान रईस अहमद पुत्र मकसूद अहमद, निवासी वली नगर, काकोरी के रूप में हुई। उसकी उम्र करीब 51 वर्ष थी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। बेटे उस्मान ने शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। पुलिस ने शव को एंबुलेंस से लखनऊ मोर्चरी भेज दिया। पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

### गोमती में बहाव तेज, बढ़ाई गई सतर्कता

**लखनऊ।** राजधानी में लगातार हो रही बारिश से गोमती नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी में पानी का बहाव तेज होने से प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। कुड़ियाघाट पर नाव चलाने पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। लोगों से नदी और घाट के आसपास नहीं जाने की अपील की जा रही है। सुरक्षा को देखते हुए घाट पर आने वाले लोगों को नदी के किनारे जाने से रोका जा रहा है। प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। गोमती के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए घाटों के आसपास सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

# आशियाना स्थित नाले का एके शर्मा ने किया निरीक्षण

- जलभराव वाले स्थानों पर जल निकासी सुनिश्चित की जाए
- आमजन को न करना पड़े किसी प्रकार की समस्या का सामना
- समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ के आशियाना स्थित नाले का औचक निरीक्षण कर वर्षा काल में जल निकासी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलभराव की समस्या के तत्काल समाधान तथा नाले की समुचित सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा काल को देखते हुए जिन-जिन क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, वहां युद्धस्तर पर अभियान चलाकर जल निकासी सुनिश्चित की जाए। नालों और नालियों की नियमित सफाई कराई जाए तथा जल निकासी में किसी भी प्रकार की बाधा न आने पाए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव के कारण आमजन को आवागमन अथवा दैनिक कार्यों में किसी भी दशा में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर स्थिति की निगरानी करें और आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई करें।

मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जलभराव की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पुनः इन क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। यदि दोबारा निरीक्षण के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं पाई गई और लापरवाही सामने आई, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर एवं सुचारु सुविधाएं उपलब्ध हों। जलभराव, गंदगी और जल निकासी जैसी समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र की स्थिति पर निरंतर नजर रखते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

# एलआईसी बीमा सखी कार्यक्रम से बढ़ी महिलाओं की आत्मनिर्भरता : केशव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



सरकार ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में एलआईसी बीमा सखी कार्यक्रम महिलाओं के लिए सम्मानजनक आजीविका और स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को एलआईसी से जोड़कर बीमा सखी के रूप में प्रशिक्षित एवं कार्यरत किया जा रहा है, जिससे वे अपने परिवार के साथ-साथ समाज की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभार्थी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें विकास प्रक्रिया का सहभागी और नेतृत्वकर्ता बनाना है। एलआईसी बीमा सखी कार्यक्रम इसी सोच का परिणाम है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता का भी सशक्त माध्यम बन रहा है। उप मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार की महिला-केंद्रित योजनाओं और स्वयं सहायता समूहों की सशक्त भागीदारी से यूपी में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को और अधिक गति मिलेगी।

# कार्यकर्ताओं को होर्डिंग, पोस्टर नहीं लगाने की सख्त हिदायत

- होर्डिंग पोस्टर से दूर रहकर सांगठनिक कार्य करने आ रहे विनोद तावड़े

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री व संगठन की दृष्टि से उप्र के प्रभारी विनोद तावड़े का उत्तर प्रदेश दौरा पांच सितंबर को शुरू होगा। उनका यह दौरा चकाचौंध से एकदम दूर होगा। अपने दो दिवसीय लखनऊ प्रवास के दौरान 2027 में पार्टी को विजय दिलाने पर उनका पूरा फोकस रहेगा। प्रदेश नेतृत्व के साथ गहन मंथन-चिंतन कर पूरा खाका तैयार करेंगे। ताकि उप्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बन सके।

वरिष्ठ पत्रकार नवलकांत सिन्हा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम कर चुके विनोद तावड़े को संगठन का लंबा अनुभव है। केन्द्रीय नेतृत्व ने इसीलिए उन्हें देश के सबसे बड़े राज्य का चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी है।

पार्टी के भीतर से जो खबर आ रही है कि उन्होंने उप्र प्रवास को लेकर सख्त हिदायत दी है कि उनके स्वागत में कोई कार्यकर्ता होर्डिंग पोस्टर नहीं लगाएगा। उन्हें चकाचौंध से दूरी बनाकर रहना है। ताकि उनका पूरा ध्यान सांगठनिक कील कांटे को दुरुस्त करने में ही लगे। सिन्हा ने कहा कि यह किसी भी संगठन के लिए अच्छा होगा।

वैसे भी भाजपा पूरी सिद्दत से चुनाव लड़ती है। उसकी तैयारी यहीं से शुरू हो गयी है।

उप्र प्रभारी बनने के बाद राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े पहली बार उप्र दौरे पर आ रहे हैं। प्रदेश पदाधिकारियों के साथ वह परिचयात्मक बैठक करेंगे। संगठन की अलग-अलग बैठकों में शामिल होंगे। सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक जैसे महत्वपूर्ण चेहरों के साथ भी उनकी मुलाकात होगी। संगठन और सरकार के लोगों से फीडबैठक लेने के उपरांत यूपी भाजपा के लिए केन्द्र से तैयार रोडमैप सौंपकर जाएंगे। भाजपा अगले छाह माह तक उसी रोडमैप पर कार्य करेगी। इसके साथ ही यूपी से मिले फीडबैक के आधार पर वह रिपोर्ट तैयार कर केन्द्रीय नेतृत्व को सौंपेंगे। ताकि जरूरत के हिसाब से संगठन की रणनीति में बदलाव कर भाजपा को और मजबूत किया जा सके।

# लखनऊ-हरदोई सफर महंगा, सहिजना टोल पर शुल्क शुरू

**समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।**

लखनऊ हरदोई राष्ट्रीय राज्य मार्ग (एनएच आई 731) पर सफर करने वाले वाहन चालकों को अब टोल टैक्स देना होगा। रहीमाबाद के सहिजना में बने टोल प्लाजा पर आज गुरुवार सुबह सात बजे से टोल वसूली शुरू हो गई है पहला दिन होने के कारण कुछ अप व्यवस्था के चलते वाहनों की लाइन लग गई

13 जुलाई- को इस पैकेज का उद्घाटन होने के बाद वाहनों का आना जाना शुरू हो गया था लेकिन अब तक इस पर टोल नहीं लिया जा रहा था सहिजना टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। फास्टैग सिस्टम पूरी तरह से चालू कर दिया गया है बुधवार को टोल प्लाजा पर व्यवस्था का परीक्षण किया गया ताकि बृहस्पति वार से वसूली शुरू होने पर कोई दिक्कत न हो



(एन एच आई) प्रोजेक्ट डाइरेक्टर नवरतन ने बताया कि कार और जीप का एक तरफ यात्रा का 55 रुपये टोल वसूला जाएगा अगर 24 घण्टे के अंदर वापसी होती है तो 80 रुपये टोल वसूला जाएगा मासिक पास के लिए 1765 रुपये तक किए गए है (एनएचआई)ने अलग अलग तरह के वाहनों के लिए अलग अलग टोल दरें लागू की है टोल प्लाजा पर फास्टैग व्यवस्था पूरी तरह से लागू रहेगी बिना फास्टैग वाले वाहनों से नियम के मुताबिक दोगुना टोल ऑनलाइन लिया जाएगा। लखनऊ से हरदोई और हरदोई से लखनऊ आने जाने वाले सभी वाहन चालकों को टोल प्लाजा से गुज़रते समय तय शुल्क देना होगा यह फोर लेन हाईवे 90 किलोमीटर लंबा है।

### दिल्ली से वाराणसी जा रही एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को तकनीकी संकेत के चलते आज सुबह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। विमान के पिछले कार्गो कंपार्टमेंट में अचानक धुएं का संकेत मिलने के बाद पायलट ने एहतियात बरतते हुए यह फैसला लिया। जानकारी के मुताबिक लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 1253 ने धुएं का संकेत मिलने की सूचना दी और सुबह 08.52 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। इस मौके पर प्रवक्ता ने बताया कि लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने विमान की जांच की लेकिन कहीं भी धुआं नहीं दिखा। प्रवक्ता ने बताया कि विमान में सवार सभी 155 यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित थे।

# जलमग्न गांव का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।**



मलिहाबाद क्षेत्र का एकमात्र सीमावर्ती गांव जोकि भौगोलिक रूप से बेहता नाले से घिरा हुआ है। अतिवृष्टि के कारण गांव में बेहता नाले पर बने रपटा पुल जलमग्न हो गया सूचना पर पहुँची तहसीलदार ने ग्रामीणों की असुविधा को देखते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

तहसील क्षेत्र के झाऊबेरिया गांव तीन तरफ बेहता नाले से घिरा हुआ है और एक तरफ वन विभाग के जंगल हैं।

ग्रामीणों के आवागमन के लिए दशकों पूर्व एक रपटा पुल का निर्माण कराया गया था लेकिन यह पुल इतना जीर्ण शीर्ण और नीचा है की बरसात होती है तो पानी पुल के ऊपर से बहने लगता है जिसके चलते ग्रामीणों का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो जाता है।

बीते दिनों हुई बारिश के बाद यह पुल जलमग्न हो गया और ग्रामीण घरों में कैद हो गए ग्रामीण किसी तरह जान जोखिम में डालकर बहुत मजबूरी में पुल के इस पार आते है गुरुवार को तहसीलदार कुमकुम मिश्रा झाऊबेरिया गांव पहुँची और ग्रामीणों की समस्या देखकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही गांव में किसी प्रकार के संक्रामक रोग न फैल सके इसलिए गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगवाने का अस्वासन दिया।वही ग्रामीण रामसेवक, रामचंदर, सुरेश कुमार, चंद्रपाल, रामू ने तहसीलदार से इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए बात की।

तहसीलदार ने उन्हें आश्वासन दिया कि हम इस समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे कि बेहता नाले पर पुल का निर्माण हो सके और ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिल सके।

**सराहनीय कदम** | गो-संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने की बड़ी पहल

# गोशालाओं को प्रदेश सरकार बनाएगी आत्मनिर्भर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में गो-संरक्षण को केवल गोवंश के आश्रय और देखभाल तक सीमित न रखते हुए उसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

इस क्रम में गोशालाओं में उपलब्ध गोबर को स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खाद, प्राकृतिक खेती और आय के संसाधन में बदलने के लिए उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग और 'पार्टनर्स इन प्रॉसपेरिटी' (पीएनपी) के बीच तकनीकी सहयोग का एमओयू हुआ है। इसके तहत प्रदेश में स्थापित दीनबंधु मॉडल बायोगैस संयंत्रों को तकनीकी सहयोग देने के साथ भविष्य में स्थापित होने वाले संयंत्रों के लिए भी मजबूत तकनीकी व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके तहत 1,000 तकनीकी विशेषज्ञ कर्मियों का नेटवर्क खड़ा किया जाएगा। इसका लक्ष्य गोबर के वैज्ञानिक व आर्थिक उपयोग के जरिए गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करना है।समझौते की सबसे महत्वपूर्ण बात जमीनी स्तर पर तकनीकी तंत्र तैयार करना है। चरणबद्ध तरीके से करीब 1,000 तकनीकी कर्मियों का नेटवर्क विकसित किया जाएगा। यह नेटवर्क दीनबंधु बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के साथ उनके संचालन, रखरखाव, तकनीकी प्रशिक्षण और फील्ड मॉनिटरिंग में सहयोग करेगा। इससे बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के बाद उनके नियमित और प्रभावी संचालन के लिए स्थानीय स्तर पर तकनीकी सहायता उपलब्ध हो सकेगी। संस्था उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 3,900 से अधिक दीनबंधु बायोगैस इकाइयों का निर्माण कर चुकी है। संस्था बायोगैस परियोजना विकास से लेकर तकनीकी डिजाइन, फीडस्टॉक एवं गोबर आकलन, संयंत्र निर्माण, संचालन एवं रखरखाव, लाभार्थियों के प्रशिक्षण और फील्ड मॉनिटरिंग तक पूरा तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगी।गोबर के एक चक्र से ऊर्जा, खाद, खेती और कार्बन लाभनई पहल की अहमियत केवल गोबर से बायोगैस तैयार करने तक सीमित नहीं है। इसके जरिए बायोगैस, जैव-स्लरी, जैविक खाद/बायो-इनपुट, प्राकृतिक एवं पुनर्योजी कृषि, कार्बन लाभ की पूरी श्रृंखला विकसित करने की योजना है।



यानी गोशाला का गोबर पहले ऊर्जा का स्रोत बनेगा और बायोगैस संयंत्र से निकलने वाली जैव-स्लरी को जैविक खाद और बायो-इनपुट के रूप में खेती से जोड़ा जा सकेगा। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और प्राकृतिक व पुनर्योजी कृषि को बढ़ावा देने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

इस मॉडल को भविष्य में पर्यावरणीय लाभ और कार्बन परियोजनाओं से जोड़ने की संभावनाओं पर भी काम होगा।'गोबर अपशिष्ट नहीं, ग्रामीण समृद्धि का संसाधन'उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि गोबर को केवल अपशिष्ट मानने के बजाय ऊर्जा, जैविक कृषि और ग्रामीण आय के महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में देखने की आवश्यकता है। दीनबंधु बायोगैस मॉडल को तकनीकी रूप से सुदृढ़ कर बड़े स्तर पर लागू किया जाना गोशालाओं, किसानों और ग्रामीण परिवारों के लिए बहुआयामी लाभ का आधार बन सकता है। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में उपलब्ध गोबर संसाधन को स्वच्छ ऊर्जा, जैविक उर्वरक और सतत कृषि से जोड़ते हुए ऐसी सर्कुलर इकोनॉमी विकसित करना है, जिसमें गोवंश संरक्षण के साथ रोजगार, ऊर्जा की बचत, कृषि उत्पादकता और पर्यावरणीय लाभ भी हासिल हों। प्रदेश के किसान और ग्रामीण समुदायों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। तकनीकी नेटवर्क और स्थानीय अनुभव का मेल गोशालाओं में बायोगैस मॉडल को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

राधे राधे

जय श्री कृष्णा




जितेन्द्र सिंह महाराज गंज

# झटका मशीन के करंट ने ले ली पिता-पुत्र की जान

- दो मौतों के बाद मचा कोहराम, रो रोकर परिजनों का बुरा हाल

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

थाना क्षेत्र के गांव इन्देपुर मे खंभें में करंट उतरने से बाप-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। इन्देपुर निवासी श्यामचरण हर रोज की तरह सुबह अपने खेतों पर गए, बेटे के साथ काल के गाल में समा गए। श्यामचरण (59) गांव में रहकर खेती और परचूनी की दुकान चलाते थे और परिवार का गुजारा करते थे परिजनो ने बताया कि वह सुबह जानवरों को चारा पानी करके घर पर रखे करंट मशीन बंद करके खेत पर पहुंचे। क्योंकि श्याम चरण घर से ही खेत पर तारों के सहारे करंट ले जाते थे जिससे फसल की रक्षा हो सके खेत में बाजरा था। आज खेत की बाउंड्री में करंट बाला तार लगा रहे थे तभी किसी खंभे से अर्थिंग बाले तार से टच होने से श्याम चरण की मौत हो गई। जब काफी देर श्यामचरण घर नहीं पहुंचे तो उनके तीसरे नंबर का बेटा सुमित( 22) मौके पर गया तो उसकी तार की चपेट मे आ जाने के कारण उसकी भी मौत हो गई। ग्रामीणों ओर परिजनों के अनुसार श्यामचरण सुबह 6 बजे ही रोज खेत निकल गए थे और बेटे सुमित से कह कर गए कि दो घंटे बाद खेत पर आ जाना। उसके बाद लगभग आठ बजे सुमित गया ओर पिता को करंट लगे देखा ओर तार हटाया तो उसकी भी मौके पर मौत हो गई। जब ग्रामीण लगभग दोपहर 12 बजे खेत पहुंचे तो दोनों मृत देख परिजनों और पुलिस को सूचना दी परिजन पोस्टमार्टम न कराने पर अड़े थे। श्यामचरण की पत्नी मीना 50 वर्ष तीन लड़के एक बेटी थी। बड़ा बेटा अनिल (35,) दूसरा शिवकुमार (32) ओर छोटा बेटा सुमित (22) ओर एक बेटी स्वार्थी थी। वही सुमित के शादी के तीन साल हुए थे। उसकी बड़ी बेटी आरती 2 बर्ष एवं लड़का अनुराग तीन माह का था। मौके पर विधायक अरविंद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कांट राकेश कुमार तहसीलदार ऋषि दीक्षित, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, हरजीत चौहान मौके पर पहुंचे।



# रोजा पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित शातिर वाहन चोर को पकड़ा

- एक सप्ताह पूर्व बाइक चोरी की लिखवाई गई थी रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

थाना रोजा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई हैं। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की हैं।

थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि शनिवार को गयादीन पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम हुसैनापुर थाना रोजा द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर इरफान पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम कटिघरा थाना उचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी ने गुरूवार को उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली हैं।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी।

गुरूवार की दोपहर मुखबिर खास की सूचना पर गुर्री पंचायत सचिवालय से फकरगंज जाने वाले मार्ग पर करीब 300 मीटर आगे से आरोपी इरफान पुत्र दिलशाद, निवासी ग्राम कटिघरा थाना उचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



# बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग ने लगाए स्वास्थ्य शिविर, 131 मरीजों का किया उपचार

- 56 रोगियों की मलेरिया-टाइफाइड जांच की गई

**समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर।**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित ग्राम मस्जिद नगला और बटन नगला में स्वास्थ्य स्वास्थ्य शिविर लगाकर 131 रोगियों का उपचार किया। इनमें 56 रोगियों की मलेरिया और टाइफाइड की जांच की गई।

सीएचसी जरियनपुर (मिर्जापुर) के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदेश रस्तोगी ने बताया कि बृहस्पतिवार को गंगा की बाढ़ से प्रभावित ग्राम मस्जिद नगला और बटन नगला में लगाए हुए स्वास्थ्य शिविर में 131 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें सर्वाधिक संख्या चर्म रोग की रही। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बताया कि ग्रामीणों को बीमारी से बचाव के लिए 84 ओआरएस पैकेट वितरित किए। इसके साथ ही 56 लोगों की मलेरिया और टाइफाइड जांच की गई। टीम ने ग्रामीणों को बाढ़ के पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव, साफ पानी का सेवन करने तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य टीम में डॉ. विकास शर्मा, शिवम कुमार, अरविंद कुमार, सौरभ द्विवेदी आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी पर तत्काल चिकित्सा टीम से संपर्क करने की सलाह दी।

# प्रदेश स्तरीय आपदा प्रबंधन बैठक में रेड क्रॉस ने जताई सक्रिय सहयोग की प्रतिबद्धता

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी लेफ्टिनेंट योगेंद्र डिमरी, वी सी के दिशा-निर्देश में प्रदेश के 34 जनपदों के 154 विकासखंडों में आपदा प्रबंधन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ आपदा प्रबंधन, पूर्व तैयारियों तथा विभिन्न विभागों के समन्वय पर चर्चा हुई। आगामी मॉक एक्ससरसाइज 10-11 तथा 18 सितंबर को प्रस्तावित है। जिसमे आपदा रहत के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जायेगा जिला प्रशासन के निर्देश पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जोहरी ने बैठक में प्रतिभाग किया। ये बैठक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं नोडल अधिकारी आपदा प्रबंधन अरविंद कुमार के कार्यालय में आयोजित हुई।

डॉ. विजय जोहरी ने उपस्थित प्रतिभागियों को मास्क वितरित किए तथा आपदा की स्थिति में आवश्यक सामग्री एवं मानवीय सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को राजभवन में राज्यपाल की अध्यक्षता में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश शाखा की बैठक हुई थी, जिसमें उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सभापति इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ब्रजेश पाठक के दिशा-निर्देशन में आपदा प्रबंधन में रेड क्रॉस की सहयोगी भूमिका को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया था। जनपद से डॉ. विजय जोहरी, डॉ. रवि मोहन एवं जिला प्रबंधन समिति के सदस्य अनुज जोहरी ने बैठक में प्रतिभाग कर आपदा प्रबंधन में रेड क्रॉस की सक्रिय भूमिका का प्रस्ताव रखा था। इसी के अनुपालन में डॉ. विजय जोहरी ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर राहत, बचाव, प्राथमिक उपचार एवं मानवीय सेवा में हरसंभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगी। इस बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर निगम, शिक्षा, पशुपालन, अग्निशमन, पीडब्ल्यूडी, होमगार्ड, एनडीआरएफ, पीएसी, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट एंड गाइड, आपदा मित्र लीडर एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि प्रतिभाग हेतु अपेक्षित थे।



# स्कूल कक्षा 8 तक संचालित, सातवीं में छात्र नदारद

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर में बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप संचालित एक स्कूल की शैक्षिक व्यवस्था को लेकर एक चौंकाने वाली स्थिति सामने आई है। विद्यालय में नर्सरी एनसी से लेकर कक्षा आठ तक कक्षाएं संचालित किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन कक्षा सात में एक भी छात्र नहीं होने की जानकारी सामने आने के बाद विद्यालय की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि विद्यालय में अलग-अलग कक्षाओं में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन कक्षा सात में छात्र संख्या शून्य है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि यदि किसी कक्षा में एक भी विद्यार्थी नामांकित नहीं है तो उस कक्षा का संचालन किस प्रकार किया जा रहा है और विद्यालय के अभिलेखों में छात्र संख्या किस रूप में दर्ज है। मामला केवल छात्र संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे विद्यालय में संचालित कक्षाओं, शिक्षकों की व्यवस्था और संबंधित अभिलेखों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय की मान्यता, पंजीकरण, कक्षा संचालन तथा प्रत्येक कक्षा की वास्तविक छात्र संख्या की संबंधित शिक्षा विभाग द्वारा जांच की जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि विद्यालय में कक्षा आठ तक संचालन की अनुमति है तो प्रत्येक कक्षा की वास्तविक स्थिति भी स्पष्ट होनी चाहिए। कक्षा सात में एक भी छात्र नहीं होने की स्थिति में विभागीय स्तर पर रिकॉर्ड और मौके की स्थिति का मिलान किया जाए तो तस्वीर पूरी तरह साफ हो सकती है। विद्यालय की इस स्थिति को लेकर अब स्थानीय लोगों की नजर शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि विद्यालय का निरीक्षण कर मान्यता से लेकर छात्र संख्या और कक्षा संचालन तक सभी बिंदुओं की नियमानुसार जांच कराई जाए, ताकि किसी भी तरह की स्थिति को लेकर भ्रम की स्थिति न रहे और विद्यालय की वास्तविक शैक्षिक व्यवस्था सामने आ सके।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** लखनऊ पलिया हाईवे पर बुधवार की सुबह करीब दस बजे मिर्गापुर के पास स्थित ओवरब्रिज के नीचे से निकलने के लिए बने मोड़ पर शाहाबाद से सवारियों को लेकर शाहजहांपुर जा रहे ई रिक्शा को तेजी से मोड़ते समय पलट जाने पर थाना खुदागंज के मोहल्ला राठान निवासी जितेन्द्र गम्भीर रूप घायल हो गया था। जिसे पुलिस ने सरकारी एम्बुलेंस से उपचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहाँ उपचार के दौरान शाम करीब साढ़े छः बजे 40 वर्षीय जितेन्द्र की मौत हो जाने की सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया है। मृतक के बड़े भाई जगदीश ने ई रिक्शा चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जितेन्द्र अपने इकलौते पुत्र 8 वर्षीय पुत्र सुमित को बेसहारा छोड़ गया है। सीओ शुभम वर्मा ने बताया कि ई रिक्शा चालक को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### जहरीले सांप के काटने से छह वर्षीय बच्ची की मौत

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना खुटार क्षेत्र के गांव चठिया बलरामपुर में जहरीले सांप के काटने से छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। गांव निवासी गुड्डू पुत्र रामचंद्र ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दो सितंबर की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान उनकी छह वर्षीय पुत्री नैहा के हाथ में जहरीले सांप ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजन बच्ची को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की। हल्का लेखपाल ने बताया कि तैयार रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### एनडीआरएफ टीम द्वारा दिया गया प्रशिक्षण




**शाहजहांपुर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज प्रबंधक नियुक्ति प्राधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शुक्ला द्वारा आठवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचक बाल एनडीआरफ गाजियाबाद से आई टीम का श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में उपस्थित छात्राओं अभिभावकों शिक्षिकाओं के मध्य जनपद में स्वागत किया गया। आपदा प्रबंधन टीम द्वारा संभावित प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदा के प्रति विद्यार्थियों एवं संबंधित कार्मिको को जागरूक किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी प्रक्रिया हेतु क्षमता विकास करना है, प्रशिक्षण के दौरान भूकंप बाढ़ आगजनी सर्वप्रथम प्राथमिक उपचार खोज एवं बचाव सुरक्षित निकासी तथा अन्य आवश्यक आपदा प्रबंधन उपाय के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कालेज प्रधानाचार्य ब्यूटी एवं समस्त स्टाफ नईमा ,अंजू, पल्लवी, अनीता, प्रेमा ,अंजुम आदि शिक्षिकाओ का सहयोग रहा।

# अवैध मादक पदार्थ व अफीम की तस्करी करने वाले दो युवक गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** थाना बंडा पुलिस की अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले 2 अभियुक्त को गिरफ्तार किया। कब्जे से 546 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम, 2 मोबाइल फोन एवं 1 काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना के नेतृत्व में वांछित एवं जिलाबदर अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्रों की रोकथाम तथा अफीम/चरस के बिक्री एवं निर्माण पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग एवं गश्त के दौरान 3 सितंबर तस्लीम पुत्र हाकिम अली ग्राम कटईया थाना निगोही तनिष्क सक्सेना सक्सेना पुत्र राजाराम ग्राम हथगाव थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

परशुरामपुरी थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में वांछित 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जरीयनपुर तिराहे के पास से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। पुलिस के अनुसार, एक सितंबर को पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अरमान समेत चार लोग उनकी करीब 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान मुकदमे में बीएनएस की धारा 64(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 की बढ़ोतरी की गई। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नगला नाथ निवासी अरमान पुत्र इरफान को जरीयनपुर तिराहे के पास से करीब 12 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में विवेचक उपनिरीक्षक पवन कुमार, कांस्टेबल प्रवीण कुमार और देवव्रत शामिल रहे। पुलिस के मुताबिक मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।




# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को छात्रों ने निकाली रैली

- जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- 12 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

गुरुवार को जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर के तत्वावधान में 12 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार-प्रसार विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को हरी झण्डी दिखाकर रैली रवाना की गयी। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा रैली के माध्यम से प्रचार-प्रसार का महत्व बताया। साथ ही साथ उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने न्यायालयों में लम्बित वादों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित करे। ताकि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायाधीश मोहम्मद रिजवान अहमद, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार-तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमार-तृतीय, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट ज्योति अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट मनीष कुमार सिंह एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण व एलएडीसीएस के अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर के समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।



# कैम्पस प्लेसमेंट में 40 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



- प्लेसमेंट में एक कंपनी ने की भागीदारी

**रोजा,शाहजहांपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा में गुरूवार को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। ताकि अधिक से अधिक आईटीआई पास युवाओं को रोजगार मिल सके। जिसमें एक कंपनी के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, डेटिंग, पेटिंग सहित अन्य ट्रेड़ के 150 अभ्यार्थी शामिल हुए। कंपनी के अधिकारियों ने 40 अभ्यर्थियों का चयन किया। कैम्पस प्लेसमेंट में महिंद्रा एंड महिंद्रा हरिद्वार के अधिकारियों ने अलग अलग ट्रेड़ के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी व्दारा ऑफर लेटर प्रदान किये। रोजगार मेले को सम्पन्न कराने में प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार, रविंद्र कुमार टीसीपी सेल प्रभारी का योगदान रहा।

# सरस्वती शिशु मंदिर मदनापुर में धूमधाम से मनाई गई राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता

**समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।**

सरस्वती शिशु मंदिर मदनापुर में गुरुवार को राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक बाल स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर में भक्ति एवं उल्लास का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य चेतन चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों का पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आचार्य अभिषेक सिंह, बलवीर, दीनानाथ सहित आचार्या बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में कक्षा अरुण (नर्सरी) से पंचम तक के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। राधा-कृष्ण के बाल स्वरूप में सजे बच्चों को देखकर निर्णायक मंडल, शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक भावविभोर नजर आए। निर्णायक मंडल द्वारा बच्चों की वेशभूषा, प्रस्तुति एवं आकर्षक स्वरूप के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया तथा प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं की घोषणा की गई। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य चेतन चौहान ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, आचार्य-आचार्या बहनों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में राधा-कृष्ण के स्वरूप की सामूहिक महाआरती उतारी गई। कार्यक्रम का कुशल संयोजन आचार्या बहनों ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं आचार्या बहनों का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता ने बच्चों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के प्रति श्रद्धा एवं उत्साह का संचार किया।



## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम



**शाहजहांपुर।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पुवायां में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा के मनमोहक स्वरूप में सज-धजकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों, भजन एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण एवं राधा के रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, सत्य, कर्म, सन्द्भाव एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अंत में विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार ने मिलकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। पूरा विद्यालय परिसर जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा।

# ट्यूलिप चिल्ड्रेन एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर हर्षोल्लास



**शाहजहांपुर।** पुवायां नगर के मोहल्ला हरदयाल कूंचा कबीरदान बाबा मंदिर के पास स्थित ट्यूलिप चिल्ड्रेन एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया। जिसमें आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की चैयरपर्सन वर्षा गोस्वामी की बिटिया वरेण्या भी राधारानी की वेशभूषा में सजी हुई नजर आई। स्कूल स्टाफ की ओर से बच्चों की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर विशेष तैयारियां कराई गई थी। बच्चों ने राधाकृष्ण की वेशभूषा में सबका मनमोह लिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल शिवानी सिंह, रिमझिम गुप्ता, कल्पना शर्मा, श्रृष्टि बाजपेयी, ललिता आदि मौजूद रहे।

# आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

▸ ठेकेदार का टेंडर निरस्त करने की मांग की

**समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।**

नगर पालिका परिषद परशुरामपुरी के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने आर्थिक शोषण और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए गुरुवार को उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने वर्तमान ठेकेदार का टेंडर निरस्त करने के साथ ही अधिशासी अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की। एसडीएम को दिए ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नए ठेकेदार, सफाई प्रभारी और अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। कर्मचारियों के मुताबिक वे वर्ष 2014 और



2017 से लगातार 2023 तक नगर पालिका में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य करते रहे हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023-24 में नए ठेकेदार के आने के बाद सफाई प्रभारी और अधिशासी अधिकारी एचएन उपाध्याय की मिलीभगत से उन्हें आउटसोर्सिंग पद से हटाकर दिहाड़ी मजदूरी पर रख दिया गया। उनका कहना है कि शासनादेश के तहत मिलने वाले अवकाश, बकाया एरियर और अन्य देय सुविधाओं का भुगतान भी रोक दिया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए 29 जुलाई 2026 को अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों ने वर्तमान ठेकेदार का टेंडर तत्काल निरस्त करने, सफाई प्रभारी एवं लिपिक के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने और संबंधित अधिशासी अधिकारी का स्थानांतरण करने की मांग की। साथ ही आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी के पद पर दोबारा नियुक्ति, बकाया एरियर, अवकाश और अन्य सुविधाओं का भुगतान कराने की मांग भी की। ज्ञापन देने वालों में मिथुन, विकास, विवेक, सचिन, नन्हे, किशनलाल, गोविंद, जीतू, अंकित, रोहन, सन्नी, चंदन, संजीव, संजय, अरविंद, संतोष, भानू, राजकुमार, अमर, करन, अनमोल और तरुण समेत बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से रेलवेकर्मी की मौत

**तिलहर, शाहजहांपुर।** रेलवे ट्रैक पर ठेकेदार द्वारा लगाए गए कर्मी ट्रेन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसके भाई ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव हटा दलेल पुर निवासी धर्मपाल पुत्र मनोहर लाल सुबह करीब साढ़े नौ बजे रेलवे ट्रैक पर ठेकेदार के जरिए काम पर गया था। बंथरा रेलवे फाटक के पोल संख्या 1245 के पास एक ट्रेन की चपेट में आने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया! जिसे उसके भाई वीर पाल ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल मिली सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। उक्त घटना से घर में कोहराम मच गया। कोतवाल प्रभास चंद्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# विश्वविद्यालय को मिली एआईयू की सदस्यता, उत्तर जोन में मिली जगह

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के नाम एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) ने विश्वविद्यालय को अपनी सदस्यता प्रदान की है। एआईयू की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह को भेजे गए पत्र में इसकी औपचारिक जानकारी दी गई है।

एआईयू की महासचिव डॉ. पंकज मित्तल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, एसोसिएशन ने स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के सदस्यता आवेदन पर विचार करने के बाद 31 जुलाई 2026 से प्रभावी रूप से सदस्यता प्रदान करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय को एआईयू के नॉर्थ जोन में स्थान दिया गया है। ज्ञात हो कि एआईयू देश के विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक समन्वय, अंतर-विश्वविद्यालय सहयोग, शासन व




विश्वविद्यालयों के बीच संपर्क, उच्च शिक्षा से जुड़े अकादमिक आदान-प्रदान तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण मंच है। एआईयू की सदस्यता से स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर की अंतर-विश्वविद्यालयीय गतिविधियों में भागीदारी के नए अवसर मिलने की संभावना है। विशेष रूप से युवा महोत्सव, खेलकूद, शोध एवं अकादमिक सम्मेलनों तथा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय की सहभागिता का दायरा बढ़ सकता है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय को इससे पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की धारा 2(एफ) के अंतर्गत मान्यता भी प्राप्त हो चुकी है। ऐसे में एआईयू की सदस्यता विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शैक्षणिक पहचान को और मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी मानी जा रही है। कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि एआईयू की सदस्यता विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय उच्च शिक्षा परिदृश्य से और अधिक मजबूती से जोड़ने में सहायक होगी।

## खबरें एक नजर में

### डिलीवरी के दौरान महिला की मौत, आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना निगोही पुलिस ने डिलीवरी के दौरान महिला की मौत के मामले में वांछित चल रहे चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को कैमुआ पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, 24 फरवरी को ग्राम पिपरिया बसखेड़ा निवासी सुधीर ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ग्लोबल अस्पताल निगोही में उसकी पत्नी सोनी देवी की डिलीवरी के दौरान गलत इंजेक्शन लगाए जाने से मौत हो गई। मामले में डॉक्टर रजनीश कुशवाह समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मुकदमे में एससी/एसटी एक्ट की भी बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी डॉ. रजनीश कुशवाह निवासी मलिकापुर, थाना बिलसंडा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### राजभवन में रेडक्रॉस की वार्षिक समीक्षा बैठक संपन्न

**लखीमपुर खीरी।** राजभवन, लखनऊ में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की वार्षिक समीक्षा बैठक राज्यपाल एवं रेडक्रॉस उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के सभी जनपदों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिसमें जनपद लखीमपुर खीरी की ओर से सभापति डॉ. रवींद्र शर्मा एवं सचिव आरती श्रीवास्तव ने जिले का प्रतिनिधित्व किया।बैठक के दौरान रेडक्रॉस खीरी के सभापति डॉ. रवींद्र शर्मा और सचिव आरती श्रीवास्तव ने जिले में रेडक्रॉस द्वारा किए गए मानवीय कार्यों और प्रमुख उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ ही उन्होंने जमीनी स्तर पर कार्य करने में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और समस्याओं को भी वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा, ताकि भविष्य में सामाजिक कार्यों को और अधिक सुगम बनाया जा सके।यह महत्वपूर्ण बैठक रेडक्रॉस उत्तर प्रदेश के सभापति व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,नेशनल हेड क्वार्टर दिल्ली की संयुक्त सचिव वनश्री, महासचिव रामानंद कटियार,उप सभापति अमरनाथ मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष अरुण सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में रेडक्रॉस के सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी व जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** गुरुवार को थाना सदर बाजार पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अपराध की रोकथाम, मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक 17 अगस्त को पीड़िता के परिजन की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर इन्तजार पुत्र मुश्तर, निवासी मोहल्ला अली जई, थाना सदर बाजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले में अन्य आरोपियों पर सहयोग करने का आरोप भी लगाया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। वांछित आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस को गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी इन्तजार अम्बा टाकीज के पास गिरफ्तारी से बचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र करीब 29 वर्ष बताई गई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## प्रेमी के घर में घुसी नाबालिग, परिजनों ने दी तहरीर

**तिलहर- शाहजहांपुर।** युवक से प्यार के चलते नाबालिग किशोरी उसके घर जा पहुंची, परिजनों ने उसकी मां को बुलाकर लड़की उसके हवाले कर दी। लेकिन वह घर से भाग निकली और कई घण्टे तक गन्ने के खेत में छिपने के बाद देर रात फिर प्रेमी के घर जा पहुंची। चूंकि लड़की नाबालिग है सो भय वश शादी भी मुमकिन नहीं। लिहाजा परिजनों ने एक संभ्रांत के जरिए दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। यह मामला तिलहर कोतवाली के विरसिंगपुर चौकी क्षेत्र का है। गुरुवार अपरान्ह कोतवाली गेट के बाहर से हवालात पर टिकटिकी लगाए अधेड़ से प्रयोजन पूंछने पर उसने बताया कि उसका 24 वर्षीय बेटे अनूप को पुलिस ने हवालात में डाल दिया है। क्यों! पूंछने पर बताया कि वह धानुक जाति का है, गांव के ही दूसरी विरादरी की 15 साल की लड़की बुधवार दोपहर उसके घर घुस आयी! इस पर उसने उसकी मां को बुलाकर उसे उनके हवाले कर दिया। बकौल ग्रामीण लड़की अपने घर से कुछ देर बाद ही दीवार कूदकर भाग गयी! और देर रात तक गन्ने के खेत में रहने के बाद रात करीब 11 बजे फिर उसके घर आ गयी ! गुरुवार सुबह उसने एक नेता जी की मार्फत लड़का और लड़की को पुलिस के हवाले कर दिया। समाचार भेजे जाने तक लड़का हवालात में और लड़की महिला डेस्क पर बैठी है। उधर विरसिंग पुर चौकी इंचार्ज अरुण कुमार गौतम ने बताया कि लड़की के परिवार की ओर से लड़की को भगा ले जाने की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

# गर्रा के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट, संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

▸ मनफूल कॉलोनी में नाले पर फ्लैप गेट लगाया, शहवेजपुर में कलवर्ट बंद कराया
▸ 65 बाढ़ चौकियां और 54 शरणालय तैयार

गर्रा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में अधिकारियों की निगरानी बढ़ा दी गई है। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने गर्रा नदी से सटे विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से बचाव के लिए किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

मनफूल कॉलोनी में गर्रा नदी से जुड़े नाले पर आबादी की ओर पानी का बैकफ्लो रोकने के लिए फ्लैप गेट लगाने का काम स्थानीय पार्षद मनीष गुप्ता की मौजूदगी में पूरा कराया गया। अधिकारियों के अनुसार नदी का जलस्तर बढ़ने पर फ्लैप गेट बैकफ्लो को नियंत्रित करने में मदद करेगा और आबादी में जलभराव की संभावना कम होगी। इसके बाद एडीएम ने अजीजगंज स्थित ककरा पुल पर पहुंचकर गर्रा नदी के जलस्तर का जायजा लिया। उन्होंने जलस्तर में हो रही वृद्धि पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। शहवेजपुर क्षेत्र में भी उन्होंने निरीक्षण किया। यहां गर्रा का पानी आबादी की ओर आने की आशंका को देखते हुए कलवर्ट पर मिट्टी डलवाकर उसे बंद करा दिया गया। जिले की सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है।

गंगा नदी भैसार ढाई घाट पर 142.980 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 143.650 मीटर है। रामगंगा डबरी घाट पर 136.670 मीटर है, खतरे का निशान 137.300 मीटर है। गर्रा नदी अजीजगंज पुल पर 146.750 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 148.800 मीटर है। खन्नौत नदी लोधीपुल पर 143.500 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 148.750 मीटर है।निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार भास्कर, सहायक अभियंता सतपाल सिंह, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, तहसीलदार सदर रिसी दीक्षित समेत राजस्व प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने लोगों से नदी और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाने की अपील की है।

बच्चों और बुजुर्गों को नदी व जलभराव वाले स्थानों से दूर रखने तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। आपात स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के नंबर 05842-462754, 05842-351037 और 05842-351038 पर सूचना दी जा सकती है।

# नेता प्रतिपक्ष लालबिहारी यादव ने सपा नेता स्वर्गीय कमलेश यादव और उनकी मां को पुष्पांजलि अर्पित की

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**

संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एवं समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वर्गीय कमलेश यादव और उनकी मां पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय सुमनलता यादव के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लालबिहारी यादव ने तमाम सपा समर्थकों के साथ मेडिकल कॉलेज प्रांगण में स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मेडिकल कालेज के सेमिनार हाल में आयोजित शोक सभा में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लालबिहारी यादव ने भावुक होते हुए कहा कि स्वर्गीय कमलेश यादव उन्हें अंतिम




बार शाहजहांपुर के एक कार्यक्रम में मिले थे। उन्होंने क्या पता था कि अब फिर कभी कमलेश उन्हें नहीं मिलेंगे। इसी के साथ उन्होंने एक आध्यात्मिक नेता की तरह स्वर्गीय कमलेश यादव के पिता संतनपाल सिंह यादव,छोटे भाई डॉ. नीलेश यादव और स्वर्गीय कमलेश यादव के पुत्र अभय यादव को सांत्वना देते हुए कहा कि उनके पदचिन्हों पर चलते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना ही कमलेश के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर अहमद खां, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, राजेश यादव, अमित यादव रिंकू, लोकसभा की प्रत्याशी रहीं ज्योत्सना कश्यप, डॉ0 शुचि कश्यप, रणंजय यादव, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, ओमपाल सिंह कुशवाहा, सैय्यद रिजवान अहमद,रामवीर सोमवंशी, श्यामलाल यादव, जिला पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र यादव, आलोक यादव, रोहित बहल आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। शोक सभा का संचालन शिक्षक श्यामलाल यादव ने किया।

## फूलबेहड़ और मितौली समेत कई थानों के बदले प्रभारी

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, जिले के 7 इंस्पेक्टर और थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में तत्काल प्रभाव से बदलाव किया गया है। इसके साथ ही मोहम्मदी सर्किल की अमीरनगर चौकी के प्रभारी को भी बदला गया है। तबादला सूची के अनुसार, फूलबेहड़, सिंगाही, मितौली, हैदराबाद और मझगई थानों को नए थाना प्रभारी मिले हैं। थानाध्यक्षों और इंस्पेक्टरों की नई तैनाती सूची-त्रिलोकी नाथ मौर्य-पुलिस अधीक्षक के पीआरओ पद से हटाकर थानाध्यक्ष फूलबेहड़ बनाया गया।दिलीप कुमार चौबे-प्रभारी निरीक्षक सिंगाही से ट्रांसफर कर थानाध्यक्ष मितौली नियुक्त किया गया।राजबहादुर सिंह- फरधान थाने की देवकली चौकी प्रभारी से प्रमोट कर थानाध्यक्ष सिंगाही की कमान सौंपी गई।महेश पाठक- थानाध्यक्ष मितौली के पद से हटाकर थानाध्यक्ष हैदराबाद की जिम्मेदारी दी गई।सुनील मलिक- थानाध्यक्ष हैदराबाद से ट्रांसफर कर थानाध्यक्ष मझगई बनाया गया।संतोष कुमार सिंह- प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ के पद से हटाकर आईजी लखनऊ रेंज कार्यालय से संबद्धता के आधार पर पुलिस लाइन भेजा गया।अनिल कुमार पंकज- थानाध्यक्ष मझगई के पद से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया।अमीरनगर चौकी प्रभारी भी बदलेइसी प्रशासनिक फेरबदल के क्रम में मोहम्मदी सर्किल के अंतर्गत भी बदलाव देखने को मिला है-संतोष तिवारी- पुलिस लाइन से हटाकर प्रभारी चौकी अमीरनगर (थाना मोहम्मदी) नियुक्त किया गया।धनंजय शुक्ला- चौकी प्रभारी अमीरनगर के पद से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया।पुलिस आलाधिकारियों द्वारा सभी स्थानांतरित पुलिस अफसरों को अपने नए तैनाती स्थल पर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

# रेल आवासों की नीची दीवारों से सुरक्षा को खतरा, महिलाएं पहुंचीं आईओडब्ल्यू कार्यालय

▸ आवासों की दीवारें ऊंची कराने कंटीले तार लगवाने और झाड़ियों की सफाई की मांग की

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

रोजा रेलवे के आवासों में सुरक्षा सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को रेलकर्मी महिलाओं समेत कई कर्मचारी आईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचे। उन्होंने वरिष्ठ कार्य अभियंता को लिखित प्रार्थना पत्र देकर आवासों की नीची दीवारें ऊंची कराने, कंटीले तार लगवाने और आसपास की झाड़ियों की सफाई कराने की मांग की। रेल कर्मचारियों ने बताया कि कई रेल आवासों के आंगन की दीवारें काफी नीची हैं। ऐसे में कोई भी बाहरी व्यक्ति आसानी से दीवार फांदकर आवास के



अंदर प्रवेश कर सकता है। आवासों के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां भी उगी हुई हैं, जिनमें कोई व्यक्ति छिप सकता है। इससे परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

**पति ड्यूटी पर रहते हैं बाहर, महिलाओं को रहती है चिंता:** रेल कर्मचारी महिलाओं ने बताया कि उनके पति ड्यूटी के कारण कई बार दो-तीन दिन तक घर से बाहर रहते हैं। इस दौरान उन्हें बच्चों के साथ अकेले रहना पड़ता है। नीची दीवारों और झाड़ियों के कारण उन्हें किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। महिलाओं ने मांग की कि आवासों के आंगन की दीवारों को ऊंचा कराया जाए और उनके ऊपर कंटीले तारों से घेराव कराया जाए। साथ ही आवासों के पीछे और आसपास उगी झाड़ियों की सफाई कराई जाए, ताकि परिवार सुरक्षित माहौल में रह सकें।

**प्रस्ताव बनाकर भेजने का आश्वासन**

समस्याओं को लेकर रेलकर्मियों और महिलाओं की अधिकारी से काफी देर तक बातचीत हुई। वरिष्ठ कार्य अभियंता ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि आवासों की समस्याओं को लेकर प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।

# सीएमओ कार्यालय पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का फूटा गुस्सा

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

▸ सैलरी कटने और दवाओं की कमी को लेकर जमकर की नारेबाजी

जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया, जब सैकड़ों की संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए।आक्रोशित स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासनिक रवैये पर गंभीर सवाल खड़े किए। प्रदर्शनकारी सीएचओ का आरोप है कि सीएमओ खीरी द्वारा बिना कोई वैध कारण बताए उनके वेतन में भारी कटौती कर दी गई है। प्रदर्शन कर रहे अधिकारियों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा,हम लोग दिन-रात फील्ड में रहकर पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करते हैं, इसके बावजूद हमारे खातों में महज आधी सैलरी भेजी गई है। वेतन काटने का कोई कारण भी हमें नहीं बताया गया।

**अस्पतालों में पैरासिटामोल तक नहीं, इंडेंट के लिए पैसे नहीं:** धरना प्रदर्शन के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और अपनी कामकाजी मजबूरियों का भी खुलासा किया। सीएचओ ने बताया कि उप-केंद्रों पर मरीजों को देने के लिए पैरासिटामोल जैसी बुनियादी दवाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। हद तो यह है कि दवाओं की डिमांड (इंडेंट) ऑनलाइन पोर्टल पर लगाने के लिए भी उनके खातों में पैसे नहीं हैं। वे बेहद विपरीत और अभावपूर्ण परिस्थितियों में नौकरी करने को मजबूर हैं।सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सीएचओ ने सीएमओ कार्यालय परिसर को ही अपना धरना स्थल बना लिया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी काटी गई सैलरी वापस नहीं की जाती और पांच सूत्रीय मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक उनका यह धरना प्रदर्शन और आंदोलन जारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन से ग्रामीण इलाकों की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

# जलभराव देख डीएम ने मौके पर पकड़ी समस्या, दूसरा पंप लगाने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

▸ गंगोत्री नगर के लो लैंड क्षेत्र में पहुंचे डीएम
▸ मोहल्लेवासियों से सीधे संवाद कर जानी उनकी परेशानी

गंगोत्री नगर के लो-लैंड क्षेत्र में जलभराव की सूचना पर बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने जलभराव की स्थिति देखी और मोहल्लेवासियों से सीधे संवाद कर समस्या की वास्तविक स्थिति जानी। एक पंप से पानी की निकासी धीमी मिलने पर डीएम ने तत्काल दूसरा पंप लगाने के निर्देश दिए, जिससे जलनिकासी में तेजी लाई जा सके।

डीएम के साथ एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवाराजु आर. और नगर पालिका परिषद के ईओ संजय कुमार भी मौजूद रहे। डीएम ने मौके पर सैम्पवेल के माध्यम से हो रही जलनिकासी की व्यवस्था देखी और अधिकारियों से पंप की क्षमता व निकासी की गति की जानकारी ली। अपेक्षाकृत धीमी निकासी पर उन्होंने अतिरिक्त पंप लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जब तक जलभराव पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक निकासी व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाए। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं और नगर पालिका सहित संबंधित विभाग



आपसी समन्वय से काम करें। अतिरिक्त पंप लगाने की कार्रवाई भी मौके पर तत्काल शुरू कर दी गई।

**मोहल्लेवासियों से सीधे सुनी समस्या:** डीएम ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर यह भी जाना कि जलभराव किस दिशा से हो रहा है और पानी की निकासी में कहां अड़चन आ रही है। लोगों ने धीमी जलनिकासी समेत अपनी समस्याएं डीएम के सामने रखीं। डीएम ने अधिकारियों को मौके की वास्तविक स्थिति के आधार पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने लोगों को भविष्य के लिए भी सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मकान बनाने या जमीन खरीदने से पहले केवल जमीन की कीमत न देखें, बल्कि रास्ता, नाली, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी जरूर परखें। कम कीमत की जमीन बाद में जलभराव जैसी परेशानी का कारण बन सकती है। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान में मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन और त्वरित कार्रवाई प्राथमिकता होनी चाहिए। जलभराव समाप्त होने तक क्षेत्र में प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था बनाए रखने और लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

## कल आयोजित होगा नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कैंप

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ऋण योजना के अंतर्गत इच्छुक लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी एवं नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 5 सितंबर को प्रात: 10 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में इच्छुक लाभार्थियों को योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कराया जाएगा। अत: मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ऋण योजना के अंतर्गत आवेदन करने के इच्छुक लाभार्थी 5 सितंबर को प्रात: 10 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अपने स्मार्ट फोन एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**सूचना**

मैं ARASUMANI MURMU मेरे पुत्र आर्मी नं. JC563643P रैंक-NB/SUB, KANHU MURM, VILL.-PURUNAPANI, POST-TALPADA, P.S.-BADASAHI, TEH-BADASAHI, VIA-BADSAHI, DISTT-MAYURBHANJ, STATE-ODISHA, PIN-757026 के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम ARASU MURMU व जन्मतिथि-10.07.1960 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि सिविल दस्तावेज में मेरा आधार कार्ड नं0-229443065342 और पैन कार्ड नं. -JWFPM1857M में मेरा वास्तविक सही नाम ARASUMANI MURMU व सही जन्मतिथि-12.02.1965 है।

## अब रोजगार की बारी

दि भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक उथल-पुथल के बीच 7.8 प्रतिशत की विकास दर दर्ज कर निस्संदेह उम्मीद जगाई है। युद्ध की आशंका, महंगा कच्चा तेल, रुपये पर दबाव और अमेरिकी टैरिफ जैसी चुनौतियों के बीच यह आंकड़ा बताता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में अब पहले से कहीं अधिक प्रतिरोधक क्षमता है। लेकिन आर्थिक आंकड़ों की चमक के बीच एक सवाल अनदेखा नहीं किया जा सकता—क्या यह विकास आम आदमी की आय और रोजगार तक भी उसी ताकत से पहुंच रहा है? यही वह बिंदु है, जहां 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का उत्सव एक गंभीर आर्थिक बहस में बदल जाता है। अप्रैल से जून की तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय आई, जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षाकृत धीमी रहीं। अमेरिका की वृद्धि 1.5 प्रतिशत और ब्रिटेन की 0.4 प्रतिशत रही, जबकि चीन 4.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा। भारत ने दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी तेज वृद्धि का स्थान बनाए रखा। इस प्रदर्शन के पीछे घरेलू मांग, सरकारी निवेश, निजी क्षेत्र की गतिविधियों और निर्यात का योगदान रहा। सूचीबद्ध कंपनियों के मुनाफे में उछाल और बैंक कर्ज में वृद्धि संकेत देती है कि आर्थिक गतिविधियां व्यापक रूप से आगे बढ़ रही हैं। प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद निर्यात में वृद्धि भी उत्साहजनक है। लेकिन यहीं से अगला सवाल पैदा होता है—क्या यह रफ्तार टिकाऊ है?

सरकार के पूंजीगत खर्च ने आर्थिक गतिविधियों को सहारा दिया है। हाईवे, रेलवे और बिजली ढांचे पर लगातार निवेश से ऐसी आधारभूत संरचना तैयार हुई है, जिसका लाभ अब निजी क्षेत्र उठा रहा है। डाटा सेंटर, बिजली संयंत्र और नई औद्योगिक इकाइयों में निवेश की संभावनाएं इसी का परिणाम हैं। आयकर में राहत और जीएसटी की कुछ दरों में कटौती ने उपभोक्ताओं की जेब में अतिरिक्त पैसा पहुंचाया, जिससे मांग को बल मिला। संकट के दौर में ईंधन कीमतों को नियंत्रित रखने की कोशिश ने भी महंगाई और परिवहन लागत को अचानक बढ़ने से रोका। रिजर्व बैंक ने रुपये पर दबाव कम करने और विदेशी मुद्रा प्रवाह बनाए रखने के लिए कदम उठाए। पर्याप्त खाद्यान्न भंडार ने भी खाद्य कीमतों को नियंत्रण से बाहर जाने से रोका। सरकार और केंद्रीय बैंक की यह समन्वित रणनीति निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा कवच साबित हुई। लेकिन आर्थिक प्रबंधन की असली परीक्षा अभी बाकी है।

कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए हमेशा जोखिम रही हैं। लंबे समय तक महंगा तेल रहने पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखना सरकार के वित्तीय बोझ को बढ़ाएगा। यह स्थिति ज्यादा लंबी खिंची तो सरकार को या तो घरेलू ईंधन कीमतों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी करनी होगी या विकास कार्यों के खर्च पर दबाव स्वीकार करना होगा। दोनों विकल्प आसान नहीं हैं। दूसरा खतरा मौसम से है। अच्छी बारिश से खरीफ फसलों का रकबा सुधरा है, लेकिन मानसून की अनिश्चितता चिंता का विषय बनी हुई है। गेहूं और चावल के पर्याप्त भंडार के कारण तत्काल संकट सीमित है, पर दलहन, तिलहन, फल-सब्जियों और पोल्ट्री उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हुई तो खाद्य महंगाई तेजी से बढ़ सकती है। महंगाई बढ़ी तो रिजर्व बैंक के सामने ब्याज दरों को लेकर सख्त रुख अपनाने का दबाव बढ़ेगा। इसका अर्थ होगा महंगे ऋण और बढ़ी हुई ईएमआई। यानी एक तरफ विकास को गति देने की जरूरत होगी और दूसरी तरफ महंगाई पर लगाम लगाने की मजबूरी।

अमेरिकी टैरिफ भारत के लिए एक और बड़ी चुनौती है। भले ही कुछ प्रमुख उत्पादों को राहत मिली हो, लेकिन परिधान, चमड़ा तथा रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम आधारित क्षेत्रों पर इसका दबाव रोजगार के लिहाज से ज्यादा गंभीर है। यहां सरकार को केवल बयानबाजी से आगे बढ़ना होगा। निर्यातकों को सस्ता ऋण, बेहतर लॉजिस्टिक्स और प्रतिस्पर्धी लागत उपलब्ध कराने के साथ नए बाजारों में तेजी से प्रवेश करना होगा। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों को जल्द लागू करना इसी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए।

भारत को यह भी समझना होगा कि किसी एक बड़े बाजार पर अत्यधिक निर्भरता आर्थिक जोखिम बढ़ाती है। निर्यात बाजारों का विविधीकरण अब विकल्प नहीं, आवश्यकता है। यदि अमेरिकी बाजार में संरक्षणवादी नीतियां लंबी चलती हैं तो भारतीय उद्योगों को वैकल्पिक बाजारों के साथ घरेलू मांग को भी मजबूत करना होगा। सबसे बड़ी चुनौती रोजगार है। जीडीपी बढ़ रही है, कंपनियों के मुनाफे बढ़ रहे हैं और निवेश का माहौल सुधर रहा है, फिर भी यदि पर्याप्त नई नौकरियां नहीं बनतीं तो विकास की यह कहानी अधूरी रह जाएगी। भारत की युवा आबादी को केवल तेज आर्थिक वृद्धि का आंकड़ा नहीं चाहिए। उसे स्थायी रोजगार, बेहतर वेतन और आगे बढ़ने के अवसर चाहिए। निजी निवेश तभी वास्तविक आर्थिक सफलता में बदलेगा जब नई फैक्ट्रियों और परियोजनाओं के साथ बड़ी संख्या में रोजगार भी पैदा हों। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि निवेश केवल पूंजी-प्रधान क्षेत्रों तक सीमित न रहे। श्रम-प्रधान विनिर्माण, छोटे उद्योग, निर्यात आधारित इकाइयां और सेवा क्षेत्र रोजगार के बड़े स्रोत बन सकते हैं। यही वे क्षेत्र हैं जहां नीतिगत प्रोत्साहन का सीधा असर आम परिवारों की आय पर पड़ सकता है। 7.8 प्रतिशत की वृद्धि निश्चित रूप से उपलब्धि है, लेकिन इसे मंजिल समझना भूल होगी। सरकार और रिजर्व बैंक ने संकट के दौर में अर्थव्यवस्था को संभालने की क्षमता दिखाई है। अब उन्हें अगली चुनौती के लिए तैयार होना होगा। उपभोग को मिली कर राहत की ऊर्जा हमेशा नहीं चल सकती।

### दो टूक




# श्रीकृष्ण का जीवन-दर्शन आज भी देता है नई राह


योगेश कुमार गोयल




भाद्रपक्ष कृष्ण अष्टमी का पावन पर्व सम्पूर्ण भारतवर्ष में भारतीय जनमानस के नायक, योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ मनाया जाता है। जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और जीवन-दर्शन में श्रीकृष्ण के विराट व्यक्तित्व और उनके लोक कल्याणकारी संदेशों का स्मरण कराने वाला पर्व है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार, भाद्रपक्ष कृष्ण अष्टमी की अर्धरात्रि में रोहिणी नक्षत्र और वृष राशि के संयोग में मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ था। अत्याचारी कंस के आतंक से त्रस्त मथुरा में श्रीकृष्ण का जन्म अन्याय और अधर्म के विरुद्ध धर्म, सत्य और न्याय की विजय की आशा का प्रतीक बना। पौराणिक मान्यता के अनुसार, श्रीकृष्ण भगवान विष्णु के पूर्णावतार माने जाते हैं और उनके व्यक्तित्व में बाल-सुलभ चंचलता, अद्भुत करुणा, अनुपम प्रेम, असाधारण पराक्रम, दूरदर्शी कूटनीति तथा गहन आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने भगवद्गीता के माध्यम से कर्म, धर्म और कर्तव्य का ऐसा कालजयी संदेश दिया, जो आज भी मानवता का मार्गदर्शन करता है। इस वर्ष 4 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण की 5253वीं जन्माष्टमी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है। मंदिरों में विशेष सजावट, झांकियों, भजन-कीर्तन और मध्यरात्रि में भगवान के जन्मोत्सव के साथ यह पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। जन्माष्टमी के दिन देशभर में मंदिरों को सजाया जाता है, लोग रात्रि के 12 बजे तक व्रत रखते हैं और रात्रि 12 बजे शंख और घंटों की ध्वनि के जरिये भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खबर चारों दिशाओं में गूंज उठती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल्यकाल में अनेकों लीलाएं की, जन्माष्टमी के अवसर पर ऐसी ही अनेक लीलाओं का मंचन किया जाता है। सही मायनों में श्रीकृष्ण हमारे इतिहास के अभिन्न अंग हैं, जिनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व जितना मोहक था, उतना ही रहस्यमयी भी और उतनी ही अनोखी थी उनकी लीलाएं। बाल्यावस्था से लेकर जीवनपर्यन्त लीलाएं करते रहे श्रीकृष्ण में कभी भगवान के दर्शन होते हैं तो कभी वे एक साधारण मानव सरीखे प्रतीत होते हैं।

दिलचस्प तथ्य यह है कि मानव के रूप में भी श्रीकृष्ण उतना ही आकर्षित करते हैं, जितना कि भगवान के रूप में। उनका एक-एक कार्य मन में गहरा स्थान बना जाता है। उनके आदर्श, उनके जीवन की विद्वत्ता, वीरता, कूटनीति, योगी सदृश उज्ज्वल, निर्मल एवं प्रेरणादायक पक्ष, सब हमारे लिए अनुकरणीय हैं। श्रीकृष्ण को प्रेम एवं मित्रता के अनुपम प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। बचपन के निर्धन मित्र सुदामा को उन्होंने अपने राज्य में जो मान-सम्मान दिया, वह मित्रता का अनुकरणीय उदाहरण बना।

श्रीकृष्ण की लीलाओं को समझना जहां पहुंचे हुए ऋषि-मुनियों और बड़े-बड़े विद्वानों के बूते से भी बाहर था, वहीं अनपढ़, गंवार माने जाते रहे निरक्षर और भोले-भाले ग्वाले और गोपियां उनका सानिध्य पाते हुए उनकी दिव्यता का सुख पाते रहे। उन्हें कन्हैया कहें या कृष्ण, पीताम्बर कहें या वासुदेव या फिर देवकीनंदन अथवा यशोदानंदन, वास्तव में श्रीकृष्ण का भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। वे महाभारत काल के ऐसे आध्यात्मिक एवं राजनीतिक दृष्टा रहे, जिन्होंने धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए दुर्जनों का संहार किया। वे शांति, प्रेम एवं करूणा के साकार रूप थे।

महाभारत युद्ध के समय शांति के सभी प्रयास विफल होने पर उन्होंने संशयग्रस्त धनुर्धारी अर्जुन को ज्ञान का उपदेश देकर कर्तव्य मार्ग पर अग्रसर किया और अन्याय की सत्ता को उखाड़ने के लिए अपने ही कौरव भाइयों के साथ युद्ध करते हुए उन्हें अपने कर्मों का पालन करने के लिए गीता का उपदेश दिया। युद्ध के समय वे हर पल धर्म की रक्षा करने के लिए अधर्म करने वालों के खिलाफ खड़े नजर आए, इसीलिए उन्हें अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। गीता में उपदेश देते हुए श्रीकृष्ण ने कहा थाः-

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम।।

अर्थात् हे भारत! जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब ही मैं अपने रूप को रचता हूं अर्थात् साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूं।

बाल्यकाल से लेकर बड़े होने तक श्रीकृष्ण की अनेक लीलाएं विख्यात हैं। श्रीकृष्ण ने अपने बड़े भाई बलराम का घमंड तोड़ने के लिए हनुमान जी का आव्हान किया था, जिसके बाद हनुमान ने बलराम की वाटिका में जाकर बलराम से युद्ध किया और उनका घमंड चूर-चूर कर दिया था। श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक असुर के बंदीगृह से 16100 बंदी महिलाओं को मुक्त कराया था, जिन्हें समाज द्वारा बहिष्कृत कर दिए जाने पर उन महिलाओं ने श्रीकृष्ण से अपनी रक्षा की गुहार लगाई और तब श्रीकृष्ण ने उन सभी महिलाओं को अपनी रानी होने का दर्जा देकर उन्हें सम्मान दिया था। अपने एक उपदेश में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा थाः-

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।।

अर्थात् साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए, पाप कर्म करने वालों का विनाश करने के लिए और धर्म की अच्छी तरह से स्थापना करने के लिए मैं युग-युग में प्रकट हुआ करता हूं।

श्रीकृष्ण का स्वरूप कितना दिव्य था, इसकी अनुभूति इसी से हो जाती है कि एक ओर जहां अपने स्तनों पर विष लेप कर मां का रूप धारण कर दूध पिलाने आई राक्षसी पूतना का दूध पीकर श्रीकृष्ण उसे मां का सम्मान देते हैं तो दूसरी ओर उसकी दुष्टता के लिए उसका वध भी करते हैं। श्रीकृष्ण ने लंबे समय तक द्वारका पर शासन किया, इसीलिए उन्हें द्वारकाधीश नाम से भी जाना जाता है। 36 वर्ष तक द्वारका पर शासन करने के बाद वे परम धाम को प्राप्त हुए थे। पाप-पुण्य, नैतिक-अनैतिक, सत्य-असत्य से परे पूर्ण पुरुष की अवधारणा को साकार करते श्रीकृष्ण भारतीय परम्परा के ऐसे प्रतीक हैं, जो जीवन का प्रतिबिम्ब हैं और सम्पूर्ण जीवन का चित्र प्रस्तुत करते हैं।

उनका चित्र जनमानस के हृदय पटल पर एक कुशल नेतृत्वकर्ता, योद्धा, गृहस्थी, सारथी, योगीराज, देवता इत्यादि विविध रूपों में अंकित है। श्रीकृष्ण बंधन भी हैं और मुक्ति भी, एक ओर जहां वे अपने भक्तों को अपने आकर्षण में बांधते हैं तो उन्हीं भक्तों को मोह-माया के बंधन से मुक्त भी करते हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# तस्वीरों में दिखा मोदी का कूटनीतिक सफर

सर्वमित्रा सुरजन

कि र्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी के बयानों और व्यवहार को लेकर फिर सुर्खियां बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बनाई विदेश नीति में कैमरे में कैद छवियों को अहम बना दिया है। अब तक देश में जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सबकी विदेश यात्राओं में इस बात पर ध्यान दिया जाता था कि भारत के हित में कौन से समझौते हुए, वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति मजबूत करने के लिए किन देशों के साथ उसके मैत्री संबंध प्रगाढ़ हुए हैं, गुटनिरेपक्षता के सिद्धांत को इन संबंधों में कितनी तरजीह दी जा रही है। लेकिन अब ऐसे सारे सवाल उठते ही नहीं। बेशक व्यापार और रक्षा समझौतों की बात होती है, लेकिन उसके अलावा खबरों में यही दिखाया जाता है कि नरेन्द्र मोदी ने किस देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया, गले मिले, किसके साथ एक कार में सफ्र किया, कौन से उपहार दिए या लिए और हां इन सबसे पहले यह बताया जाता है कि कौन से देश ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिया। गोया, यह भारत के प्रधानमंत्री की नहीं, नरेन्द्र मोदी की विशेष उपलब्धि हो। बहरहाल, बिश्केक में भी नरेन्द्र मोदी के अन्य नेताओं के साथ मिलने और बात करने की तस्वीरें, वीडियो आते रहे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ नरेन्द्र मोदी ने एक कार में सफर किया, उसकी तस्वीरें सामने आईं।

फिर एक वीडियो आया जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन साथ आते हैं और सामने से नरेन्द्र मोदी जिनपिंग से हाथ मिलाते हैं और उसी समय दूसरे हाथ से पुतिन का हाथ भी थामते हैं। विश्व की दो महाशक्तियों के साथ एक हाथ मिलाते नरेन्द्र मोदी काफी शक्तिशाली प्रधानमंत्री लग सकते हैं। लेकिन ये शक्ति तब भी नजर आनी चाहिए जब अरुणाचल प्रदेश समेत कई हिस्सों में चीन अपनी घुसपैठ करता है या फिर पाकिस्तान को भारत के खिलाफमदद करता है। एक समूह चित्र खिंचवाने से पहले का भी वीडियो आया, जिसमें नरेन्द्र मोदी पुतिन से हाथ मिलाते हुए आगे बढ़ते हैं, उन्हें लगता है कि पुतिन उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन पुतिन उन्हें दूसरी तरफकर खुद लगभग केंद्र में आ जाते हैं, फिर उनके बगल में आकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को खड़ा कर दिया जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री किस तरह पुतिन के बाजू में खड़े किए गए और नरेन्द्र मोदी लगभग किनारे क्यों खड़े किए गए, यह क्रम किस आधार पर तय हुआ, यह विदेश मंत्रालय ही बेहतर बता सकेगा। हालांकि इस समूह चित्र को जब पाकिस्तान प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर शेयर किया तो इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटा दिया और लिखा प्रधानमंत्री मोहम्मद शहबाज शरीफ 1 सितंबर 2026 को किर्गिस्तान के बिश्वेक में एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफस्टेट समिट में राष्ट्राध्यक्षों के साथ एक ग्रुप फोटो में। फिर शाहबाज शरीफ ने पूरी निर्लज्जता के साथ अपने एक्स हैंडल पर उसी फोटो को शेयर किया है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने इस तस्वीर को वैसे ही शेयर किया, जैसे वह खींची गई थी। मोदी के हैंडल से शेयर हुई फोटो में शाहबाज शरीफभी हैं। अच्छा है कि भारत ऐसे ओछेपन से अब तक बचा हुआ है। क्योंकि पाकिस्तान की सरकार लगातार इसी तरह का ओछापन दिखाती रही है और अब मक्का रक्षा समझौते के बाद उसके ऐसे दुस्साहस कुछ और बढ़ सकते हैं, क्योंकि इसमें शुरुआती तीन सालों के लिए जिम्मेदारी पाकिस्तानी के सैन्य प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को ही मिली है।

गौरतलब है कि नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन (नाटो) की तर्ज पर सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच 7 अगस्त 2026 को एक त्रिपक्षीय सामूहिक रक्षा समझौता हस्ताक्षरित किया गया है। इस समझौते के तहत यदि किसी एक देश पर बाहरी हमला होता है, तो उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा (जो नाटो के आर्टिकल-5 की तरह है)। इसे इस्लामिक नाटो भी कहा जा रहा है। इस समझौते का दायरा बढ़ाए जाने की संभावना है और संभव है कि निकट भविष्य में बांग्लादेश भी इसका सदस्य बन जाए। तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने दावा किया है कि मक्का समझौता किसी भी देश के खिलाफनहीं है। इस समझौते से क्षेत्रीय स्थिरता में वृद्धि होगी और अनिश्चितता में कमी आएगी। हर संगठन अपनी स्थापना को लेकर नेक इरादे ही प्रकट करता है, लेकिन उसका विस्तार या प्रभाव दिखाना होता है, तो फिर उसमें उन देशों को निशाने पर लिया जाता है, जिनसे हित टकराते हैं। यूक्रेन और रूस के बीच पिछले चार सालों से चल रही जंग इसका उदाहरण है। नाटो देश यूक्रेन को अपने प्रभाव में लेना चाहते हैं। यूक्रेन भी नाटो का सदस्य होना चाहता है, लेकिन रूस इसका विरोध कर रहा है, क्योंकि वह जानता है कि एक बार नाटो का प्रभाव उसकी सीमाओं तक आ गया तो फिर शीतयुद्ध के दौर जैसे हालात बन जाएंगे। यूक्रेन जिस तरह बार-बार अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों से सहानुभूति बटोरते हुए युद्ध में टिके रहने के लिए उनसे सामरिक मदद मांग रहा है, यह इस बात का उदाहरण है कि रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, पर्दे के पीछे नाटो की शक्ति भी काम कर रही है। इस मिसाल को देखते हुए मक्का समझौते के बाद भारत को विशेष तौर पर सचेत रहने की जरूरत है। क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त ही हमने देखा है कि कैसे अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच दखलंदाजी की और पाकिस्तान ने इसका स्वागत किया। अब क्षेत्रीय स्थिरता और शांति के नाम पर अगर पाकिस्तान फिर किसी अनावश्यक संघर्ष को बढ़ाएगा तब भारत केवल पाकिस्तान से मुकाबला नहीं करेगा, हो सकता है पीछे से सऊदी अरब और तुर्की भी साथ रहें। भारत के लिए विदेश नीति की चुनौतियां अब पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी से उम्मीद की जाती है कि वे फोटो-वीडियो, हाथ मिलाने-गले मिलने पर ध्यान देने की जगह इन चुनौतियों की जटिलताओं को समझें। अभी बिश्वक में नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन से अपील की कि वे यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

मोदी ने एंडलेस वॉर की जगह वॉर के एंड पर जोर दिया। ऐसी लफ्फाजी से बेहतर है कि वे ठोस तथ्यों पर बात करें। यह सही है कि चार सालों से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसे मोदी क्यों एंडलेस यानी अंतहीन बता रहे हैं। इसका मतलब वे रूस पर दोषारोपण कर रहे हैं कि वह युद्ध खत्म नहीं कर रहा। इससे पहले भी मोदी पुतिन से कई बार इसी तरह की अपील कर चुके हैं, हालांकि उसका कोई नतीजा नहीं निकला। बल्कि 2024 में जब मोदी यूक्रेन गए और वहां जेलेंस्की से मुलाकात की, तो इसके करीब ढाई महीने बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को रूस में पुतिन के सामने बैठकर इस मुलाकात पर सफाई पेश करनी पड़ी थी। भारत वैश्विक शांति का हमेशा से पक्षधर रहा है। प. नेहरू ने गुटनिरपेक्ष और पंचशील का सिद्धांत शांति के मद्देनजर ही दिया था। लेकिन खुद मोदी सरकार ने विदेश नीति में गुटनिरपेक्षता को गौण बना दिया है, यह जाहिर है। इसलिए अगर मोदी पुतिन को युद्ध खत्म करने कह सकते हैं, तो यही रवैया उन्हें इजरायल और अमेरिका के साथ भी अपनाना चाहिए। फिलीस्तीन पर नरेन्द्र मोदी सरकार ने न केवल चुप्पी बरती बल्कि मोदी इजरायल जाकर बेंजामिन नेतन्याहू से मिले, उनसे सम्मान ग्रहण किया, आतंकवाद के खात्मे की बात की, तो यह सब गजा में चल रहे नरसंहार को समर्थन जैसा ही है। क्योंकि इजरायल के लिए आतंकवाद का दूसरा नाम हमास है। इसके बाद ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले में भी मोदी ने प्रतिक्रिया देने में न केवल देर की, बल्कि इस तरह प्रतिक्रिया दी कि कहीं से इजरायल और अमेरिका की हरकत का विरोध नजर नहीं आया। अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के बावजूद नरेन्द्र मोदी ने अफ्सोस जाहिर नहीं किया। तो रूस से अगर मोदी कह रहे हैं कि यूक्रेन के साथ युद्ध को खत्म किया जाए, तो यही बात उन्हें खुल कर इजरायल और अमेरिका को भी कहनी होगी। वैश्विक मंच पर भारत का इकबाल इसी तरह नजर आएगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## बेटी की फीस के लिए...!

**यूं नंगे पाँव दौड़ी माँ, साड़ी में लिपटी थी ममता,**
**आँखों में एक सपना बेटी की पढ़ाई व क्षमता।**
**रास्ते में पत्थर-दग्गड हैं आए, पाँवों में चुभते रहे,**
**लोग तमाशा देखते रहे, माँ कदम बढ़ाती रही।**

**न जूते की चाह रही, न जीत का कोई अभिमान,**
**माँ के लिए तो बेटी ही दुनिया में उसका सम्मान।**
**3 हज़ार की जीत नहीं, ये हौसले की कहानी थी,**
**इनाम की हर पाई में बेटी को पढ़ाएँ निशानी थी।**

**जिस उम्र में आराम चाहिए, उसमें दौड़ लगा दी,**
**माँ ने अपनी जीत बेटी के भविष्य पर लुटा दी।**
**ये कौन कहता है सपनों की कीमत बड़ी होती है?**
**माँ की मेहनत साथ है मुश्किल भी छोटी होती है।**

**नमन उस माँ को जिसने दुनिया को ये समझाया,**
**बेटी की फीस के आगे माँ ने अपना दर्द भुलाया।**
**उसके नंगे पाँवों ने शायद ये नया इतिहास लिखा,**
**माँ ने दौड़ जीती, जीत में बेटी का भविष्य दिखा।**
*(संदर्भ -47 की रमाबाई फीस के लिए नंगे पैर मैराथन दौड़ीं)*



# पंजाब में अनाज घोटाले का शोर

उमेश चतुर्वेदी

आम आदमह्यह्यह्यह्यह्यी पार्टी के गठन का प्रमुख उद्देश्य भ्रष्टाचार से राजनीति को मुक्त करके उसमें शुचिता लाना था। लेकिन क्या आम आदमी पार्टी इस उद्देश्य में सफल रही। पंजाब सरकार पर काबिज आम आदमी पार्टी के रवैये से तो ऐसा नहीं दिख रहा। बल्कि वह पिछली कांग्रेसी सरकार के भ्रष्टाचार की धारा को ही आगे बढ़ाती दिख रही है। यह कहना है कि राज्य के अनाज आपूर्ति घोटाले के व्हिसल ब्लोअर गुरप्रीत सिंह का। गुरप्रीत सिंह का आरोप है कि इन घोटालों से राज्य को हजारों करोड़ का चूना लगा है। इससे हुई कमाई की बंदरबाट राज्य के मंत्रियों और ताकतवर अफसरों के बीच हुई है।

बीते अप्रैल में राज्य के बीजेपी प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी पंजाब सरकार पर आरोप लगाया था कि अनाज रखने वाली बोरियों की खरीद में भारी घोटाला किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य में 22 रूपए की दर से बोरी मिल रही थी, लेकिन आम आदमी पार्टी सरकार ने उसे तकरीबन दोगुने यानी 43 रूपए 89 पैसे की दर से खरीदा। इस घोटाले की उन्होंने जांच की मांग की थी। हालांकि बीजेपी अभी चुप है, लेकिन आने वाले दिनों में उसकी चुप्पी टूट सकती है। दिल्ली के शराब घोटाले की तर्ज पर उसकी पंजाब सरकार पर अनाज खरीद घोटाले के आरोप लग रहे हैं। वैसे आरोप पुरानी कांग्रेस सरकार पर लगे थे। राज्य में नई सरकार आने के बाद आम आदमी पार्टी की जिम्मेदारी थी कि इसे रोके और उचित कानूनी उपाय करे। लेकिन जिस तरह से इस मामले की अनदेखी राज्य की मौजूदा सरकार कर रही है, उससे लगता नहीं कि वह इस मामले में ईमानदार है। ह्विसल ब्लोअर गुरप्रीत सिंह का कहना है कि इस सिलसिले में वे अधिकारियों और मंत्रियों से कई बार मिले, लेकिन बात कहीं से आगे बढ़ती नहीं दिख रही। राज्य में विधानसभा के चुनाव की उलटी गिनती शुरू होने में देर है। लेकिन जिस तरह अनाज घोटाले को लेकर पंजाब की सरकार को घेरने की कोशिश हो रही है, उसके संकेत साफ हैं। आने वाले विधानसभा चुनावों में पंजाब की भगवंत मान सरकार के लिए इसका जवाब देना आसान नहीं होगा। फिलहाल इस मुद्दे को राज्य के विपक्षी दल तूल देते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन इसकी गारंटी नहीं है कि आने वाले दिनों में, जब राज्य के विधानसभा चुनाव सिर पर होंगे, विपक्षी दल इस मामले में चुप बैठेंगे।

पांच नदियों के प्रदेश पंजाब की ख्याति खेती-किसानी के लिए रही है। यहां की करीब तीन चौथाई आबादी सीधे या फिर परोक्ष रूप से खेती-किसानी से जुड़ी हुई है। जाहिर है कि यहां के लोगों के लिए खेती-किसानी ना सिर्फ जीवन रेखा है, बल्कि भावनात्मक मुद्दा भी है। इसलिए आने वाले दिनों में अगर अनाज घोटाले की तासीर बढ़ने लगे तो हैरत नहीं होनी चाहिए। पंजाब के कृषि उपज घोटाले के तार पिछली कांग्रेस सरकार से जुड़ते हैं। कांग्रेस की सरकार रहते राज्य के खाद्य और आपूर्ति विभाग से जुड़ी निविदाओं में जमकर धांधली हुई थी। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद राज्य के विजिलेंस विभाग ने साल 2022 में लुधियाना में एफआईआर दर्ज की थी। इसकी जांच के दौरान कांग्रेसी सरकार के मंत्री रहे भारत भूषण आशु, ठेकेदार तेलू राम समेत खाद्य और आपूर्ति विभाग के कई अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई थी। इसी मामले के एक आरोपी जूनियर अधिकारी राकेश सिंगला भगोड़ा घोषित हो चुका है और उसके लिए सीबीआई ने रेड कार्नर नोटिस जारी कर रखा है।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि पंजाब की भगवंत मान सरकार पर अनाज घोटाले का आरोप कैसे चस्पा हो रहा है। राज्य को भ्रष्टाचार और नशा मुक्त करने के नारे के साथ सत्ता में आई पंजाब की भगवंत मान सरकार ने दरअसल इस भगोड़े अधिकारी के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई करती नजर नहीं आ रही है। अव्वल तो होना चाहिए कि टेंडर घोटाले की जांच करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होती, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। बल्कि इसकी कड़ी आगे जुड़ती जा रही है। लुधियाना में दर्ज मामले के व्हिसल ब्लोर गुरप्रीत सिंह हैं। उनका आरोप है कि नई सरकार के आने के बाद कहां तक घोटाला रूकता, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। दरअसल पंजाब में कृषि उपज की खरीद भारत सरकार के खाद्य निगम के लिए पंजाब सरकार करती है। इसके लिए उसे प्रति क्विंटल कमीशन मिलता है। असल गड़बड़ी यहीं हैं। गुरप्रीत सिंह का कहना है कि दरअसल असल खरीद कुछ और हो रही है और कागजों पर कुछ और



दिखाया जा रहा है। चूंकि हर साल केंद्र सरकार खरीद के लिए निश्चित रकम राज्य को देती है, लिहाजा उसका हर साल वह हिसाब-किताब भी मांगती है। लेकिन दिलचस्प यह है कि साल 2017 में कांग्रेस के सत्ता में आने से लेकर 2022 में आई मान सरकार ने इस बारे में केंद्र को ठीक से हिसाब नहीं दिया है। इसकी वजह से केंद्र सरकार द्वारा इन वर्षों में राज्य को मिले 31 हजार करोड़ रूपए को केंद्र सरकार ने राज्य को कर्ज घोषित कर दिया है। इस कर्ज के एवज में पंजाब सरकार को इसकी दोगुनी रकम चुकानी पड़ेगी। गुरप्रीत सिंह का आरोप है कि कोविड महामारी के बहाने पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश से अनाज की खरीद की गई। इसके लिए करीब साढ़े छह हजार करोड़ की बोगस बिलिंग की गई। फर्जी खरीद बाद में भी हुई। पंजाब में साल 2025 में भारी बाढ़ आई। इस दौरान राज्य में जितने अनाज की पैदावार नहीं हुई, उसकी तुलना में ज्यादा अनाज की राज्य में खरीद की गई। गुरप्रीत सिंह के मुताबिक, इस बार भी पिछले साल यानी 2024 जितने अनाज की खरीद दिखाई गई। दिलचस्प है कि साल 2022 में आपूर्ति घोटाले का मामला दर्ज होने के बाद इस बारे में राज्य सरकार ने खरीददारी की नई नीतियां बनाईं। राज्य ने लेबर कार्टेज एंड ट्रांसपोर्ट पालिसी बनाई। नई नीति की वजह से इस साल राज्य को करीब दो सौ करोड़ का फायदा हुआ। लेकिन अधिकारियों को यह रास नहीं आया, क्योंकि इसमें उनकी कमाई नहीं रही। फिर उन्होंने मिलीभगत करके इस नीति को साल 2024 में बदलकर तकरीबन पुरानी जैसी ही कर दिया। इसकी वजह से राज्य को अनाज खरीद में सालाना सौ करोड़ की चपत लग रही है। पंजाब की मान सरकार पर आरोप लगा है कि साल 2024 में उसने खरीद के लिए टेंडरों में भी हेरफेर किया। गुरप्रीत का आरोप है कि इसके जरिए कुछ चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया गया और उनसे मिली रकम का दिल्ली के 2025 विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल किया गया। गुरप्रीत सिंह ने इन सब घोटालों को लेकर सीबीआई की चंडीगढ़ यूनिट से शिकायत करके जांच की मांग की है। हालांकि सीबीआई के हाथ इस सिलसिले में बंधे हैं। क्योंकि इंडी गठबंधन में शामिल सरकारों ने अपने राज्यों में सीबीआई को जांच करने के अधिकार को वापस ले लिया था।

दिलचस्प यह है कि टेंडर घोटाला और आपूर्ति घोटाला सामने आने और उसकी जांच होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने आरोपी और भगोड़े अधिकारी राकेश सिंगला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी करीब साढ़े बाइस करोड़ की संपत्तियां सील कर रखी हैं। लेकिन राज्य की ओर से जांच आगे नहीं बढ़ रही है। जब केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों ने आंदोलन किया था, उसमें पंजाब के किसान और उनके संगठन बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। देखना यह होगा कि विधानसभा चुनावों के वक्त ये संगठन सामने आते हैं या नहीं। राज्य के अगले विधानसभा चुनाव को लेकर शिरोमणि अकाली दल और बीजेपी में एक बार फिर गलबहियां होने की संभावना बढ़ गई है। यदि ऐसा होता है तो तय मानिए, विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के लिए अनाज घोटाला वैसा ही सिरदर्द होगा, जैसा दिल्ली विधानसभा चुनाव में शीश महल और शराब घोटाला बना था।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बस स्टॉप से युवक लापता, पिता ने जताई रंजिश की आशंका

**सुमेरपुर।** चंद्रपुरवा बुजुर्ग गांव से 31 अगस्त की शाम युवक शहजाद अली लापता हो गया। पिता अनीस अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र गांव के बस स्टॉप से गायब हुआ है। उन्होंने कुछ लोगों पर रंजिश के चलते बेटे को गायब करने की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कजली तालाब उफनाया, तटबंध टूटने का खतरा

**सुमेरपुर।** लगातार बारिश से इंगोहटा का कजली तालाब उफना गया है। पानी बढ़ने से तटबंध टूटने का खतरा बढ़ गया है, जिससे तालाब किनारे बसी बस्ती के लोग भयभीत हैं। पानी पलटकर कंजर बस्ती में घुसने लगा है। पूर्व प्रधान सुघर सिंह मिहार ने बताया कि कई गांवों के खेतों का पानी तालाब में पहुंच रहा है, जबकि जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध है। ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

### लीणा नाला उफनाया, रपटा डूबने से आवागमन ठप

**सुमेरपुर।** इंगोहटा गांव में लगातार बारिश के चलते लीणा नाला उफना गया है। छानी मार्ग से कछवारा मुहाल को जोड़ने वाला रपटा पानी में डूब गया। रपटे के ऊपर एक मीटर से अधिक पानी बहने से आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों को खेत-खलिहान आने-जाने के लिए करीब एक किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**कुरारा।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त सुलेमान खां निवासी कण्डौर को दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास और 18 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला वर्ष 2017 में थाना कुरारा में धारा 363, 366, 376 भादसं व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस व अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते फैसला हुआ। विवेचक निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह व पैरोकार कांस्टेबल संजीत कुमार रहे।

### शराब के रुपये न देने पर मेडिकल स्टोर संचालक से मारपीट का आरोप

**कुरारा।** शिवनी गांव में मेडिकल स्टोर संचालक ने शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। हमीरपुर निवासी देव सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक सितंबर की शाम वीरेंद्र मेडिकल स्टोर पहुंचा और शराब के लिए रुपये मांगे। मना करने पर गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे उनकी नाक से खून निकल आया। पीड़ित ने आरोपी के भाई व पिता पर भी गाली-गलौज का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रधानों संग बैठक में विकास कार्यों में तेजी के निर्देश

**कुरारा।** विकासखंड परिसर में प्रशासन और ग्राम प्रधानों की समन्वय बैठक हुई। इसमें नमामि गंगे योजना के कनेक्शन, पेयजल आपूर्ति और पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त सीसी सड़कों के पुनर्निर्माण की समीक्षा की गई। विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने आरोग्य मंदिर व एनएनएम सेंटर के आसपास नियमित सफाई और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, बीडीओ ज्ञानप्रकाश, एसडीओ शहजाद खान समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के लिए आवेदन शुरू

**झांसी।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से 'एक जनपद एक व्यंजन वित्तपोषण हेतु सहायता योजना' के तहत पात्र लाभार्थियों से आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। योजना के तहत हलवाई एवं व्यंजन व्यवसाय से जुड़े लोग नए प्रतिष्ठान की स्थापना या विस्तार के लिए ऋण और मार्जिन मनी की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने बताया कि आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांग श्रेणी के आवेदकों को संबंधित प्रमाण-पत्र देना होगा। आवेदक या उसके परिवार के किसी सदस्य को योजना का लाभ केवल एक बार मिलेगा तथा पूर्व में किसी सरकारी योजना में अनुदान/उपदान प्राप्त करने वाला पात्र नहीं होगा। योजना में परियोजना लागत के अनुसार 25 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक, अधिकतम 50 लाख रुपये तक मार्जिन मनी का प्रावधान है। सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत और विशेष श्रेणी के लाभार्थियों को 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान देना होगा।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के गुरौली सपहाई गांव निवासी कैलाश (40) पुत्र राजाराम बुधवार की रात खेत देखकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में सर्प ने उसके पैर में डस लिया। घर वालों ने पहले उसका घरेलू उपचार किया। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। घरवालों ने उसे सीएससी में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि कैलाश किसानी करता था।

# मौसम विभाग की चेतावनी पर प्रशासन अलर्ट, बाढ़ चौकियां और शरणालय सक्रिय

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।



मौसम विभाग की भारी व बहुत भारी वर्षा, गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने सभी संबंधित विभागों को संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। नदी-नालों के जलस्तर, निचले इलाकों, नदी किनारे बसे गांवों, पुल-पुलियों और रपटों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। तहसीलों में बाढ़ चौकियों, नियंत्रण कक्षों, राजस्व-पुलिस टीमों और बचाव दलों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से जलभराव और तेज बहाव वाले रास्तों पर आवागमन न करने तथा असुरक्षित नावों का प्रयोग नहीं करने की अपील की है। आवश्यकता के लिए नाव, मोटरबोट, लाइफ जैकेट, एंबुलेंस और मेडिकल टीम तैयार रखने को कहा गया है। नगर निकायों को जलनिकासी व नालों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आपात स्थिति में जिला बाढ़ कंट्रोल रूम 05282-222330, 9454416001 पर सूचना देने की अपील की गई है।

### मूसलाधार बारिश से सरीला में जलभराव, कई सरकारी कार्यालय बने टापू

**सरीला (हमीरपुर)।** गुरुवार को सरीला नगर व क्षेत्र में करीब चार घंटे रुक-रुककर हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज बारिश के कारण सीएचसी, ग्राम न्यायालय, वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय और कन्या प्राथमिक विद्यालय समेत कई स्थानों पर जलभराव हो गया। कार्यालयों के आसपास पानी भरने से आवागमन प्रभावित रहा और कामकाज भी बाधित हुआ। जलभराव के कारण कई सरकारी कार्यालय टापू जैसे नजर आए। समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत की टीम जुटी रही। एसडीएम विकास कुमार यादव ने बताया कि बरहरा सड़क पर जेसीबी से नाले की सफाई कराई गई है। नाले की सफाई के बाद पानी की निकासी शुरू हो गई है, जिससे जलभराव से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

### विरमा उफनाई, सुरक्षित आवागमन के लिए स्टीमर व सेफ्टी जैकेट की व्यवस्था



**सरीला (हमीरपुर)।** मूसलाधार बारिश और मौदहा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण विरमा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। तहसील क्षेत्र में नदी पर बने पांच रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बिलगांव के पास ग्रामीणों के नाव व ट्यूब के सहारे बिना सुरक्षा उपकरणों के आवागमन की जानकारी मिलने पर एसडीएम विकास कुमार यादव ने उच्चाधिकारियों से सुरक्षित व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। इसके बाद बिलगांव स्थित विरमा नदी पर स्टीमर और सेफ्टी जैकेट उपलब्ध कराए गए। एसडीएम ने बताया कि स्टीमर से लोगों को सुरक्षित नदी पार कराने की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा उपकरण मिलने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### तीजा महोत्सव की तैयारियों का एसपी ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** ऐतिहासिक तीजा महोत्सव को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने कस्बे के हरचंदन तालाब, छोटी बाजार, शोभायात्रा मार्ग और पशु बाजार मेला मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने हरचंदन तालाब के चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग कराने, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थल पर पेयजल, बिजली और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। पशु बाजार मेला मैदान में लगने वाले झूलों का भी निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। श्रीकृष्णा तीजा कमेटी के पदाधिकारियों ने एसपी को शोभायात्रा रवाना करने के लिए आमंत्रित किया। एसपी ने कहा कि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और मेला देखने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान एएसपी अरविंद कुमार वर्मा, सीओ सदर यशपाल सिंह, थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल, ईओ दिनेश चंद्र आर्य समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पत्रकार सरस की पत्नी के निधन पर शोक की लहर

**गुरसरांय।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि शिशुपाल सिंह सरस की पत्नी पुष्पा यादव के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया। शोकसभा में कुंवर रामकुमार सिंह, डॉ. सुकदेव व्यास, सुनील चौहान, अरुण चतुर्वेदी, सरजू शरण पाठक, राजीव अरजरिया, अखिलेश तिवारी सुट्टा, फूल सिंह परिहार, हरिशरण सिंह, सत्यप्रकाश द्विवेदी, संदीप श्रीवास्तव, जयप्रकाश बरसैया, अखिलेश तिवारी छिरोरा, अंकित सेंगर, कौशल किशोर, सुनील जैन डीकू, सोम मिश्रा, आशुतोष गोस्वामी, सार्थक नायक, आयुष त्रिपाठी, हरिश्चंद्र नायक, रामगोपाल शर्मा और संजू परिहार समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में झांसी रेंज लगातार 8वीं बार प्रदेश में प्रथम

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में झांसी परिक्षेत्र ने अगस्त 2026 की मूल्यांकन रिपोर्ट में लगातार 8वीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रेंज के झांसी और जालौन जनपदों ने भी लगातार 8वीं बार, जबकि ललितपुर ने लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान हासिल किया।पुलिस महानिरीक्षक आकाश कुलहरि ने इस उपलब्धि पर अधिकारियों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रेंज के जनपद प्रभारियों को आईजीआरएस शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध विधिक निस्तारण कराने के निर्देश दिए। आईजीआरएस/सीसीटीएनएस



प्रभारी राजेश सिंह, रेंज कोऑर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र प्रताप सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियंका गुप्ता को उत्कृष्ट कार्य के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।आईजी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और विश्वसनीयता बनी रहे।

### पड़ोसी की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास, 1.20 लाख रुपए का अर्थदण्ड भी

**झांसी।** शराब पीने के दौरान हुए विवाद में पड़ोसी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या का दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश अनु. जाति और अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम नेत्रपाल सिंह के न्यायालय में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी साथ ही 1 लाख 20 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञान स्वरूप (पिंटू) राजपूत के अनुसार अखाड़ा पुरा रावतयाना मोंठ निवासी वादी मुकदमा राजेश आदिवासी ने थाना मोंठ पर तहरीर दी थी कि 26 मई 2022 को मेरे पिता का घर के सामने रहने वाले संतोष आदिवासी उर्फ पिट्टे पुत्र दीनदयाल उर्फ टुंडे से शराब पीने खाने के दौरान झगड़ा हो गया था तभी से पिट्टे उन्हें मारने की फिराक में घूम रहा था। 29/30 मई 2022 की रात्रि में मौका पाकर संतोष उर्फ पिट्टे ने कुल्हाड़ी से गला काटकर पिता की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर थाना मोंठ पर अभियुक्त संतोष आदिवासी उर्फ पिट्टे के विरुद्ध धारा-302 भारतीय दण्ड संहिता में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद की गयी। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त संतोष आदिवासी उर्फ पिट्टे के खिलाफ धारा 302,449 भादसं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया।बुधवार को न्यायालय में दोनों पक्षों की सुनवाई उपरांत प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त संतोष आदिवासी उर्फ पिट्टे को धारा 302,449 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध में दोषसिद्ध किया गया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई उपरांत गुरुवार को दोषसिद्ध अपराधी सन्तोष आदिवासी उर्फ पिट्टे को धारा-302 भारतीय दण्ड संहिता में आजीवन कारावास एवं एक लाख रूपये के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास , धारा-449 भारतीय दण्ड संहिता में 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रूपये अर्थदण्ड , अर्थदण्ड अदा न करने पर 3 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई गयी।

## शिक्षकों को विद्यालय से बुलाकर धरना प्रदर्शन में शामिल कराने का आरोप

**वित्त एवं लेखाधिकारी पर दबाव बनाने का आरोप, बीएसए समेत अधिकारियों से कार्रवाई की मांग**

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) पर नियम-विरुद्ध दबाव बनाने के लिए शिक्षकों को विद्यालय समय से पहले बुलाकर धरना-प्रदर्शन व क्रमिक अनशन में शामिल कराने का आरोप लगाया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मंडलीय सहायक निदेशक (बेसिक शिक्षा) और वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।जिलाध्यक्ष नितिन चौरसिया के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एक शिक्षक संगठन द्वारा बामौर, गुरसरांय, मऊरानीपुर और मोंठ जैसे दूरस्थ विकासखंडों के विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बुलाया जा रहा है। संगठन का कहना है कि वर्षाकाल में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से 80 से 100 किलोमीटर की दूरी तय कर शिक्षकों का कम समय में कार्यालय पहुंचना व्यावहारिक नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों को विद्यालय समय पूरा होने से पहले धरना-प्रदर्शन में भेजे जाने से पठन-पाठन प्रभावित होगा और छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक हितों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। किसी विभागीय या वित्तीय मामले में आपत्ति होने पर सक्षम अधिकारी के समक्ष नियमानुसार प्रत्यावेदन दिया जा सकता है।शिक्षक संघ ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, विद्यालय समय में बिना अनुमति शिक्षकों को विद्यालय छोड़ने के लिए प्रेरित न किए जाने तथा अधिकारी पर अनुचित दबाव बनाने की पुष्टि होने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

### जिला अस्पताल के सीटी स्कैन कक्ष में भरा पानी, जांच बंद



**महोबा।** जिला अस्पताल में बारिश के कारण प्रशासनिक दावों की पोल खुल गई है। पिछले 9 दिनों से अस्पताल के सीटी स्कैन कक्ष में पानी भर जाने से मशीन बंद पड़ी है। दूर-दराज से आ रहे मरीज और उनके परिजन भटकने को मजबूर हैं, लेकिन अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह तस्वीरें महोबा के जिला अस्पताल की हैं, जहां स्वास्थ्य व्यवस्थाएं खराब दिख रही हैं। लगातार हो रही स्वास्थ्य व्यवस्थाएं खराब दिख रही हैं। लगातार हो रही बारिश की वजह से अस्पताल का सीटी स्कैन कक्ष पूरी तरह पानी से भर गया है। दूर-दराज के गांवों से इलाज की उम्मीद लेकर पहुंच रहे मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। बीते 26 अगस्त से सीटी स्कैन मशीन पूरी तरह बंद है, जिससे मरीजों को बिना जांच कराए ही वापस जाना पड़ रहा है। कक्ष में भरे पानी को निकालने के लिए निचले स्वास्थ्य कर्मी दिन-रात वाइपर और मोटर पंप के सहारे कोशिश कर रहे हैं, लेकिन समस्या का कोई पक्का समाधान नहीं निकल पा रहा है रतौली गांव से आए मजदूर धनीराम अपने घायल बच्चे के सीटी स्कैन के लिए भटक रहे हैं। वहीं, मरीज महरून निशा भी अस्पताल के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को मजबूरी में बांदा या झांसी जाना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। अस्पताल के सीटी स्कैन कक्ष में तैनात कर्मचारियों का कहना है कि जलभराव की शिकायत सीएमएस से की गई है। फिलहाल मरीजों के जमा कर शीन चालू गई है। फिलहाल मरीजों के पर्चे जमा कर मशीन चालू होने पर बुलाने का आश्वासन दिया जा रहा है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर सुरेश का कहना है कि सीटी स्कैन कक्ष पुरानी और गहराई वाली बिल्डिंग में बना है। फर्श के नीचे से आ रहे पानी के कारण करंट फैलने का खतरा है, इसलिए सुरक्षा के लिहाज से मशीन को सुखाए बिना चालू नहीं किया जा सकता।

## रसिन बांध से पानी छोड़ने पर खतरे का निशान पारकर उफनाई बागेन नदी

**बाढ़ का पानी बस्तियों में घुसा, आवागमन प्रभावित**



**बांदा।** पिछले एक पखवारे से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से बदौसा और क्षेत्र के लोगों को गंभीर परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। बारिश के पानी से उफना चुके रसिन बांध के फाटक खोले जाने से बागेन नदी जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया, नतीजन बाढ़ जैसे हालात हो गए। नदी का जल स्तर बढ़ने से पानी बस्तियों में प्रवेश करने लगा है।

बदौसा कस्बा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही बागेन नदी का पानी बस्तियों में प्रवेश करने से बरकतपुर, ढूंढा का पुरवा जलमग्न होने के कारण आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। पुराना रपटा काफी जर्जर व नीचा होने के कारण डूब गया है। जिससे कई गांवों का संपर्क मुख्यालय से टूट गया है। उधर बागेन नदी का पानी अब तबाही मचाने को मचल रहा है और झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर से पानी की धारा बहने लगी है, जिससे चित्रकूट, प्रयागराज जाने वाले रास्ते पर आवागमन ठप हो गया है। वहीं पौहार मार्ग में रेलवे क्रासिंग पर जलनिकासी के लिए बनाई गई पुलिया की ऊंचाई अधिक होने के कारण पानी नहीं निकल पा रहा। जिससे लोगों को समस्या हो रही है, हालांकि प्रशासन के निर्देश पर जेसीबी से नाली की खुदाई कर पानी निकालने की व्यवस्था की जा रही है। अभी भी जलभराव का पानी लोगों के घरों में भरा हुआ है। लोगों का कहना है कि इस जबरदस्त बारिश ने सभी को बेहाल कर दिया है। जनपद के कई गांवों के लोग भीषण बारिश से होने वाले जलभराव से परेशान हैं। पिछले कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ग्रामीण क्षेत्रों में कहर बनकर टूट रही है। ग्राम परसौड़ा में बारिश के चलते हालत बेहद खराब हो गई है।

## जल निकासी के रास्ते चोक होने से पानी-पानी हुआ बुडेरा गांव

**ग्रामीणों ने डीएम से नाला चौड़ीकरण और पुलिया निर्माण की मांग की**

समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी (महोबा)।

महोबा जिले के बुडेरा ग्राम में जल निकासी के रास्ते चौक हो जाने से पूरा गांव पानी पानी हो गया है घरों में पानी घुस जाने से कई कुंटल अनाज व खास सामग्री आदि बर्बाद हो गई है यहां तक की लोगों को अपने पशुओं को बढ़ने के लिए गांव से दूर सड़क किनारे शरण लेने पर पड़ रही है यहां के लोगों ने जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचे आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम बुडेरा में बरसात के दौरान जलभराव और बाढ़ की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी



महोबा को प्रार्थना पत्र देकर नाला एवं पुलिया निर्माण कराए जाने की मांग की है।

**बरसात में उफान पर आ जाता है नाला:** ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बीचों-बीच नाला बहता है, जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से बरसात और नहर का पानी भारी मात्रा में पहुंचता है। नाले की दयनीय स्थिति के कारण थोड़े पानी में ही यह उफान पर आ जाता है और पानी गांव के घरों में घुसने लगता है।

संकीर्ण पुलियों से नहीं निकल पाता पानी: ग्रामीणों के मुताबिक नाले पर बनी पुलियां संकीर्ण दायरे में हैं, जिससे पानी का बहाव तेजी से नहीं हो पाता। इसके चलते बरसात के समय गांव में भयानक बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है और ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है।

**सचिवालय और बाजार की गतिविधियां प्रभावित:** नाले के समीप ग्राम सचिवालय, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और साप्ताहिक बाजार स्थित हैं। बाढ़ का पानी आने पर इन स्थानों से जुड़ी गतिविधियां पूरी तरह प्रभावित हो जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नाले में बाढ़ आने पर शासन-प्रशासन से गुहार लगानी पड़ती है। इसके बाद पनवाड़ी-मसूदपुरा लिंक रोड को काटकर नाले के पानी की निकासी का रास्ता बनाया जाता है।

## रामश्री स्कूल में हर्षोल्लास से मना जन्माष्टमी महोत्सव, राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।

शहर के झाँसी रोड स्थित रामश्री पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सीपी गुप्ता ने राधा-कृष्ण की प्रतिमा को झूला झुलाकर व विधिवत आरती कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं व आदर्शों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

राधा-कृष्ण के रूप में अंजली तिवारी, आराध्या सिंह झूले पर विराजमान रहीं, जिसकी झांकी से सभी मोहित हो गए। सानवी, समृद्धि और काजल ने नृत्य प्रस्तुत किया।इसके उपरांत आराध्या गुप्ता, वैष्णवी, वानी, सौम्या, माही, आकृति, अवनी, संस्कृति ने मनमोहक डांस कर मन मोह लिया। पीजी क्लास के नन्हे-मुन्हे बच्चों इशिका, अनार्या, शुभा, एलकेजी क्लास से हार्दिक, खुशी, आर्ना, दिव्यांश, दृश्या पालीवाल ने प्रस्तुति दी। कक्षा 10 की छात्राओं फैजा खान, सुप्रिया गुप्ता, खुशी राजपूत, दिशा, संस्कृति परिहार, अस्मिता, सोनम, जसिका, नंदिनी, शालिनी ने समूह में प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।विद्यार्थियों ने भजन, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रीकृष्ण के प्रेम, करुणा, धर्म एवं सत्य के संदेश को प्रस्तुत किया।चेयरमैन डॉ. सी.पी. गुप्ता ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, कर्म, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ते हैं।कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह सेंगर, उप प्रधानाचार्य अंशुल द्विवेदी, कॉर्डिनेटर रचना आनंद, मीनू अंसारी सहित समस्त शिक्षक परिवार उपस्थित रहा।

## यूपी एसटीएफ ने कोडीन सिरप के चार तस्कर पकड़े

**डीसीएम से 30 हजार सिरप की शीशियां व कार बरामद**

समृद्धि न्यूज़, बांदा।

देशभर में लंबे समय से चल रहे अवैध दवा के काले कारोबार पर ब्रेक लगने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश में जगह-जगह अवैध व प्रतिबंधित कोडीन सिरप का कारोबार खुलेआम चल रहा है। कोडीन सिरप के कारोबार का सिंडिकेट तोड़ने में जुटी यूपी एसटीएफलगातार धर पकड़ अभियान चला रही है और कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसीक्रम में गुरुवार की सुबह गोपनीय सूचना के आधार पर यूपी एसटीएफने



बिसंडा थाना पुलिस के साथ मिलकर एक डीसीएम में लदी 30 हजार कोडीन सिरप की बोतलें बरामद की हैं, साथ ही चार तस्करों को भी दबोचने में कामयाबी हासिल की है। लंबे समय से पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित कोडीन सिरप का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसने का काम चल रहा है। यूपी एसटीएफकी अगुवाई में लगातार चल रही कार्रवाई में कई दवा करोबारियों को जेल भेजा जा चुका है, लेकिन कोडीन सिरप का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को गोपनीय सूचना के आधार पर यूपी एसटीएफकी टीम ने जनपद के बिसंडा थाना पुलिस से संपर्क साधा और यहां पहुंचकर एक डीसीएम में लदी करीब 30 हजार कोडीन सिरप की बोतलें (तीन हजार लीटर) बरामद करने में कामयाबी हासिल की। बताया गया है कि कोडीन सिरप की 100 एमएल की शीशियां गत्तों में पैक करके ले जाई जा रही थीं। कोडीन सिरप से लदी डीसीएम को एक लाल रंग की कार एस्कॉर्ट कर रही थी। एसटीएफ व बिसंडा पुलिस ने घेराबंदी करके डीसीएम में लदी कोडीन सिरप की शीशियां बरामद की और डीसीएम चालक समेत एस्कॉर्ट कर रही कार में सवार तीन लोगों को दबोच लिया।

## 17 सितंबर तक जिले में 9,786 किशोरियों को लगेगा एचपीवी का टीका

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।

किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में जिले में व्यापक एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। जो 17 सितंबर तक चलेगा। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियान की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई।

सीएमओ ने बताया कि अभियान 3 से 17 सितंबर तक चलेगा, जिसमें 14 वर्ष की ऐसी किशोरियों, जिनका 14 वां जन्मदिन हो चुका है और 15 वां जन्मदिन अभी नहीं हुआ है, को टीका लगाया जाएगा। जिले में 9,786 बालिकाओं को 10 सितंबर तक टीकाकरण से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। डीएम ने अभियान में विद्यालयों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए डीआईओएस व बीएसए




को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों, राजकीय बालिका इंटर कॉलेजों सहित सभी संबंधित विद्यालयों में पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक व विद्यालय प्रबंधन किशोरियों और उनके अभिभावकों को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर से बचाव व टीके के महत्व की सही जानकारी दें। डीएम ने सीएमएस मेडिकल कॉलेज को काशीराम कॉलोनी में विशेष कैंप लगाकर लक्षित बालिकाओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। जिला महिला व पुरुष चिकित्सालयों में व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल घटनाओं (AEFI) के प्रबंधन की तैयारी रखने व ओपीडी में आने वाली महिलाओं व बालिकाओं को टीके के लाभ की जानकारी देने को कहा गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभियान में Gardasil (Quadrivalent) वैक्सीन का प्रयोग किया जाएगा। टीकाकरण जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/उपकेंद्रों के साथ बड़े विद्यालयों में भी किया जाएगा। टीकाकरण पूर्णतः स्वैच्छिक है और अभिभावक की लिखित अथवा -WIN पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सहमति के बाद टीका लगाया जाएगा। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त व राजस्व राजीव राज, सीएमओ एचएन प्रसाद आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति व संस्कार को अपना आश्रय प्रदान करती है संस्कृत भाषा: शिव शंकर

▸ संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


प्रमाण पत्र दिखाते छात्र छात्राएं

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

संस्कृत भाषा राष्ट्र की उन्नत भाषा है जिससे देश प्रेम, भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को अपना आश्रय प्रदान करती है। उक्त उदगार प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक व जीआईसी रायबरेली के प्रधानाचार्य शिव शंकर ने व्यक्त किये उन्होंने कहा संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता बच्चों के भविष्य को निखारने के लिए उन्हें संयम नियम आचार विचार की शिक्षा प्रदान करने के लिए उपयोगी है। वही कार्यक्रम सरस्वती पूजन व वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। जनपद के माध्यमिक एवं संस्कृत विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं संस्कृत गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में प्रियांशी प्रथम आकांक्षा द्वितीय अंजलि तृतीय सभी महात्मा गांधी इंटर कॉलेज वही सामान्य ज्ञान में हार्दिक सिंह प्रथम शिवानी द्वितीय आरुषि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही शांत होना पुरस्कार में सृष्टि सोनी कमल यादव अभय तिवारी सलोनी विकास एवं कृष्णा को प्रदान किया गया।
संस्कृत नोडल हरीशानंद मिश्र ने संस्कृत शिक्षा के उन्नयन के लिए अभिभावकों समेत सभी का आवाहन किया उन्होंने कहा कि भारतीय भाषा संस्कृत के बगैर हमारी संस्कृति पूर्ण नहीं होती है। राष्ट्रहित में ग्रहे ग्रहे संस्कृतम् का होना आवश्यक है। प्रतिभा खोज परीक्षा के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने सबके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता पूरे जनपद में महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में शिक्षकों का हुआ सम्मान

▸ जन्माष्टमी पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**


डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र को नमन करते छात्र

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षक दिवस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या शर्मिला दास गुप्ता ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में बेस्ट हाउस मेम्बर अवार्ड के लिए विवेकानंद हाउस से शिक्षक राम मिलन, आजाद हाउस से रामदेव, राधाकृष्णन हाउस से ऋतुराज तथा सुभाष हाउस से सूर्य प्रताप को सम्मानित किया गया। बेस्ट हाउस इंचार्ज का पुरस्कार सुभाष हाउस के इंचार्ज बी.एस. त्रिवेदी को मिला। डायनमिक टीचर अवार्ड राकेश अवस्थी तथा को-करिकुलर एक्टिविटी टीचर अवार्ड शाहीन खान को प्रदान किया गया। इसी क्रम में 100 प्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार शिक्षक प्रमोद अवस्थी और राम मिलन को मिला। बेस्ट क्लास टीचर अवार्ड जूनियर विंग में संतोष त्रिवेदी, सेकेंडरी विंग में ऋतुराज श्रीवास्तव और सीनियर सेकेंडरी विंग में अवधेश शर्मा को प्रदान किया गया। विंगवार सर्वाधिक औसत अंक प्राप्त करने वाले शिक्षकों में जूनियर विंग से मंजरी श्रीवास्तव, सेकेंडरी विंग से ऋतुराज शर्मा तथा सीनियर सेकेंडरी विंग राम किशोर को सम्मानित किया गया।

### संदिग्ध अवस्था मे फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के मऊ गांव में बुधवार की देर शाम घर के अन्दर एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटकता पाए जाने से गांव में अफरातफरी मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मिथलेश पत्नी मनीष कोरी 30वर्ष काफी दिनों से मानसिक स्थिति खराब चल रही थी पति मनीष उर्फ मोनू कोरी दिहाड़ी मजदूरी करता है सास बहू बेटे से अलग रहती है वह अपना इलाज करवाने रायबरेली गई थी बुधवार को पति मजदूरी करने फुरसतगंज चला गया घर पर अकेली मिथलेश थी देर शाम जब पति मजदूरी करके वापस घर आया और घर के अंदर गया तो छत में पंखे के हुक से साड़ी के फंदे से पत्नी का शव लटकता मिला। सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

## मनगढ़ धाम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां पूरी



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

मनगढ़ धाम प्रतापगढ़ भक्ति धाम मानगढ़ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जन्माष्टमी पर लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने सुरक्षा और सुविधा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर को फूलों और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है। दर्शन के लिए अलग-अलग लाइन और निकास की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर कुल 1100 सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है। सुरक्षा की कमान 1 एडिशनल एसपी के हाथ में होगी। उनके साथ 7 सर्किल के निरीक्षक, 14 थानों के प्रभारी निरीक्षक और 147 उपनिरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा भारी संख्या में मुख्य आरक्षी, आरक्षी और महिला पुलिस बल भी तैनात रहेगा। भीड़ नियंत्रण, पार्किंग और यातायात व्यवस्था के लिए अलग से प्लान तैयार किया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 4 एंबुलेंस गाड़ियां और फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगी। मंदिर परिसर और मेले में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। मंदिर प्रशासन ने भी अंदर की व्यवस्था चाक-चौबंद की है। मंदिर परिसर के अंदर 125 प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड और 90 बाउंसरों की तैनाती की गई है जो भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शनार्थियों को सुगम दर्शन कराने में मदद करेंगे।

## केशकुमारी इंटर कॉलेज में एसपी ने किया छात्राओं को जागरूक

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

बच्चियों, छात्राओं पर स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल पर आते जाते समय फब्तिया कसने वाले मनचलो के खिलाफ अभियान को सशक्त बनाने के लिए एसपी विनीत जायसवाल ने नया प्रयोग शुरू किया है।एसपी ने केश कुमारी राजकीय विद्यालय में बालिकाओं को जागरूक करने के साथ एंटी रोमियो स्क्वाड को सशक्त व प्रभावी बनाने के लिए फीड बैक फॉर्म भी बालिकाओं को बंटवाए है।
एसपी की नई पहल से बालिकाएं फीड बैक फॉर्म में मनचलों के स्पॉट सहित अन्य जानकारी साझा कर सकती है।जिसके अनुसार पुलिस उस स्थल पर निगरानी करके मनचलों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करेगी।उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्म निर्भर,सशक्त और समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए मिशन शक्ति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह प्रयोग किया जा रहा है।जिसे स्कूलों,कालेजो,आंगनवाड़ी आदि में पहुंचकर फीड बैक फॉर्म छात्राओं को वितरित करके उनसे बहुमूल्य सुझाव लिए जाएंगे।जिससे जहां सोहदो का जमावड़ा रहता है ऐसे स्थान चिह्नित करने में मदद मिलेगी।फीड बैक फॉर्म में जिस भी बालिका या महिला द्वारा जो जानकारी दी जाएगी उसका नाम कही उजागर नहीं होगा।साथ ही गली मोहल्लों ,पार्को आदि के आसपास भी महिलाओं से फीड बैक लिया जाएगा।
जिले के चिन्हित स्थानों पर मिलने वाले मनचलो को पुलिस पहली बार रेड कार्ड निर्गत करेंगी।

## राइजिंग चाइल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव श्रद्धा, उल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी से एक दिन पूर्व विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण, राधा, बलराम, सुदामा सहित विभिन्न धार्मिक पात्रों की मनमोहक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ कार्यक्रम रहा। कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे शिवांश ने जैसे ही मटकी फोड़ी, आराध्या, अमोघ, धृति, दर्शा कर्णिका, श्रीनिका, अर्शलान, अकल्प, अदृशा, वानिका, अनंत, अथर्व सहित अन्य बच्चों ने गोविंदा आला रे, मैया यशोदा, श्याम तेरी बंसी छोटी छोटी गैया आदि गीतों पर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिय प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने जन्माष्टमी पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने अपने जीवन के माध्यम से हमें कर्म करते रहने, अन्याय का विरोध करने और सदैव सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता के माध्यम से श्रीकृष्ण ने मानव जीवन को कर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री रविंद्र नाथ हरि, सावन गुप्ता, जेबा, प्रिया, स्वेता, आख्या, काजल, आरती, आकांक्षा, शिवली, जसप्रीत, प्रज्ञा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की

**रायबरेली।** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शत्रोहन सोनकर ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद के जलकल कैम्पस में भव्य कृष्ण जन्म उत्सव का आयोजन किया है, जिसकी साज, सज्जा की तैयारी वह स्वयं अपनी देख रेख में कर रहे हैं जो आज अन्तिम चरण में है, वैसे तो अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शत्रोहन सोनकर बहुत पहले से कृष्ण जन्म उत्सव का आयोजन करते चले आ रहे हैं किन्तु जब से नगर पालिका अध्यक्ष हुए हैं तब से जलकल कैम्पस कैनाल रोड में और भव्य और दिव्य तरीके से इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करने लगे हैं, जिस में मथुरा विन्द्राबन के कलाकारों व्दारा झांकी सज्जा, अंतर्राष्ट्रीय कवियों का कवि सम्मेलन, देश के विख्यात कीर्तनकारो व्दारा भगवान श्रीकृष्ण के सुमधुर कीर्तन, एवं स्कूली छात्रों व्दारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शत्रोहन सोनकर ने नगर की जनता को आमंत्रित किया है।

### लोदीपुर में जिला प्रशासन ने कराई विशेष कक्षाओं की व्यवस्था

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देशन में उपजिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह की पहल एवं सहयोग से बच्चों को शिक्षण व्यवस्था से जोड़े रखने के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की गईं। विषम परिस्थितियों में भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए सदर तहसील के अमावाँ विकासखंड के लोदीपुर गांव में जलभराव से प्रभावित बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान पर विशेष कक्षाओं का संचालन कराया गया, विशेष कक्षाओं के दौरान बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ चित्रकारी, रंग भरने एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी शामिल किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ इन गतिविधियों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक त्रिपाठी, सतीश चौरसिया, हरिश्चंद्र पाण्डेय, नीलम, अर्चना, आकांक्षा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो युवक गंभीर

**सुल्तानपुर।** लखनऊ–बलिया हाईवे पर मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के महमूदपुर जंगल गेट के सामने बुधवार दोपहर बस और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया है। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर (मैनपारा) निवासी सुल्तान खान (29) पुत्र सरदार खान और दीपचंद कश्यप पुत्र सीता धुरिया बाइक से बरौंसा गए थे। दोपहर करीब लौटते समय ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक सामने से आ रही शाहगंज डिपो की बस से टकरा गई।हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचाया गया। बताया गया कि दोनों में से किसी ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। दीपचंद की हालत नाजुक बताई जा रही है।थानाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि बस व बाइक थाने पर हैं। घायलों का उपचार चल रहा है और शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज बारिश से दो गांवों में मकान ढहे, बालिका घायल

**चांदा, सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र में लगातार तेज वर्षा के कारण कच्चे मकानों के ढहने की घटनाएं सामने आई हैं। बनभोकार गांव में शुभकांत शुक्ला और सुनील शुक्ला का आवासीय कच्चा मकान बारिश के चलते धराशायी हो गया। हादसे में घर–गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रदीप यादव ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।
वहीं अमरूपुर गांव में 31 अगस्त को हुई भारी बारिश के दौरान आनंद प्रसाद शर्मा का आवासीय मकान भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से उनकी पुत्री काजल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने उसे मलबे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।घटना के बाद शर्मा समाज के लोगों ने पीड़ित परिवार से मिलकर आर्थिक सहायता प्रदान की। ग्राम प्रधान की ओर से भी सहयोग दिया गया। लोगों ने बालिका के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## बारिश में गिरे कच्चे मकानों का अधिकारियों ने किया स्थलीय सत्यापन

**राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर खंगाली हकीकत**

**समृद्धि न्यूज, संडवा चद्रिका-प्रतापगढ़।**



जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर भारी बारिश के चलते कच्चे मकानों के गिरने की राजस्व लेखपालों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का सत्यापन करने के लिए गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम ने अंतू थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और मकान गिरने की वास्तविक स्थिति की विधिवत जांच-पड़ताल की।
नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र पांडेय और राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम ने ग्राम नागमलपुर, दादुपुर, देवरी, अर्जुनपुर, संडवा चंडिका, सरुआवा तथा कल्याणपुर दांडी काक्ष सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर बारिश से प्रभावित परिवारों के मकानों का निरीक्षण किया।
नागमलपुर में चटकीला देवी, उषा देवी और रमाशंकर, दादुपुर में रामानंद, देवरी में अर्जुनपुर के प्रवीण, संडवा चंडिका में उषा व कमलेश, सरुआवा में गीता देवी तथा कल्याणपुर दांडी काक्ष में मन्शी सिंह के भीषण बारिश में गिरे कच्चे मकानों की स्थिति का अधिकारियों ने मौके पर जाकर जायजा लिया।
अधिकारियों ने स्थानीय लेखपालों की रिपोर्ट में दर्ज तथ्यों का मौके पर सत्यापन किया और मकानों के गिरने से हुए नुकसान की वास्तविक स्थिति को खंगाला। टीम ने प्रभावित परिवारों से भी जानकारी ली तथा आवश्यक अभिलेखों और परिस्थितियों की जांच की।

## पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने बांटी राहत सामग्री

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** बछरावां विधानसभा के केलोदीपुर, अमावां, चंदापुर सहित कई गांवों में बाढ़ से पीड़ित सैकड़ों परिवारों के बीच आज पूर्व विधायक रामलाल अकेला पहुंचे और उन्हें राहत सामग्री व साड़ियां वितरित कीं। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में वह हर पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर बछरावां चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी, निजामुद्दीन मंसूरी, माताफेर सिंह, युवा समाजसेवी गोलू रायनी, अभिषेक वर्मा, अज्जू मंसूरी, अंशु शर्मा, डॉक्टर त्रिपाठी, राजकुमार सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक द्वारा की गई मदद के लिए आभार व्यक्त किया।

## वीडीओ, एडीओ व राजस्व टीम ने डूबी फसल का किया निरीक्षण

**खबर का असर**

**समृद्धि न्यूज, डीह - रायबरेली।**

गुरुवार को लोक भारती समाचार पत्र में डीह क्षेत्र से प्रमुखता से प्रकाशित भारी बारिश के चलते डीह का आधा कस्बा बना टापू शीर्षक से छपी खबर को संज्ञान में लेकर खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी व एडीओ पंचायत विवेक कुमार सिंह व राजस्व विभाग की लेखपाल रत्नप्रिया सिंह मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और किसानों की डूबी फसल के नुकसान का आंकलन भी किया गया ।मौके पर मौजूद ग्रामीणों व प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि जलनिकास के बारे में जानकारी लिया जिसमें प्रधान संघ अध्यक्ष ने बताया कि कस्बे की नालियों की साफ सफाई करवाई गई थी लेकिन कई दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते सभी तालाब भर चुके है जिससे जल की निकासी धीरे गति से हो रही है वहीं मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि डीह के रैनवा तालाब से जल निकासी के लिए नाला डेला ग्राम पंचायत होते हुए गड़वा ग्रामपंचायत के नैया नाले में मिलता है जो कि पश्चिमी छोर पर ऊंचा होने व कई जगहों पर बने पुलो की पाइप पट जाने से जल निकासी सही ढंग से नहीं हो पा रही है जिसके कारण जलभराव हो रहा है ज्यादा तर डेला ग्राम पंचायत में ही नाला सफाई की जरूरत है।

## बांस-बल्लियों के सहारे खींचे गये बिजली के तार दे रहे हादसे का दावत

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

आजादी के 80 वर्ष बाद भी बिकसित भारत मे शिवगढ बिकाश खंड के मिर्जापुर चौहारी गांव के मदारपुर पुरवे मे ग्रामीण बास बल्लियो के सहारे बिजली के तार खीचकर उपभोग करने को मजबूर है। वारिस और तेज हवा के दौरान ये तार और बास हादसे का खतरा बढ़ा रहे है। बुद्धवार को वारिस और हवा के चलते बास टूट कर गिर गये। ग्रामीणो के अनुसार पुरवे मे चालीस से अधिक विधुत कनेक्शन है , इसके बावजूद बिभाग की ओर से अब तक बिधुत पोल नही लगाये गये। ग्राम प्रधान शबनम ने एसडीओ और जेई को पत्र देकर पोल लगाने की मांग की थी। सुनवाई नही होने पर आईपीआर एस पोर्टल पर भी शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ। प्रधान के सहयोगी मो शकील अहमद ने कहा कि बास बिल्लियो के सहारे खीचे गये तार आये दिन गिरते रहते है। इससे कभी भी बडी दुर्घटना हो सकती है। एसडीओ अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र मे कई स्थानो पर बास बिल्लियो के सहारे बिजली आपूर्ति हो रही है।
पोल और कंडक्टर लगाने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। स्वीकृत मिलने के बाद पोल लगाकर तार खिचवाये जायेगे।

## जलभराव से परेशान परिवार का एसडीएम कुंडा ने किया निरीक्षण, कार्रवाई का दिया भरोसा

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ।**



विधानसभा बाबागंज क्षेत्र के ग्रामसभा झींगुर गोपालापुर निवासी विपिन गौतम के परिवार की बारिश और जलभराव से जुड़ी समस्या की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया।
गुरुवार को एसडीएम कुंडा स्वयं मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की स्थिति का मुआयना किया। बताया गया कि विपिन गौतम का परिवार पिछले कई दिनों से भीषण जलभराव की समस्या से जूझ रहा था। घर चारों ओर से पानी से घिर जाने से आने-जाने का सारा रास्ता बंद हो गया था। घर के अंदर तक पानी भर जाने से गृहस्थी का सारा सामान खराब हो गया था। परिवार में गर्भवती महिला और छोटी बच्ची होने के कारण सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई थी। मामले की जानकारी मीडिया में आने के बाद एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति, आवागमन के बंद रास्ते और परिवार की परेशानियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जलनिकासी और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।
मीडिया की खबर के बाद प्रशासन के मौके पर पहुंचने से पूरे गांव में उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सच्ची पत्रकारिता का ही असर है कि गरीब परिवार की आवाज अधिकारियों तक पहुंची।
अब पीड़ित परिवार को जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था होने का इंतजार है।

## चांदा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश मौर्य का जोरदार स्वागत



**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।** विकास खंड प्रतापपुर कमैचा में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश मौर्य के सुलतानपुर में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रधान मौजूद रहे। स्वागत समारोह का नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला मंत्री अरुण कुमार जायसवाल ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और अंगवस्त्र से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पार्टी के समर्थन में नारेबाजी और आतिशबाजी भी की गई।कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री विजय प्रताप त्रिपाठी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री संदीप मिश्रा, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमरदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, अमित त्यागी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने दिव्यांग व कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति समीक्षा की

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**



मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति, दिव्यांग बंधु, लोकल लेवल कमेटी तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। सीडीओ ने दिव्यांगजनों के भोजन, वस्त्र, आवास, स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। दिव्यांग पेंशन योजना के तहत वर्ष 2025-26 की चारों किस्तों के भुगतान की जानकारी दी गई।महिला कल्याण विभाग ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत 21 बालिकाओं के खातों में धनराशि भेजी जा चुकी है। वन स्टॉप सेंटर के 378 मामलों का निस्तारण किया गया है। सीडीओ ने सभी योजनाओं के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की अनुदान राशि एक सप्ताह में लाभार्थियों के खातों में भेजने के निर्देश दिए।

### कोथरा बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान में आग, 50 हजार का नुकसान

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र के कोथरा बाजार में गुरुवार भोर करीब तीन बजे रेडीमेड कपड़ों की दुकान में आग लग गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, हालांकि दुकान में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। सेमरी खुर्द निवासी मनोज कुमार पुत्र जोखूराम कोथरा बाजार में किराए के कमरे में 'अंश रेडीमेड' नाम से दुकान चलाते हैं। भोर में आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा और संचालक को सूचना दी। स्थानीय लोग दुकान के छेद से पानी की पाइप डालकर आग बुझाने में जुट गए। कुछ देर बाद मनोज कुमार भी मौके पर पहुंच गए।

## चांदा में दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां अंतिम दौर में

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।** कस्बे में दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। चार और पांच सितंबर को जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

**श्रीमती शिवा मौर्या टीचर्स ट्रेनिंग कालेज**

**D.El.ED कोर्स (दो युनिट) हेतु आवश्यता है**

1. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष 2. प्रवक्ता आधारिक 3. प्रवक्ता प्रविधि (तीन पद) 4. प्रवक्ता कला 5. प्रवक्ता स्वास्थ्य कला 6. पुस्तकालयाध्यक्ष 7. प्रवक्ता आधारिक (दो पद) 8. प्रवक्ता विज्ञान 9. प्रवक्ता सा0 विज्ञान 10. प्रवक्ता गणित (दो पद) 11. प्रवक्ता भाषा (दो पद) 12. प्रवक्ता कला
शैक्षिक योग्यता, वेतनमान, आरक्षण (SC/ST/OBC) एवं अन्य शर्तें राज्य सरकार एवं NCTE के नियमानुसार) इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति तथा दो नवीनतम फोटो के साथ दिनांक 11.09.2026 को महाविद्यालय में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।

**सचिव/प्रबंधक**

पताः-चरूहार, जियायक (महामाया नगर), दीनशाह गौरा, डलमऊ, रायबरेली
पिन कोडः 229404 मो0नं0 9651467072, 8765745190

# रिक्त भूखंडों पर कूड़ा फेंकने से मिलेगी निजात

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।



नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने नगर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक नई पहल शुरू की है। 24 अगस्त से चल रहे प्रातःकालीन आकस्मिक निरीक्षण अभियान के दौरान विभिन्न वार्डों में कई ऐसे रिक्त भूखंड और ओपन स्पेस चिन्हित किए गए हैं, जहां आसपास के लोग कूड़ा-कचरा फेंक रहे हैं। इसके चलते इन स्थानों पर धीरे-धीरे अनधिकृत गार्बेज प्वाइंट विकसित हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जब इन भूखंडों के स्वामित्व के संबंध में स्थानीय लोगों से जानकारी ली गई तो अधिकांश स्थानों के स्वामित्व की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी। अब नगर पालिका द्वारा ऐसे सभी चिह्नित स्थानों का अभिलेखीय और स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा। भूमि के स्वामित्व, उपयोग और मौके की स्थिति की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार जिन सार्वजनिक अथवा ओपन स्पेस को लागू नियमों के तहत नगर पालिका के स्वामित्व या नियंत्रण में लिए जाने की वैधानिक स्थिति बनती है, उन्हें उत्तर प्रदेश पार्क एवं ओपन स्पेस नियमावली-2005 के प्रावधानों के तहत नगर पालिका के स्वामित्व अथवा प्रबंधन में लेने की कार्रवाई प्रस्तावित है। गार्बेज प्वाइंट की जगह विकसित होंगी जनसुविधाएं नगर पालिका का उद्देश्य केवल इन स्थानों पर कूड़ा फेंकने से रोकना नहीं, बल्कि उनका जनहित में बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना भी है। नियमानुसार नगर पालिका के नियंत्रण में आने वाले स्थानों पर आवश्यकता के अनुसार पार्क, हरित क्षेत्र, जनसुविधा केंद्र, सामुदायिक सुविधाएं अथवा अन्य नागरिक सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं।

इस पहल से जहां शहर में बने अनधिकृत गार्बेज प्वाइंट समाप्त करने में मदद मिलेगी, वहीं लंबे समय से अनुपयोगी पड़े स्थानों का भी बेहतर उपयोग हो सकेगा। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि रिक्त भूखंडों, सड़क किनारे अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालें। घर-घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था का लाभ लेते हुए कचरे का निर्धारित तरीके से निस्तारण करें। अधिशाषी अधिकारी अनिल ञ्जह्वद्वड्डह्-पंडित का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से ही नगर को स्वच्छ और कूड़ा-मुक्त बनाया जा सकता है।

# आध्यात्मिक विकास से जुड़े विषयों पर हुआ मंथन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।




ब्रज समाज की विचार गोष्ठी

देवी सहाय मार्केट में विनोद दुबे पप्पू के प्रतिष्ठान पर ब्रज समाज के तत्वावधान में आयोजित ब्रज समाज की विचार गोष्ठी में समाज के आध्यात्मिक, आर्थिक एवं भौतिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत मंथन किया गया।

कार्यक्रम में प्राउटिस्ट यूनिवर्सल के चीफ सेक्रेटरी (दिल्ली सेक्टर) के आचार्य पुण्येशानन्द अवधूत जी ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति के लिए आध्यात्मिक जागरूकता के साथ आर्थिक सशक्तिकरण और भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी आवश्यक है। उन्होंने समाज को संगठित, आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने तथा आपसी सहयोग एवं एकता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। आचार्य जी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने, आपसी समन्वय बढ़ाने और सामूहिक हित के लिए कार्य करने से ही एक सशक्त एवं समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने समाज में एकता, सहयोग, नैतिक मूल्यों और समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर प्रयास करने का संकल्प लिया। गोष्ठी में प्राउटिस्ट यूनिवर्सल से अभिनव त्रिपाठी, ब्रज समाज के महासचिव अजीत राम, शिव कुमार, गौरव दीक्षित, कल्लू दीक्षित, देवकीनंदन दुबे, आशाराम, ओपी त्रिपाठी 'चातक' जी, ओम प्रकाश अग्निहोत्री, अमित कुमार दुबे एडवोकेट, विनोद कुमार दुबे एवं पप्पू दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी पर आधी रात तक होगा भजन कीर्तन

छिबरामऊ, कन्नौज। शक्तिपीठ गमा देवी में भी जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा भक्ति से मनाया जाएगा। आधी रात तक भजन कीर्तन होगा। यह जानकारी देते हुए शक्तिपीठ के पुजारी पंडित बनारसी दास



शास्त्री ने बताया कि आज जन्माष्टमी के पावन पर्व पर हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा हरे हरे महामंत्र का संकीर्तन पाठ आधी रात तक चलता रहेगा ठीक 12:00 बजे रात्रि को भगवान श्री कृष्ण का वैदिक पूजन कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। नगर के श्रद्धालु जन जन्माष्टमी के पावन पर्व में सम्मिलित होकर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसाद ग्रहण करें।

# संस्कृति से जुड़कर ही पूर्ण होती है शिक्षाः हिमांशु वर्मा

## ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

गीतापुरम कॉलोनी, फर्रूखाबाद रोड स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जन्माष्टमी पर्व का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के एमडी हिमांशु सक्सेना ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों से ही नहीं बल्कि संस्कार और संस्कृति से जुड़कर ही पूर्ण होती है। हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाए गए जन्माष्टमी पर्व में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा की मनमोहक वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में बच्चों ने राधा-कृष्ण नृत्य, कृष्ण लीला, मटकी फोड़ एवं भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं तथा प्रेम, कर्म और धर्म के संदेश को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। नन्हे कान्हा और राधा के रूप में सजे बच्चों ने अपनी मासूमियत और मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा, निदेशक हिमांशु वर्मा व प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और भारतीय संस्कारों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर अंकिता दुबे, ऋचा दुबे, अर्पित दुबे सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सम्मानित किए गए शोभा यात्रा की झांकियों के पात्र



छिबरामऊ, कन्नौज। श्री बाबा गंगेश्वर नाथ महाराज की भव्य नगर भ्रमण यात्रा को सफल एवं यादगार बनाने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सभी पात्रों, कलाकारों एवं सहयोगकर्ताओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। विगत 16 अगस्त को नगर में निकली ऐतिहासिक गंगेश्वर महाराज की शोभा यात्रा में शामिल झांकियों ने सभी का मन मोह लिया था। यात्रा के दौरान हर हर गंगेश्वर, हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा था। कई जगहों पर यात्रा को रोक कर भक्तों ने गंगेश्वर महाराज की आरती उतारकर पूजन किया था। श्री गंगेश्वर नाथ भक्त मंडली के सदस्य अंकित मिश्रा ने कहा आप सभी की मेहनत, समर्पण और सहयोग के बिना यह भव्य आयोजन संभव नहीं था। बाबा गंगेश्वर नाथ महाराज की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे।आप सभी का हृदय से धन्यवाद एवं अभिनंदन। कार्यक्रम में श्री गंगेश्वर नाथ भक्त मंडली के सदस्य संजय सैनी, संतोष गुप्ता, भीमा गुप्ता, अंकित मिश्रा, दीपक राजपूत, आकाश कश्यप, कुबेर दुबे, अभि भरद्वाज, सुधीर यादव आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने किया श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन

- जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मना जन्माष्टमी पर्व

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को अत्यंत मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने कहा ऐसे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन बच्चों को अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और सहयोग की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण राधा-कृष्ण की युगल छवि रही। छात्रा वैष्णो ने श्रीकृष्ण व सजवा ने राधा रानी का किरदार अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रभावशाली ढंग से निभाया। दोनों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और खूब सराहना की। सबसे रोमांचक एवं आकर्षक प्रस्तुति 'दही हांडी' रही। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग और टीम भावना के साथ दही हांडी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों के उत्साह और शानदार प्रदर्शन ने वातावरण को आनंद और उल्लास से भर दिया तथा उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें कर्म, सत्य, प्रेम, कर्तव्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

## खबरें एक नजर में

### घायल बिजली लाइनमैन ने लगाई न्याय की गुहार

सौरिख, कन्नौज। क्षेत्र के नगला मक्क निवासी संविदा लाइनमैन पुष्पेंद्र राजपूत के साथ बुधवार दोपहर मारपीट की घटना सामने आई है। वह अपने साथियों लाखन और दीपू के साथ तरीन्द्र गांव में बिजली लाइन ठीक करने गया था। वापस लौटते समय भावलपुर गांव के पास बाइक सवार चार लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इस दौरान उसे चोटें आईं और जान से मारने की धमकी भी दी मौके से फरार हो गए घटना के बाद पीड़ित ने अधिकारियों को जानकारी देकर मौके पर बुलाने की मांग की सूचना पर उपनिरीक्षक रणवीर सिंह चंदेल पुलिस बल के साथ पहुंचे और उसे समझाने का प्रयास किया तब जाकर नीचे उतरा पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### अदालत ने लगाया कारावास व 20 हजार रुपये का जुर्माना

कन्नौज। नाबालिग बच्ची से गंदी हरकत करने के मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला कोतवाली कन्नौज क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, वादी रामकिशोर सक्सेना की करीब चार वर्षीय नाबालिग पुत्री को अभियुक्त रघुवीर पुत्र रामभरोसे, निवासी मोहल्ला कृष्णानगर नसरापुर, द्वारा अपने पास बुलाकर गंदी हरकतें की गई थीं। घटना के संबंध में 23 सितंबर 2024 को सदर कोतवाली कन्नौज में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। डीजीपी के निर्देश पर अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की गई। कन्नौज पुलिस, अभियोजन पक्ष, मॉनीटरिंग सेल और कोर्ट पैरोकार के प्रयासों के बाद 3 सितंबर 2026 को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की अदालत ने रघुवीर को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### पुलिस मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कन्नौज। थाना सौरिख पुलिस और एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गुरुवार तड़के पुलिस अभिरक्षा से फरार पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार ग्राम पुरवानैन निवासी अंकुल पुत्र पन्नालाल जाटव ;करीब 25 वर्ष के खिलाफथाना सौरिख में मुकदमा अपराध और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज है। 30 अगस्त को न्यायालय कन्नौज में पेशी और रिमांड के बाद अंगुष्ठ छाप की कार्रवाई के दौरान वह पुलिसकर्मी को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस को गुरुवार रात करीब तीन बजे सूचना मिली कि अंकुल ग्राम दानपुर की पानी की टंकी के पास मौजूद है। घेराबंदी के दौरान अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा दो जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस बरामद हुए।

### लीडर ने पिकअप में मारी टक्कर, दो घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। प्रेमपुर चौकी क्षेत्र में एनएच-34 पर करमुल्लापुर होटल के पास एक मिनी लोडर ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिकअप बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ी और पलट गई। हादसे में पिकअप चालक रवि और संतोष पुत्र राजकुमार घायल हो गए, जबकि सूरज पुत्र संतोष बाल बाल बच गए। पिकअप चालक की पहचान रवि पुत्र कमलेश के रूप में हुई है। पिकअप में सूरज पुत्र संतोष और संतोष पुत्र राजकुमार भी सवार थे। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। इसके बाद प्रेमपुर चौकी प्रभारी विशेष कुमार भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने रवि संतोष, सूरज को एंबुलेंस से इलाज के लिए सौ शैया अस्पताल भेजा। पुलिस ने हादसे वाली पिकअप को सड़क से हटवाकर ट्रैफिक चालू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। चालक रवि ने बताया कि वह किसी काम से दिल्ली गया था

# सम्पत्ति कर के ब्याज व सरचार्ज पर मिलेगी छूट, 14 नवंबर तक करें आवेदन

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।

प्रदेश सरकार ने नागरिकों को राहत देते हुए सम्पत्ति कर से जुड़ी बकाया धनराशि पर अधिरोपित ब्याज और सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की है। योजना के तहत गृहकर, जलकल एवं सीवरकर समेत सभी प्रकार के सम्पत्ति कर के बकायेदार लाभ उठा सकेंगे।

अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक नागरिक 14 नवंबर तक पालिका कार्यालय के गृहकर पटल पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन करने वाले बकायेदार 15 दिसंबर तक अधिकतम तीन किश्तों में अपनी बकाया धनराशि जमा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत ब्याज और सरचार्ज पर 100 प्रतिशत छूट अनुमन्य होगी। हालांकि इस छूट का लाभ तभी मिलेगा, जब संबंधित बकायेदार द्वारा सम्पूर्ण मूल बकाया धनराशि का भुगतान कर दिया जाएगा। योजना का लाभ 01 अप्रैल तक के लंबित बकाये पर दिया जाएगा। ओटीएस योजना प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आवासीय, अनावासीय एवं मिश्रित श्रेणी की संपत्तियों पर लागू होगी। इसमें व्यक्तिगत संपत्तियों के साथ-साथ राज्य सरकार, स्वायत्तशासी निकाय और पब्लिक सेक्टर यूनिट आदि की संपत्तियां भी शामिल हैं।

# प्रधानाचार्यों को दिया दक्ष मॉड्यूल का प्रशिक्षण

- यह प्रशिक्षण वर्तमान बदलती शैक्षिक परिस्थितियों में आज की जरूरतः डॉ सुधाकरन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में राजकीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दक्ष मॉड्यूल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

जनपद के सभी माध्यमिक एवं राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को उनके कार्य एवं दायित्व संबंधी दक्षता प्रदान करने हेतु राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद लखनऊ द्वारा दक्ष मॉड्यूल का विकास किया गया है , जिसके उद्देश्य को धरातल पर उतरने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन, शैक्षिक नेतृत्व, अधिगम, गुणवत्ता, मूल्यांकन , नवाचारों के संवर्धन व सामुदायिक सहभागिता सहित अंतर विभागीय समन्वय आदि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डायट प्राचार्य डॉ अमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए इसे सकारात्मक बदलाव के सृजनकर्ता के रूप में बताया ताकि आने वाले समय में माध्यमिक शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन की आशा व विकसित भारत हेतु योग्य व सकारात्मक सोच वाले नागरिकों को तैयार करने में सहायक हो सकें। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ सुधाकरन ने कहा यह प्रशिक्षण वर्तमान बदलती शैक्षिक परिस्थितियों में आज की जरूरत है। मास्टर ट्रेनर सुमित कुमार गुप्ता ने नई शिक्षा नीति 2020 व विद्यालय प्रमुखों के सम्पूर्ण विकास हेतु लक्ष्य निर्धारण ,स्व विकास व नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रधानाध्यापकों के अकादमिक व शैक्षिक दायित्व पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर अच्युत त्रिपाठी ने तनाव भरे वर्तमान परिवेश में मानसिक स्वस्थ्य के महत्व व स्वास्थ्य रहने के उपायों की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर सुशील दुबे ने बेहतर परिणाम हेतु माध्यमिक विद्यालयों का अन्य विभागों से अंतर विभागीय समन्वय किस प्रकार से बेहतर परिणाम दे सकता है आदि जानकारी दी गई।

# सपा प्रदेश सचिव बनने पर इरफान हुसैन का स्वागत

- पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका ईमानदारी के साथ करेंगे निर्वहन इरफान हुसैन

समृद्धि न्यूज़, समधन।



सपा की प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव नामित होने के बाद इरफान हुसैन के स्वागत का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को कस्बा समधन के मोहल्ला किदवई नगर में सपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इरफान हुसैन को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। स्वागत समारोह में मौजूद लोगों ने कहा कि उनके प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल होने से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा हुआ है। कार्यकर्ताओं ने आगामी समय में समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इरफान हुसैन ने स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की।स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर इरफान हुसैन का स्वागत किया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद बदरूल सिद्दीकी, हाफिज फुरकान, इरशाद पहलवान, तनवीर खान, जुल्फिकार उर्फ तौला, सभासद जावेद अख्तर, शकील उर्फ गुड्डू, मिन्हाज खान, शेकू, फखरूद्दीन, मुनीर, अब्दुल्लाह खान सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनी जन्माष्टमी



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से प्री प्रायमरी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए किया गया। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने राधा एवं कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने पूरे उत्साह और मासूमियत के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। शिक्षिकाओं ने बच्चों को श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं तथा उनके द्वारा दिए गए प्रेम, सत्य, धर्म और सदाचार के संदेश से परिचित कराया। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे बच्चों ने समारोह के वातावरण को और भी मनमोहक बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विमलेश दुबे ने कहा कि त्योहार हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और संस्कारों से बच्चों को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बचपन से ही बच्चों में प्रेम, करुणा, सद्भावना और नैतिक मूल्यों का विकास करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिम मंसूर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती तिवारी के मार्गदर्शन तथा शिक्षिकाओं के अथक प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दबंगों ने खेत की रखवाली कर रहे किसान के तोड़े हाथ-पैर

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

- घायल किसान न्याय के लिए ऑटो से एसपी दफ्तर पहुंचा
- एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



मूंगफली के खेत में गाय घुसने से रोकना एक वृद्ध किसान को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने वृद्ध किसान के साथ जमकर मारपीट कर उसके हाथ-पैर तोड़ दिए। घायल किसान न्याय की गुहार लगाने के लिए ऑटो से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामला गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गुगरापुर हंसपूर्वा गांव का बताया जा रहा है। घायल वृद्ध किसान के अनुसार वह अपने मूंगफली के खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान खेत में गाय घुस गई। किसान ने गाय को खेत से बाहर निकालने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी बात को लेकर राजपाल और सीताराम ने उसे पहले चेतावनी दी और इसके बाद उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। किसान का आरोप है कि मारपीट में उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं और वह घायल हो गया। पीड़ित के मुताबिक घटना के बाद वह लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन उसकी शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर वह गुरुवार को ऑटो में सवार होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# लैपटॉप-मोबाइल व ईयरबड्स समेत आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।




थाना तालग्राम पुलिस और एसओजी/ सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चोरी की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का लैपटॉप, एंड्राइड मोबाइल फोन और दो ईयरबड्स बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। 15/16 जुलाई की रात चौखटा निवासी माधव कुमार की मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से अज्ञात चोर लैपटॉप और मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गया था। मामले में 26 जुलाई को थाना तालग्राम में मुकदमा दर्ज किया गया जांच के दौरान पुलिस टीम ने 3 सितंबर को छिबरामऊ अंडरपास के पास से अजीत कुमार उर्फ टिंकू (32) निवासी भारापुर, थाना छिबरामऊ को गिरफ्तार किया। उसके पास से लैनेवो कंपनी का लैपटॉप, आईटेल कंपनी का एंड्राइड मोबाइल और दो ईयरबड्स बरामद हुए।

पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत अन्य जनपदों में चोरी, छिनैती, मारपीट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-760/1-30/2026-27 दिनांकः- 02 सितम्बर 2026

शुद्धि पत्र

कार्यालय पत्र सं0 730/1-30/2020-27 दिनांक 27/08/2026 के माध्यम से प्रकाशित करायी गयी निविदा विज्ञप्ति सूची में कार्य सं0 18 पर अंकित कार्य को अपरिहार्य कार्यों से निरस्त किया जाता है तथा शेष सभी कार्यों की निविदा नियत तिथि व समय पर ही यथावत डाली जायेंगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद

# 5 सितम्बर को थाना नवाबगंज का घेराव करेंगे किसान


धरने पर बैठे किसान

**किसानों का ग्यारहवें दिन भी धरना जारी**

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज।

ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम सभा बराकेशव में चकबंदी और किसानों पर दर्ज एफआईआर को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का ग्यारहवें दिन भी जारी रहा। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि चकबंदी विभाग द्वारा किसानों महिलाओं पर अत्याचार किया गया है, किसानों को लूटा गया है। मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी ने कहा कि सभी किसान एक हो जाओ देखते है कैसे चकबंदी होती है, सभी किसान बड़ी संख्या मे नवाबगंज जरूर पहुंचे। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जनपद में बहुत महत्वपूर्ण दिन था, जनपद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आये थे। जिन्होंने जनपद को कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अब किसान जाग गया है, अपना अधिकार लेना सीख गया है। अध्यक्षता दीपसिंह यादव ने किया। संचालन गोपी शाक्य ने किया। इस अवसर पर अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, अनुज राजपूत, मुकेश शर्मा, राजेश गंगवार, विजनेश यादव, सुग्रीव पाल, अनेद्र गंगवार, शिवराम शाक्य, दीपक राठौर, अजीत सोमवंशी, पप्पू यादव उपस्थित रहे।

**भाकियू स्वराज गुट जिलाध्यक्ष को पुलिस ने किया नजरबंद**

नवाबगंज। भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा को गुरुवार सुबह पुलिस प्रशासन द्वारा उनके आवास पर नजरबंद कर लिया गया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब वह बिजली विभाग की भ्रष्ट कार्यशैली को लेकर जनपद आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने के कारण वे मुख्यमंत्री को ज्ञापन नहीं सौंप सके। जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा कि प्रशासन चाहे जितनी भी पाबंदियां लगा ले, किसानों की समस्याओं और उनकी आवाज को हमेशा मजबूती के साथ उठाया जाता रहेगा। इस दौरान अरजीत सिंह, मानेंद्र लाला, सुनील राजपूत, संजेश राठौर, रवीश कुमार, जितेंद्र दीक्षित, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण के नाम जप से पापों का होता नाशः आचार्य


कथा श्रवण करते भक्तगण

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

भैरोघाट स्थित ऐतिहासिक कालेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में माँ गंगा के पावन सम्मुख श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित अम्बुज त्रिपाठी महाराज ने कहा कि नरकों की भयावह कथा सुनकर राजा परीक्षित अत्यंत द्रवित और भयभीत हो गए। उन्होंने शुकदेव जी से पूछा हे गुरुदेव! मनुष्य इन घोर कष्टों और नरक के द्वारों से कैसे बच सकता है? तब शुकदेव जी महाराज ने मुस्कुराकर अत्यंत सुंदर समाधान दिया। यदि मनुष्य से अनजाने में कोई पाप हुआ है, तो जीवन रहते ही उसका सच्चे मन से पश्चाताप करना चाहिए और दोबारा वह गलती नहीं दोहराने का संकल्प लेना चाहिए। कलियुग में भगवान श्रीकृष्ण के नाम का जाप, भजन और भागवत कथा का श्रवण ही समस्त पापों की सबसे बड़ी औषधि है। जैसे अग्नि सूखी लकड़ियों के ढेर को पल भर में भस्म कर देती है, वैसे ही नारायण का नाम जीव के जन्म-जन्मांतर के पापों को नष्ट कर देता है। शुकदेव जी ने नरक का वर्णन राजा परीक्षित को डराने के लिए नहीं, बल्कि मानव समाज को सचेत करने और सही मार्ग पर लाने के लिए किया था। इस कथा को सुनने के बाद राजा परीक्षित का मन संसार से पूरी तरह विरक्त हो गया और वे पूर्ण रूप से भगवद्-स्मरण में लीन हो गए। कथा में नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉ0 राजीव कुमार पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी विनीता पाठक मुख्य रुप से भाग लिया। डा0 वैभव पाठक एवं सुधा पाठक ने अपने बच्चों के साथ पहुंचकर कथा का श्रवण किया और आचार्य से आशीर्वाद लिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# ग्राम गुडेरा में लगे स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण


ग्रामीणों का परीक्षण करते चिकित्सक

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं 193-अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव जनसेवा संकल्प अमृतपुर के तत्वाधान में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम गुडेरा में लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर के दौरान क्षेत्र के करीब 300 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें चिकित्सकों के परामर्शानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. अतिफहुसैन, डॉ. उश्बस, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. आदर्श, डॉ. जीतू शाक्य, डॉ. आयुष यादव शामिल रहे। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श और सावधानियां बरतने की सलाह दी। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण अंचल के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में भी इस तरह के जनहित शिविरों का आयोजन लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर स्थानीय लोग और ग्रामीणवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकली भव्य पालकी यात्रा**

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।


पालकी यात्रा निकालते भक्तगण

श्री बांके बिहारी कृपा मण्डल द्वारा आयोजित 8वां कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर मठिया देवी मंदिर, पल्ला मठिया में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मण्डल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को शाम श्री बांके बिहारी जी की भव्य पालकी यात्रा निकाली। पालकी यात्रा मठिया देवी मंदिर से प्रारम्भ होकर चौक, घुमना, नितगंजा, स्टेट बैंक होते हुए पल्ला मठिया मंदिर भगवान की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुई। मुख्य आयोजन 04 सितम्बर दिन शुक्रवार को रात्रि वेला में मठिया देवी मंदिर परिसर में होगा। जिसमें भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहीं 05 सितम्बर दिन शनिवार को दोपहर 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमियों से सपरिवार पधारने की अपील की है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग,गृहस्थी जलकर राख

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज।


आग लगने के बाद का दृश्य

विकासखंड क्षेत्र के मेरापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव पारोली खरिदाई में शॉर्ट सर्किट के कारण घर में अचानक भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में घर की गृहस्थी का हजारों का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। पारोली खरिदाई मेरापुर थाना क्षेत्र नवाबगंज विकासखंड निवासी सुरेश चंद्र पुत्र धनीराम सक्सेना के घर खराब मौसम के चलते अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी।

आग इतनी अचानक और तेजी से फैली कि घरवाले कुछ समझ पाते, तब तक लपटों ने विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में टेलीविजन और स्टेबलाइजर, कुर्सी, गद्दा और रजाई, घरेलू कपड़े और अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की तेज लपटें देखकर गृह स्वामी और परिजनों ने चीख-पुकार मचाई। जिसके बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने भारी मशक्कत करते हुए समरसेबुल पंप चालू कर किसी तरह आग पर काबू पाया, वरना यह हादसा और भी बड़ा रूप ले सकता था। घटना की सूचना ग्राम प्रधान रणधीर सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है, हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई भी राजस्व कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

## खबरें एक नजर में

**सभी महापुरुषों की जयंती मनाएगा कुशवाहा समाज**

बांदा। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में आयोजित मंडलीय बैठक में स्वाजातीय लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा प्रदेश महासचिव विजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि कहा कि कुशवाहा समाज बुंदेलखंड में सभी स्वाजातीय लोग अपने स्तर से समाज के सभी महापुरुषों तथागत शाक्य, मुनि गौतम बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्री फुले, सम्राट अशोक, वीर ऊधम सिंह सैनी, बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा, चंद्रगुप्त मौर्य व लवकुश सहित सभी महापुरुषों की जयंतियां मनाएं। समाज का मान सम्मान बढ़ाने उन्हें सशक्त और समृद्धशाली बनाने तथा प्रधानी से लेकर राजधानी तक राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाने के लिए प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, विधायक, सांसद का चुनाव लड़ाकर जिताने का काम करें। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष पीपी कुशवाहा, जिला अध्यक्ष रामपाल कुशवाहा, अजय कुशवाहा, लखन कुशवाहा समेत तमाम स्वजातीय लोग आदि उपस्थित रहे।

**पेड़ से बाइक टकराई, युवक की मौत**

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के टोला कलां निवासी रामबली (34) पुत्र बंधु बुधवार को अपने चचेरे भाई राजेश (35) पुत्र छेदीलाल व राजकुमार (45) पुत्र श्यामलाल के साथ गुरेह गांव आया था। रात को तीन बाइक से घर लौट रहे थे। टोला कलां के पास रास्ते में टूटे पड़े पेड़ से बाइक टकरा गई। तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान रामबली की मौत हो गई। जबकि हादसे में बाइक में पीछे बैठे चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के चचेरे भाई मिथिलेश ने बताया कि रामबली किसानी करता था।

**पात्र विधवा को हटाकर चयन बदलने का आरोप**

आंगन बाड़ी भर्ती

नरैनी। तहसील क्षेत्र के तरहटी कालिंजर में वर्ष 2024–25 में हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में कथित अनियमितता का मामला अब मंडलायुक्त स्तर तक पहुंच गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीपीएल–विधवा अभ्यर्थी चयन न करके अपात्र महिला की नियुक्ति की गई। शिकायत के बाद भी विधायकों व मंडलायुक्त के आदेशों के बाद भी जांच अधूरी है। शिकायतकर्ता गोल्डी शुक्ला ने आरोप लगाया है कि 28 नंबर पर ओबीसी पद पर पात्र बीपीएल–विधवा अभ्यर्थी कुसुम कुमारी का चयन न कर हेमपुष्पा वर्मा की नियुक्ति की गई। चयन प्रपत्र में कुसुम कुमारी के नाम के सामने 'ऑलरेडी सिलेक्ट' लिखे जाने के बाद उन्हें 29 नंबर अनारक्षित पद पर चयनित दिखाने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुसुम कुमारी बीपीएल श्रेणी की विधवा अभ्यर्थी थीं। भर्ती के निर्धारित नियमों के तहत प्राथमिकता की पात्रता रखती थीं। आरोप है कि उन्हें 28 नंबर ओबीसी पद पर चयनित करने के बजाय वहां से हटाकर 29 नंबर अनारक्षित पद पर चयनित दर्शाया गया।

**खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

बांदा। मिनी ओलंपिक के प्रथम चरण में गुरुवार को विभिन्न खेलों के मुकाबले रोमांच और उत्साह के बीच आयोजित हुए। सरदार वल्लभाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम के इंडोर वालीबाल हाल में कबड्डी का जूनियर बालक व बालिका वर्ग के मुकाबलों का शुभारंभ एडीएम (न्यायिक) माया शंकर यादव, एडीएम (नमामि गंगे) मदन मोहन वर्मा, बीएसए अव्यक्त राम तिवारी व डिप्टी कलेक्टर अंकित वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सब जूनियर कबड्डी के रोमांचक मुकाबले में जेएन योद्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेएन कॉलेज को 24–18 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। जूनियर बालक वर्ग में भागवत प्रसाद इंटर कॉलेज ने अतर्रा टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 32–24 से पराजित किया।

# धूमधाम से मनाया गया सावन झूला व हरियाली तीज महोत्सव

समृद्धि न्यूज़,कायमगंज।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

नगर के जटवारा रोड स्थित सीपी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, लायंस क्लब कायमगंज एवं सम्पर्ण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सावन झूला एवं हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव में नगर के विभिन्न विद्यालयों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जज नीरज शर्मा, एडीजे संजय कुमार, विंध्या भट्टाचार्य, सांसद मुकेश राजपूत, रूपेश गुप्ता, विधायक डॉ0 सुरभि, विधायक सुशील शाक्य कार्यक्रम अध्यक्ष सत्य प्रकाश अग्रवाल, डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, स्नेहा कटारिया और सभासद जितेंद्र राठौर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत स्वागत गीत राधे झूलन पधारो, घिर आए बदरा रे से हुई। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की इन शानदार और ऊर्जावान प्रस्तुतियों से पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। लायंस क्लब और आईडीबीआई बैंक के सहयोग से क्षेत्र की गरीब, विधवा एवं असहाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पांच सिलाई मशीनें वितरित की गईं। मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। संचालन योगेश चंद्र तिवारी ने किया।

इस अवसर पर विनोद गंगवार, सुधीर गुप्ता, अवधेश अग्रवाल, सुनीता सचान, प्रधानाचार्य आरके बाजपेई, नीरज अग्रवाल, रामशरण गुप्ता, लोकेश गुप्ता, ईश्वर चंद्र, क्षेत्रपाल रस्तोगी, अखिलेश, धीरज, शिवम, सर्वेश, रजनीश गुप्ता, अशोक गुप्ता, शिवशरण दास अग्रवाल, मयंक गुप्ता, अभिनंदन गुप्ता, आलोक गुप्ता, शिवम गुप्ता, आतिफ, मनोज उपस्थित रहे।

# खेत में मिलाने के लिए दबंग ने काटा चकरोड

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज।

**ग्रामीण ने थाने में दी तहरीर**

थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर में सरकारी चकरोड को काटकर अपने खेत में मिलाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्रामीण ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, गांव बलीपुर निवासी अरविन्द कुमार के खेत के पास से आवागमन के लिए सरकारी चकरोड निकला हुआ है। अरविन्द का आरोप है कि बीती रात किसी समय गांव के ही एक युवक ने साजिश के तहत खेतों के बीच से गुजरने वाले इस चकरोड को काटकर अपने निजी खेत में मिला लिया। बुधवार सुबह जब अरविन्द कुमार अपने खेत की ओर देखने गए, तब उन्हें चकरोड खुदा हुआ और गायब मिला। रास्ते की यह स्थिति देखकर वे दंग रह गए। उन्होंने तुरंत आसपास के अन्य किसानों व ग्रामीणों को मौके पर बुलाकर पूरी घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने भी इस कृत्य की निंदा की। घटना से आक्रोशित अरविन्द कुमार ने स्थानीय थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# नगर पालिका चेयरमैन ने कौशल सुधार प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़,बांदा।

उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में संचालित 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण संबंधी किट वितरित की। सभी प्रशिक्षार्थियों से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। शहर के अतर्रा चुंगी स्थित राम-जानकी वाटिका में गुरुवार को उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में संचालित 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण (एससीएसपी व सामान्य) कार्यक्रम के तहत नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू ने हेयर स्टाइलिस्ट, दर्जी व ब्यूटी पार्लर ट्रेड प्रशिक्षण सत्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं व महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। हुनर ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर देता है। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षार्थियों के व्यावसायिक कौशल में व्यापक सुधार होगा।

# कीर्तन निकालकर दिया जन्माष्टमी महोत्सव का निमंत्रण

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज।



नगर कीर्तन की शुरुआत मोहम्मदाबाद मार्ग स्थित माया मैरिज लॉन से हुई। भक्तगण मुख्य मार्ग से होते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों से निकले और बाईपास मार्ग तक पहुंचे, जहां नगर कीर्तन का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।

नगर कीर्तन के दौरान 'हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे' महामंत्र का सामूहिक उद्घोष किया गया। महामंत्र के जयघोष से नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। रास्ते में लोगों ने नगर कीर्तन को उत्सुकता के साथ देखा और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तगणों ने नगरवासियों से आगामी 4 सितंबर को माया मैरिज लॉन में आयोजित होने वाले जन्माष्टमी एवं नंदोत्सव महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की कथा का श्रवण कराया जाएगा और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने नगरवासियों से परिवार सहित महोत्सव में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की कथा श्रवण करने और जन्माष्टमी के पावन पर्व को भक्तिभाव के साथ मनाने का आह्वान किया।

नगर कीर्तन के दौरान इस्कॉन से जुड़े भक्तों की मौजूदगी और महामंत्र के निरंतर उद्घोष ने नवाबगंज में आध्यात्मिक वातावरण बना दिया। श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। नगर कीर्तन के माध्यम से लोगों तक भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का संदेश पहुंचाने के साथ ही उन्हें आगामी महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। 4 सितंबर को होने वाले जन्माष्टमी एवं नंदोत्सव महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है।

# मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वास्थ्य विभाग की पुख्ता तैयारी, 17 एंबुलेंस मुस्तैद

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

मुख्यमंत्री जी के जनपद आगमन एवं बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत राशि, राहत सामग्री तथा बाढ़ के कारण अपने घर खो चुके परिवारों को सहायता राशि प्रदान किए जाने के कार्यक्रम को सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन के स्वास्थ्य एवं किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए व्यापक एवं पुख्ता व्यवस्थाएं की गईं। कार्यक्रम की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अधिकारियों को उनके दायित्व निर्धारित किए गए। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.सी. माथुर को पुलिस लाइन स्थित हेलिपैड पर चिकित्सकीय व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कटारिया को कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड, सेफ हाउस एवं प्लेटफॉर्म पर चिकित्सकीय टीम के साथ एंबुलेंस, एलएमओ एवं 108 एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया। इसी क्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. परिक्षित सफीर को कार्यक्रम स्थल पर खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच की जिम्मेदारी तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वर इकबाल सिद्दीकी को कार्यक्रम स्थल पर स्थापित अस्थायी सेफ हाउस में चिकित्सकीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव को कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नामित किया गया, जिनके द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के समन्वय एवं निगरानी का कार्य किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न चिन्हित स्थानों पर 17 एंबुलेंस को सभी आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों एवं चिकित्सकीय टीम के साथ तैनात किया गया। पुलिस लाइन, हेलिपैड, कार्यक्रम स्थल, सेफ हाउस एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर एंबुलेंस को अलर्ट रखा गया, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति की आशंका को देखते हुए सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय द्वारा स्थानीय व्यवस्था के साथ-साथ कानपुर देहात, इटावा, कन्नौज, औरैया, शाहजहांपुर एवं एटा जनपदों से भी एंबुलेंस का सहयोग लिया गया। दूसरे जनपदों से एंबुलेंस मंगाकर आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया।

पुलिस लाइन, हेलिपैड, कार्यक्रम स्थल, सेफ हाउस तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय सहित विभिन्न चिन्हित स्थानों पर अलग-अलग चिकित्सकीय टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी टीमों को निर्धारित स्थानों पर पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सभा स्थल पर 155 लोगों को दवा, 1200 ओआरएस पैकेट वितरित

सभा स्थल पर उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 23 एनएम एवं स्वास्थ्य किट के साथ तैनात किया गया। इनके माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखने एवं आवश्यकता के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही एनएमएमयू की 2 एंबुलेंस सभा स्थल पर लगाई गई थीं। इनके माध्यम से सभा में उपस्थित 155 लोगों को आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा मौके पर ही लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। गर्मी एवं बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1200 पैकेट ओआरएस का वितरण भी किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को तत्काल आवश्यक सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने सभी तैनात चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं एंबुलेंस टीमों को निर्धारित स्थानों पर पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर मरीज को बिना विलंब उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए भेजा जाए।

सीएमओ के निर्देशन में 17 एंबुलेंस, छह अन्य जनपदों से प्राप्त एंबुलेंस का सहयोग, 2 एनएमएमयू एंबुलेंस, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती, 23 एनएम की टीम, 155 लोगों को दवा का वितरण तथा 1200 ओआरएस पैकेट का वितरण कर कार्यक्रम के लिए मजबूत एवं बहुस्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था तैयार की गई।

**विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की व्यापक तैनाती**

कार्यक्रम के लिए तैयार तैनाती सूची के अनुसार विभिन्न स्थानों पर 2 एनेस्थेटिस्ट, 3 फिजिशियन, 3 सर्जन, 1 पैथोलॉजिस्ट, 3 फिजियोथेरेपिस्ट, 1 कार्डियोलॉजिस्ट तथा 1 जनरल सर्जन सहित विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं सुनिश्चित की गईं। इसके साथ ही 5 फार्मासिस्ट, 2 लैब टेक्नीशियन, 5 वार्ड बॉय, 1 ईएमटी तथा 1 चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य आवश्यक पैरामेडिकल एवं एंबुलेंस स्टाफ की भी तैनाती की गई।

**सेफ हाउस में तत्काल उपलब्ध हुई चिकित्सा सुविधा**

पुलिस लाइन में बनाए गए सेफ हाउस में भी चिकित्सकीय टीम को तैनात रखा गया। कार्यक्रम के दौरान ईशा कांस्टेबल, कमलांग स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर उपचार के लिए पहुंचीं। उन्हें बुखार एवं कमजोरी की शिकायत थी। तैनात चिकित्सकीय टीम द्वारा उनका परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं दवा उपलब्ध कराई गई।

# अटेवा ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण और टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की उठी मांग**

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएम के कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन पहुंचकर एसडीएम अमृतपुर को सौंपा। जिसमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, शिक्षकों पर से टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने और सरकारी संस्थानों के निजीकरण को रोकने की पुरजोर मांग की गई है। वर्ष 2005 के उपरांत उत्तर प्रदेश के लगभग 15 लाख शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त कर नई पेंशन व्यवस्था लागू की गई थी, जिससे कर्मचारियों में भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। अटेवा ने मांग की है कि एनपीएस व्यवस्था न केवल कर्मचारियों के लिए नुकसानदेह है,


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अटेवा जिलाध्यक्ष

बल्कि यह सरकार के लिए भी ठीक नहीं है। वर्षों से सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को एक गंभीर मुद्दा बताया गया है। संगठन का तर्क है कि 20-25 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर यह नियम लागू करना अव्यवहारिक है और इसके कारण कई शिक्षक असमय काल-कवलित हो चुके हैं। निजीकरण अनेक समस्याओं की जननी है, जिससे जवाबदेही खत्म होती है और इसका खामियाजा प्रदेश की जनता व युवाओं को भुगतना पड़ता है।

इसलिए सरकारी संस्थानों का निजीकरण तुरंत बंद किया जाए। संगठन ने मुख्यमंत्री के पुराने उस पत्र का भी स्मरण कराया जो उन्होंने गोरखपुर के सांसद रहते हुए 21 मई 2013 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह को ओपीएस बहाली के लिए लिखा था।

ज्ञापन पर प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, फूल सिंह शाक्य, विमलेश शाक्य, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, सुधीर कुमार पाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**गंगा पार क्षेत्र की बाढ़-कटान समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को देना था ज्ञापन**

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जिले के गंगा पार क्षेत्र के ग्रामीणों को बाढ़ और कटान की गंभीर समस्याओं से स्थायी राहत दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने जा रहे विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला को पुलिस द्वारा कथित तौर पर हाउस अरेस्ट कर लिया। संगठन का आरोप है कि पुलिस की इस कार्रवाई के चलते जिला अध्यक्ष ग्रामीणों की पीड़ा से जुड़ा ज्ञापन मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचा सके। गंगा पार क्षेत्र में बाढ़ एवं कटान की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मजबूत तटबंध निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य शीघ्र शुरू कराना। बाढ़ से प्रभावित किसानों एवं ग्रामीणों की फसल, मकान और पशुधन की क्षति का निष्पक्ष सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाना। प्रभावित गांवों के सुगम आवागमन के लिए सड़कों और पुल-पुलियों की स्थायी व्यवस्था करना। जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला जब मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे थे, तभी उनके


हाउस अरेस्ट विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी

आवास पर पुलिस पहुंची और उन्हें घर से बाहर जाने से रोक दिया गया। पदाधिकारियों का कहना है कि संगठन का उद्देश्य किसी भी प्रकार का विवाद या टकराव पैदा करना नहीं था, बल्कि गंगा पार क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की वर्षों पुरानी और गंभीर समस्या को शासन के समक्ष शांतिपूर्ण ढंग से रखना था।

## 2500 बहनों ने सदर विधायक की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

उन्नाव। रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में निराला प्रेक्षागृह में सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा आयोजित 'शक्ति वंदन रक्षा महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की लगभग 2500 माताओं एवं बहनों ने सदर विधायक पंकज गुप्ता को रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। सदर विधायक ने सभी बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और रक्षाबंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व ही नहीं, बल्कि यह प्रेम, विश्वास, स्नेह और पारिवारिक रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है।

# भाकियू महाशक्ति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

हाउस अरेस्ट के दौरान मौजूद किसान नेता

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने क्षेत्र की जनसमस्याओं और किसानों की प्रमुख मांगों के निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाना था।

जिसको लेकर किसान नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया। ज्ञापन में संगठन के किसानों ने प्रशासनिक प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है और प्रमुख मांगों को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण तटीय क्षेत्रों में होने वाली भारी जन-धन की हानि, फसलों के नुकसान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, गंगा नदी के दोनों तरफ ढाईघाट से पांचालघाट तक मजबूत व पक्के तटबंध का निर्माण कराए जाने की मांग की गई है। वर्तमान में चीनी के बढ़ते बाजार भाव लगभग 70 प्रति किलो तक और किसानों की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य 800 प्रति क्विंटल तय किए जाने की मांग की गई है। सदर तहसील में तैनात लेखपाल कुलदीप राठौर के खिलाफ भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग और जनसामान्य को प्रताड़ित करने की मिल रही शिकायतों पर निष्पक्ष जांच कराकर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

## सपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजू शर्मा व जय सिंह, राजेन्द्र सिंह बने सदस्य


मनोनयन पत्र दिखाते राजेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर सैनिक प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए राजू शर्मा, जय सिंह शाक्य, राजेन्द्र सिंह को प्रदेश की सैनिक प्रकोष्ठ कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनाया है। जनपद फर्रुखाबाद सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव के साथ तीनों लोगों ने लखनऊ पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात करने के बाद सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय जाकर मुलाकात की। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन ने राजू शर्मा को प्रदेश सचिव व जय सिंह शाक्य एवं राजेन्द्र सिंह को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है और उन्हें निर्देशित किया कि वह अपने सैनिक मूल्यों व अनुशासन को ध्यान में रखते हुए संगठन की जिम्मेदारी निभायेंगे और आम जन मानस को समाज हित में समाजवादी पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष केके यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# एडीजी ने किया ऑफिसर्स मेस का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

फतेहगढ़ स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों और आगंतुकों के लिए एक नई और आधुनिक सुविधा का शुभारंभ किया गया है। पुलिस लाइन में नवनिर्मित आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुलिस ऑफिसर्स मेस (अतिथि गृह) का औपचारिक उद्घाटन एडीजी ज़ोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ ने फीता काटकर विधिवत किया।

इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र यमुना प्रसाद व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के बाद एडीजी ने नवनिर्मित अतिथि गृह के पूरे परिसर, कमरों और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंधों


फीता काटकर उद्घाटन करती एडीजी

और अधिकारियों के लिए मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह आधुनिक अतिथि गृह बनने से रिजर्व पुलिस लाइन में आने वाले वरिष्ठ अधिकारियों और मेहमानों को ठहरने व अन्य बैठकों के लिए बेहतर एवं उच्च स्तरीय सुविधाएं मिल सकेंगी।

## खबरें एक नजर में

### व्यापारियों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में आज शहर की विभिन्न बाजारे नवीन मार्केट जरीब चौकी विकास नगर श्याम नगर हालसी रोड, एक्सप्रेस रोड, मूलगंज, काकादेव सर्वोदय नगर कलेक्टर गंज की सड़कों की स्थिति बहुत खराब है व प्रमुख मंदिरों के रोड़ों पर अपार गड्ढे हो गए हैं जिसकी वजह से आने वाले दिनों मे धार्मिक त्यौहार आने वाले हैं यदि इन सड़कों को तत्काल ठीक नहीं कराया गया तो व्यापारियों का नुकसान तो हो ही रहा है साथ में जन्माष्टमी का एक बड़ा प्र्व है और कानपुर नगर के कुछ प्रमुख मंदिर जेके मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, इस्कॉन मंदिर, में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं उनके सामने भी यदि रोडो का सुधार नहीं हुआ तो बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा व किसी भी प्रकार की घटनाएं भी हो सकती है महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने नगर आयुक्त को अवगत कराया की कि अभी कुछ ही दिन पूर्व नगर निगम की लापरवाही के कारण कृष्णा नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की नाले में गिरकर मृत्यु हो गई थी जिस पर मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुनील बजाज महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी रामेश्वर गुप्ता लाला भैया, सुरेश गुप्ता खादी केवी सिंह, महेंद्र गुप्ता संतोष शर्मा, सीताराम गुप्ता, मोहम्मद यासीन चांद भाई, हरीश त्रिपाठी, देवनाथ मिश्रा सौरभ त्रिवेदी, गुलशन जायसवाल आदि थे।

### ताम्बेश्वर मंदिर में 51 फिट की लगेगी शिव प्रतिमा



**फतेहपुर।** सिद्धपीठ ताम्बेश्वर मंदिर में 51 फिट की भगवान शंकर की प्रतिमा लगाने का जो संकल्प भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने लिया था उसकी डिजाइन बनकर तैयार हो गई है और इंजीनियरों की टीम पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के साथ ताम्बेश्वर मंदिर पहुंचा और तालाब का निरीक्षण किया जहां पर प्रतिमा लगनी है। इस दौरान इंजीनियर मानस ने बताया कि मूर्ति को बनने में दो से तीन महीना लगेंगे इसके साथी तालाब में निर्माण भी शुरू हो जाएगा और शीघ्र ही यह स्थान पर्यटन के दृष्टिकोण से भी अच्छा हो जाएगा वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि उन्होंने जो संकल्प लिया था उसको परिणित रूप करने का समय आ गया है। 51 फिट की मूर्ति शीघ्र लगेगी। जिसमें सभी के सहयोग से भगवान शंकर की प्रतिमा इस तालाब में बीचो-बीच विराजमान होगी। इस अवसर पर ताम्बेश्वर मंदिर के पुजारी राघवेंद्र शास्त्री, मनोज मिश्रा मनु, राजू पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कीटनाशक निगलने से युवती की मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के मोहल्ला कछियाना निवासी एक युवती द्वारा बुधवार को घर में कीटनाशक दवा निगल ली थी परिजनों ने गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया था । बताया जाता है कि इलाज के लिए ले जाते समय युवती की मौत हो गई। गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला कछियाना निवासी अभिलाष की पुत्री कृतिका 18 वर्ष ने बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते कीट नाशक पाउडर पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने द्वारा इलाज के लिए उसे यहाँ के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया था। जहां गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफ्र कर दिया था। जहां इलाज के लिए ले जाते समय युवती मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अन्तिम संस्कार भी कर दिया।

# पुलिस ने लौटाए 16.5 लाख के 116 गुम मोबाइल

**खोए मोबाइल पाकर चेहरों पर लौटी खुशी**

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

जनपद में गुम-खोए मोबाइल बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में सीईआईआर पोर्टल की मदद से कुल 116 मल्टीमीडियामोबाईल फोन (अनुमानित कीमत 16.5 लाख रुपये) बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाए गए।

पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने खुद लाभार्थियों को उनके खोए फोन सौंपे। अपना खोया फोन वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की




सराहना की। एसपी के अनुसार सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर जनपदीय सीसीटीएनएस टीम व सभी थानों की टीमों को गुम मोबाइलों की बरामदगी के निर्देश दिए गए थे।

टीमों की सतत मॉनिटरिंग से गैर-जनपदीय क्षेत्रों व अन्य राज्यों से विभिन्न कंपनियों के 116 फोन बरामद हुए हैं। इस दौरान कोतवाली-19, मलवां-2, हुसैनगंज-6, खागा-16, खखरेरू-4, किशनपुर-5, धाता-3, बिंदकी-7, बकेवर-3, जहानाबाद-3, कल्याणपुर-1, औंग-1, जाफ्रगंज-3, चांदपुर-2, गाजीपुर-10, ललौली-3, थरियांव-7, हथगाम-7, असोथर-5, राधानगर-9 मोबाइल बरामद हुए।

# सपा ने कन्नौज में राहुल को सौंपी अहम जिम्मेदारी, बने प्रभारी

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने कानपुर निवासी एवं सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल वर्मा को कन्नौज जनपद का प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी पत्र के मुताबिक, आगामी 'छात्र, नौजवान एवं पीडीए जागरूकता अभियान' के तहत राहुल वर्मा को कन्नौज में संगठनात्मक गतिविधियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का दायित्व दिया गया है। राहुल वर्मा को कन्नौज का



प्रभारी बनाए जाने को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से अहम कदम माना जा रहा है। प्रदेश स्तर के पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपकर सपा कन्नौज में संगठन को और मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की कवायद में जुटी है।

## असोथर मंडल अध्यक्ष बने राघवेन्द्र सिंह, कार्यकर्ताओं में खुशी

**असोथर, फतेहपुर।** भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर बदलाव करते हुए असोथर मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राघवेन्द्र सिंह को सौंपी है। उनके मंडल अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी मिलते ही स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने राघवेन्द्र सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ राघवेन्द्र सिंह संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने के साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों को गति देने का काम करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं को एकजुट कर भाजपा की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि असोथर मंडल में भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियां लगातार सक्रिय रही हैं। मंडल की बैठकों में आगामी कार्यक्रमों, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जाता रहा है।

## पेड़ की डाल टूटने से बालक घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम हरईपुर में गुरुवार को पेड़ पर चढ़ा 14 वर्षीय बच्चा पेड़ की डाल टूटने से नीचे जमीन पर आ गिरा और मोटी डाल उसके पेट पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए यहाँ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्र के ग्राम हरईपुर निवासी अनिल का पुत्र आयुष 14 वर्ष बच्चों के साथ पेड़ पर चढ़कर खेल रहा था। तभी पेड़ की एक मोटी डाल टूटने से आयुष जमीन पर नीचे आ गिरा और उसके ऊपर पेड़ की डाल गिरने से बच्चा दब गया। उसकी चीख सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़ कर मौके पर पहुँचे और बच्चे को नीचे से निकाल लिया। बच्चे की हालत गंभीर देख परिजन उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये स जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने बच्चे की हालत गंभीर देख कानपुर हैल्ट के लिए रेफ्र कर दिया।

# बस में अचानक तबियत बिगड़ने से वृद्ध की मौत

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।

गोरखपुर से दिल्ली में हार्ट का आपरेशन कराने दिल्ली में रह रही अपनी पुत्री के पास जाते समय क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 59 वर्षीय वृद्ध की की हालत बिगड़ने पर बस चालक ने बांगरमऊ कट के पास गाड़ी खड़ी कर 108 नम्बर डायल कर सूचना दी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस उन्हें इलाज के लिए रात लगभग एक बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई । जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया । पुलिस द्वारा परिजनों को घटना की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुत्री के द्वारा तहरीर दी गई जिसमें कहा गया कि वह कोई कार्यवाही नही चाहती है । पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। उत्तर प्रदेश के



जनपद गोरखपुर अंतर्गत थाना खोराबाद क्षेत्र के कैथोलिया निवासी मोहम्मद रहीश 59 वर्ष पुत्र मोहम्मद अमीर हार्ट पेसेंट थे। उनकी लड़की सीमा दिल्ली के बदरपुर में रहती है। जहां सीमा अपने पिता का इलाज कराती है ।मोहम्मद रहीस दवा लेकर गोरखपुर आ गए थे। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें आपरेशन के लिए बताया था जिसके कारण वह बुधवार को गोरखपुर से दिल्ली जाने वाली स्लीपर बस से दिल्ली के लिए निकले थे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से दिल्ली जा रही स्लीपर बस में अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। तब बस चालक व परिचालक ने रात लगभग साढ़े बारह बजे बांगरमऊ हरदोई रोड आगरा लखनऊ एक्सप्रेस कट पर गाड़ी खड़ी कर 108 नम्बर डायल कर सूचना दी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस रात लगभग एक बजे उन्हें इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई स जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके पास से मिले कागज से मोबाइल नम्बर के आधार पर घटना की सूचना दिल्ली बदरपुर निवासी उनकी पुत्री सीमा को दी। मौत की सूचना मिलते ही पुत्री सीमा समेत कुछ परिचितों के साथ लगभग 11 बजे बांगरमऊ सीएचसी पहुंच गए। जहां वह अपने पिता का शव देख रोने बिलखने लगी। सीमा की तहरीर पर मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# नन्हे-मुन्नों ने राधा-कृष्ण का रूप धर मनायी जन्माष्टमी



समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।

प्राथमिक विद्यालय टांड़खेड़ा में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही विद्यालय में जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा का मनमोहक रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।

नन्हे कृष्ण बने बच्चों के हाथों में बांसुरी और सिर पर मोरपंख सजे नजर आए, वहीं राधा के रूप में सजी छात्राओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों की मुस्कान, उत्साह और कृष्ण भक्ति से पूरा विद्यालय परिसर जीवंत हो उठा। कहीं कृष्ण के बाल रूप की झलक दिखाई दी तो कहीं बच्चे भजन और गीतों पर झूमते नजर आए। विद्यालय परिसर में 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, प्रेम, मित्रता, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों से भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव और उमंग का माहौल बना रहा।

# महिला की हत्या का खुलासा, तीसरा गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

थाना छावनी क्षेत्र के सत्ती चौरा में महिला की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए तीसरे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, 30 अगस्त 2026 को मृतका के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना छावनी में मुकदमा अपराध संख्या 58/2026 के तहत धारा 103(1), 351(2), 3(5) बीएनएस में विनोद, संतोष, अंशु सहित दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राय द्वारा की जा रही



थी। पुलिस ने 1 सितंबर को नामजद आरोपी विनोद और संतोष को गिरफ्तार किया था।

इसके बाद 2 सितंबर की रात करीब 10:30 बजे तीसरे नामजद आरोपी अंशु निषाद उर्फ डी.जे., पुत्र मोहिलाल, निवासी ग्राम कल्लूपुरवा कटरी पीपरखेड़ा, थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव, उम्र करीब 20 वर्ष, को झाड़ी बाबा ओवरब्रिज से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजे जाने की कार्रवाई की है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# कुरना टिमरुख में मृतक के परिजनों से मिलीं अर्चना अर्कवंशी

समृद्धि न्यूज, हरदोई।

संडील के ग्राम कुरना टिमरुख में दीवार गिरने से 60 वर्षीय रामविलास पुत्र सरजू की दर्दनाक मौत हो गई थी। गुरुवार को संडीला विधानसभा की सपा नेत्री अर्चना अर्कवंशी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें ढांढस बंधाया। अर्चना अर्कवंशी ने दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि अपनों को खोने का दर्द बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार



को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

बताया गया कि रामविलास की दीवार के मलबे में दबकर मौत हो गई थी। हादसे के बाद से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अर्चना अर्कवंशी के पहुंचने पर उन्होंने परिवार के सदस्यों से घटना की जानकारी भी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## 154वें श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियों पर हुई बैठक

**उन्नाव।** श्रीरामलीला कमेटी (रजि.) उन्नाव द्वारा आगामी 17 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 154वें श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज दिनांक 3 सितंबर 2026 को पार्क व्यू पैलेस, उन्नाव में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी श्रीरामलीला महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों एवं उनकी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस वर्ष महोत्सव के अंतर्गत 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक श्रीरामलीला मंचन, 25 अक्टूबर को भव्य रावण दहन, 26 अक्टूबर को भरत मिलाप तथा 27 अक्टूबर को डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्रीरामलीला महोत्सव का मुख्य आकर्षण विश्वविख्यात कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला मंचन एवं डांडिया कार्यक्रम रहेगा। आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए कमेटी द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।

**चौधरी चौहारी मौर्य स्मारक शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान**

**D.El.ED कोर्स (एक युनिट) हेतु आवश्यता है**

1. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष 2. प्रवक्ता आधारिक 3. प्रवक्ता प्रविधि (दो पद) 4. प्रवक्ता कला 5. प्रवक्ता स्वास्थ्य कला 6. पुस्तकालयाध्यक्ष

शैक्षिक योग्यता, वेतनमान, आरक्षण (SC/ST/OBC) एवं अन्य शर्तें राज्य सरकार एवं NCTE के नियमानुसार) इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति तथा दो नवीनतम फोटो के साथ दिनांक 12.09.2026 को महाविद्यालय में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।

**सचिव/प्रबंधक**

पताः-चरूहार, जियायक (महामाया नगर), दीनशाह गौरा, डलमऊ, रायबरेली
पिन कोडः 229404 मो0नं0 9651467072, 8765745190

## खबरें एक नजर में

### चोरी की दो भैंस, एक पड़िया सहित पीकप बरामद

**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना कोतवाली पुलिस ने मुकामी थाना क्षेत्र से चोरी हुए 02 भैंस, एक पड़िया व घटना में प्रयुक्त एक पिकप वाहन के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 02 सितम्बर को पडरौना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से चोरी हुए 02 भैंस, एक पड़िया व घटना में प्रयुक्त एक पिकप वाहन के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मु0अ0सं0 489/2026 धारा 303(2)/317(2)/317(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तो में सागर व्याहूत पुत्र रामसेवक गुप्ता निवासी माधोपुर बुजुर्ग थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर, सूरज कुमार भारती पुत्र कन्हैया निवासी माधोपुर बुजुर्ग थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर शामिल है। गिरफ्तारी, बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, उ0नि0 अमित कुमार सिंह चौकी इन्चार्ज सुभाष चौक, का0 राकेश सिंह, का0 रईश अहमद, का0 विमलेन्दु सिंह शामिल रहे।

### तीन बच्चों को उनके माता-पिता को किया सुपुर्द

**कुशीनगर।** अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, जिला प्रोवेशन अधिकारी ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा नगर पंचायत दुदही वार्ड नं.-10 से तीन बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। बच्चों के माता-पिता के संबंध में तत्काल कोई जानकारी उपलब्ध न होने के कारण उनके हितो को देखते हुए तीनों बच्चों को जनपद में संचालित राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई कुशीनगर में आवासित कराया गया तथा उनके जैविक माता-पिता की खोज के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई को निर्देशित किया गया। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने बताया कि निर्देश के अनुपालन में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्मिकों द्वारा बच्चों के जैविक पिता मोनू कुमार कुशवाहा का पता/स्थान चिन्हित किया गया। इसके उपरान्त आज 03 सितंबर को उनके पिता को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने तथा सत्यापन के उपरान्त तीनों बच्चों को उनके पिता मोनू कुमार कुशवाहा की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

### 01 से 15 सितम्बर तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा

**गाजीपुर।** भारत सरकार एवं राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस संबंध में समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विकासखंड एवं विद्यालय स्तर पर आवश्यक निर्देश जारी करते हुए स्वच्छता पखवाड़े का सफल संचालन सुनिश्चित कराएं। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालयों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा विद्यार्थियों की सहभागिता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विद्यालय स्तर पर तिथिवार आयोजित गतिविधियों के फोटोग्राफ एवं वीडियो प्रतिदिन निर्धारित ई-मेल पर अपलोड किए जाएंगे। अपलोड की जाने वाली प्रत्येक फोटो एवं वीडियो में संबंधित विद्यालय का नाम स्पष्ट रूप से परिलक्षित होना अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त विशेष अभियान-6 का आयोजन 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। भारत सरकार के 27 अगस्त 2026 के निर्देशों के क्रम में विशेष अभियान-6 के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग में बढ़ा बाघों व तेंदुओं का कुनबा

**समृद्धि न्यूज़, हरिनारायण पटेल, महराजगंज।**

जनपद मे स्थित सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग से प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बेहद सुखद खबर सामने आई है। प्रभावी गश्त, बेहतर प्रबंधन और शिकार पर कसी गई नकेल के कारण इस प्रभाग में वन्यजीवों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालिया वन्यजीव गणना के उत्साहजनक आंकड़ों के बाद वन विभाग सोहगीबरवा को प्रदेश के प्रमुख ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित कर रहा है।? पीपीपी मॉडल पर वन विभाग द्वारा पर्यटन मंत्रालय के गाइडेंस में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना बनाया जाना जारी है।आगामी दिनों में कार्य योजना के अनुसार विकास कार्य पूर्ण हुए तो सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग इको टूरिज्म के लिए एक बेहतर संरचना के रूप में दिखेगा।



बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व और नेपाल के चितवन नेशनल पार्क से सटे होने के कारण सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग में बाघ, तेंदुए, पैंथर, चीतल, सांभर आदि का आवाजाही बढा है। वही प्रभाग में रहने वाले शाही, लकड़बग्घा, सिवियेट, मोनिटर लिजर्ड, गंगेय डॉल्फिन, सारस व गैंडा, घडियाल और दुर्लभ पक्षियों को बास एवं बेत के घने जंगलों एवं बड़ी-बड़ी घासो के बीच रहने की संरचना जीव जंतुओं के लिए अनुकूलता प्रदान करती है। और प्रभाग के सौंदर्य को बढ़ती है।वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए नए वॉच टावर, जंगल सफारी रूट और गंडक नदी के पास नेचर ट्रेल विकसित किए जा रहे हैं। प्रभागीय बनाधिकारी सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग निरंजन राजेंद्र सुर्वे के अनुसार कुसमहवा गेस्ट हाउस से सिगरैना ताल को जाने वाले मार्ग सहित अन्य मार्गो पर पुल निर्माण एवं अन्य मूलभूत ढांचे को तैयार कराने के लिए अलग-अलग विभागों से संपर्क कर कार्य योजना बनाई गई है। और जिलाधिकारी के माध्यम से पर्यटन मंत्रालय /शासन को प्रेषित किया गया है।

**ईको-टूरिज्म को मिलेगी नई उड़ान**

जिसके आगामी दिनों में पूर्ण होने की संभावना है। ताकि पर्यटक सभी प्रमुख स्थलों पर जा सके और सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग के विविधता को देख सकें। इससे पर्यटको की आवाजाही बढ़ेगी और गाइड, जिप्सी चालकों और होमस्टे के जरिए स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए मार्ग विकसित होंगे। वन विभाग ने पर्यटकों और शोधकर्ताओं से अपील की है कि वे सोहगीबरवा की समृद्ध जैव विविधता का अनुभव करने के लिए जब भी जाएं प्रकृति के नियमों का पालन करते हुए यात्रा की योजना बनाएं। ताकि वन्य संरचना एवं वन्यजीवों को छति ना पहुंचने पाए।

# डीएम ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण, दिये निर्देश

**समृद्धि न्यूज,गाजीपुर ।**

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, गाजीपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास, प्रयोगशालाओं एवं भोजनालय का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा 12 में अध्यापक द्वारा पढ़ाए जा रहे गणित के प्रश्न को उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा ब्लैक बोर्ड पर हल कराकर विद्यार्थियों की समझ एवं विषय के प्रति उनकी पकड़ को परखा। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि आप सभी को आगे की पढ़ाई करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तथा ऐसा कार्य करना है जिससे अपने परिवार के साथ-साथ देश और जनपद का भी नाम गौरवान्वित हो। जिलाधिकारी ने विद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं एवं सुझावों को जानने के लिए शिकायत एवं सुझाव बॉक्स लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी अपनी समस्याओं को आसानी से विद्यालय प्रशासन तक पहुंचा सकें। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को संत रविदास जी के जीवन एवं उनके विचारों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को उनके जीवन और कृतित्व के बारे में अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया और प्रयोगशाला में उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए स्थापित एटीएल प्रयोगशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### जन्माष्टमी की तैयारियां पूरी, मंदिरों की हुई भव्य सजावट

**भांवरकोल/गाजीपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर क्षेत्र में तैयारियां पूरी हो गई हैं। पर्व के मद्देनजर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों की आकर्षक ढंग से सजावट की जा रही है। मंदिर रंग-बिरंगी झालरों, फूल-मालाओं और विद्युत झालरों से जगमगा रहे हैं। वहीं घर-घर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारी चल रही है। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं और भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जन्माष्टमी के चलते गुरुवार को बाजारों में भी काफी चहल-पहल रही। पूजा सामग्री, फल, मिठाई, माखन-मिश्री, वस्त्र तथा भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इससे बाजार गुलजार रहा। स्थानीय थाना परिसर स्थित मंदिर के पुजारी ने बताया कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इसी धार्मिक परंपरा के अनुसार शुक्रवार की मध्यरात्रि भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्र ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर थाना परिसर स्थित मंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। रात करीब 11 बजे भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक शुरू होगा। मध्यरात्रि 12 बजे पारंपरिक विधि-विधान से खीरा से भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कराया जाएगा।

जन्माष्टमी व शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
समीर कुमार गुप्ता
डॉ० रमन प्रकाश प्राचार्य
भारतीय महाविद्यालय , फर्रुखाबाद

जन्माष्टमी व शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
गजेन्द्र सिंह चौहान
जिला संगठन कमिश्नर स्काउट
सहायक अध्यापक के०आर० रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद

मीना मंच व स्काउट गाइड की ओर से
जन्माष्टमी व शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राज्य स्तरीय सुगमकर्ता
भारती मिश्रा
राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका
मीना मंच

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
किरन शाक्य
विमलेश शाक्य

गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः
छिबरामऊ क्षेत्रवासियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सेन्ट जेवियर्स कॉन्वेन्ट स्कूल
इंग्लिश मीडियम स्कूल
प्लेग्रुप से कक्षा - 10 तक
9453214562
8423497162
नगला दिलू रोड, छिबरामऊ - कन्नौज
CBSE बोर्ड, नई दिल्ली A Co-Education Institution

शिक्षक दिवस
की दिली मुबारकबाद
कुमैल इदरीस
प्रधानाचार्य
मदरसा गुलशने रज़ा
बिरतिया, छिबरामऊ (कन्नौज)
9936673548

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनन्द द्विवेदी
खण्ड शिक्षा अधिकारी
राजेश पाठक
प्रधानाध्यापक
कम्पोजिट विद्यालय (नगर क्षेत्र)
विकास खण्ड छिबरामऊ,जनपद - कन्नौज

शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनूप मिश्रा (अध्यक्ष)
ओमकार यादव (मंत्री)
प्राथमिक शिक्षक संघ, छिबरामऊ (कन्नौज)

शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आर. के. डी. पब्लिक स्कूल
सिकन्दरपुर, छिबरामऊ
PG,LKG,UKG
( Age. 2-6 Year)
गौरव द्विवेदी
प्रबन्धक
जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी

WISHING YOU ALL A
शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
J.S.SENIOR SECONDARY SCHOOL
(Aff. to CBSE, Aff. No.-2133729)
SUPRABHASH ACADEMY
(Awas Vikas Colony, Chhibramau )
JSITM
GT Road Chhibramau
M.9936166654
Smt. VIBHA SAXENA CHAIR PERSON
Director Atmaram Sharma
HIMANSHU SAXENA (MANAGER)
Founder-
Late Er.SUPRABHASH CHANDRA SAXENA
Dr. JIWAN SHUKLA ,KANNAUJ

KIDZEE
ADMISSION OPEN
KIDZEE
SHRI R.S. LAL DEVKI GLOBAL SCHOOL
East Bypass Near Nirankari Satsang Bhawan G.T. Road,Chhibramau
M:9794541321, 9794541381
kidzee chhibramau
WWW.kidzee.Com

शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाफिज़ एहतिशाम
प्रबन्धक
ग्लोबल एजुकेशन
जे.बी.जी. नेशनल हा० से० स्कूल
नगला दिलू रोड, छिबरामऊ (कन्नौज)

ग्रामीण क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय
रामरूप आचार्य
प्रबन्धक
जितेन्द्र शर्मा
प्रधानाचार्य
वीणा वादिनी शिशु ज्ञान मंदिर
ग्राम महमूदपुर खास , छिबरामऊ मो. 9198696090

शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
St.Mariya Public School
....ESTERN BY PASS CHHIBRAMAU- KANNAUJ
IT DOES NOT MATTER WHO WAS THE LEADER IT ONLY COUNTS WHO IS GOING TO RULE
BASED ON C.B.S.E. PATTERN
Our Facalities...
Huge Computer Lab
Decorated K.G. Classes with play way Method KIT
Vikash Awasthi
Director
Mo.9452426947

आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
SRD ई-रिक्शा कम्पनी
की तरफ से मात्र 35000/- रु में रोजगार पायें।
25000/- रु की भारी छूट के साथ कीमत
95,000/- मात्र
ऑफर सीमित समय तक लोन सेवा उपलब्ध है।
सबसे अच्छा, सबसे भरोसेमंद सबसे मजबूत
नीरज दुबे
9838621426
शोरूम - (1) SRD ई-रिक्शा, पूर्वी बाईपास, छिबरामऊ
(2) SRD ई-रिक्शा, तिर्वा रोड,ममता हॉस्पिटल के पास, कन्नौज

शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई
जनपद का पहला सी.बी.एस.ई. विद्यालय
SUBHASH ACADEMY
Farrukhabad Road, Chhibramau
A Senior Secondary Co-educational School
Affiliated to CBSE New Delhi
RAJESH SAXENA DIRECTOR
Kartikey SAXENA C.E.O.

CITY CHILDREN'S ACADEMY
Chhibramau (Kannauj)
Facility of Water Cooler
Well Furnished Computer Lab
Audio Visual (Multimedia) Classrooms Powered by Mexus
Air Conditioned Activity Room
ADMISSION OPEN
Our Branches
Khubariyapur Road
Talgram Road
CEO Vishvas Pradhan
Administrator Sudha Pradhan
Chairman Pradeep Pradhan